य एषु सुप्तेषु जागर्ति
वर्ष : 20 | अंक : 172 | पृष्ठ 12 | ₹5.00
patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika
नई दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

नई दिल्ली, शनिवार, 11 जनवरी, 2025 | पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी, संवत् 2081



इंग्लैंड के खिलाफ फॉर्म तलाशने की कोशिश करेंगे रोहित, राहुल होंगे बाहर
@स्पोर्ट्स&गेमिंग



काम के 90 घंटे! उत्पादकता के साथ सेहत का भी बंटाधार
@इंडिया&वर्ल्ड



फॉरेंसिक और साइबर सिक्योरिटी में कॅरियर
@मी-नेक्स्ट

ऑनलाइन गेमिंग

## 1.12 लाख करोड़ के जीएसटी नोटिस पर फिलहाल रोक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 1.12 लाख करोड़ रुपए के जीएसटी के शो-कॉज नोटिस पर फिलहाल रोक लगा दी है। कोर्ट ने आदेश में कहा कि नोटिस से जुड़े सभी मामले अंतिम फैसले तक स्थगित रहेंगे।

कोर्ट ने कंपनियों से जुड़े मामलों को एक साथ जोड़ने का निर्देश दिया है। इन मामलों की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। यह फैसला ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि कर अधिकारियों और कंपनियों के बीच जीएसटी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।

## न्यूज विंडो


### छोटा राजन बीमार, एम्स में किया भर्ती



**नई दिल्ली @ पत्रिका.** तिहाड़ जेल में तबीयत बिगड़ने पर अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है। जिस वार्ड में उसे भर्ती किया गया, वहां दिल्ली पुलिस ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। छोटा राजन होटल कारोबारी जया शेट्टी और पत्रकार जे. डे की हत्या के अलग-अलग मामलों में उम्रकैद की सजा काट रहा है।

### फरार अलकायदा आतंकी गिरफ्तार

**रांची@ पत्रिका.** दिल्ली पुलिस और झारखंड एटीएस ने रांची से अलकायदा के फरार आतंकी शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने पिछले साल आतंकी साजिश रचने के आरोप में झारखंड, दिल्ली और राजस्थान में अलकायदा के कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार किया था।



'शरीर ही ब्रह्माण्ड' में आज
**पत्नी ही प्रकृति है: बाहर-भीतर**
पढ़ें @पत्रिकायन

## झरोखा




खतरे में सुरक्षा: डिटेक्टिव एजेंसियों और हैकरों में 'जुगलबंदी' का नया खेल

# नेता-कारोबारी ही नहीं, अपराधी को भी लाखों में बेच रहे निजी जानकारी

पत्रिका रक्षा कवच — अपराधों के विरुद्ध — पत्रिका अभियान

### फर्जी पुलिस अफसर बन खरीदा सीडीआर एनालिसिस सॉफ्टवेयर



देशभर में 30 डिटेक्टिव एजेंसियों के नाम सामने आने पर भी पुलिस चुप

रसूख देखकर तय होती है सीडीआर निकालने की रेट

देवेन्द्र शर्मा 'शास्त्री'
patrika.com

**जयपुर.** सूचना-प्रौद्योगिकी युग में प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसियों और साइबर अपराधियों की जुगलबंदी काले कारनामों में नया गुल खिला रही हैं। साइबर अपराधी हैकिंग से टारगेटेड व्यक्ति की निजी जानकारी हासिल करते हैं और निजी डिटेक्टिव एजेंसियां अपने ग्राहकों को उसे पांच लाख में बेच देती हैं। सूत्रों ने बताया कि इस जुगलबंदी का इस्तेमाल राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र सहित देश के कई राज्यों के नेता, कारोबारी अपने विरोधियों और उनके परिवार की गतिविधियों की जानकारी जुटाने के लिए कर रहे हैं। यहां तक कि अपराधी भी इस जोड़ी का सहारा लेकर अपराध से पहले साइबर रेकी कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि शातिर साइबर हैकर पुलिस की क्राइम ब्रांच की मुख्य मेल आइडी हैक कर विभिन्न विभागों से जानकारी जुटा लेते हैं। इस खेल में देशभर की 30 डिटेक्टिव एजेंसियों के नाम सामने आए हैं, लेकिन पुलिस चुप है। नौ माह पहले इस मामले का खुलासा होने के बाद भी आज तक एक भी एजेंसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

शेष@पेज 07

### सिंगापुर का आइपी एड्रेस, दरभंगा में खाता

**कमिश्नर** आइटी डीओआइटी विभाग की आइटी सेल ने आइपी लॉग्स की जांच की तो वीपीएन में हैकर का आइपी एड्रेस सिंगापुर का मिला। हैकर ने राजेश राठी नाम का पुलिस अधिकारी बन एनालिसिस सॉफ्टवेयर की खरीद के लिए कंपनी के प्रतिनिधि को मेल किया। इसके लिए 30 हजार का भुगतान किया गया। बैंक खाता दरभंगा के संजय कुमार झा का मिला।

### फिसिंग लिंक भेजकर मेल किया हैक

**आरोपी** सौरभ साहू ने सीआइडी सीबी की मेल को फिसिंग लिंक भेजकर हैक किया। जानकारों का कहना है कि मेल पर लिंक भेज दिया। लिंक को क्लिक करते ही आरोपी के पास पुलिस की मेल आइडी के पासवर्ड पहुंच गए। सीआइडी सीबी की ई-मेल आइडी पर भेजा गया फिसिंग लिंक पुलिस को मिल गया है। साथ ही डीओआइटी से पुलिस ने इस संबंध में रेकॉर्ड प्राप्त किया है।

### लैपटॉप-मोबाइलों से निकल रहे राज

**पुलिस** ने आरोपी सौरभ साहू से 5 सीपीयू, एक लैपटॉप, 2 मोबाइल जब्त किए हैं। इनमें से दो सिस्टम में सीडीआर एनालिसिस सॉफ्टवेयर इंस्टाल पाया गया है। पुलिस को इसमें कुछ मेल तो मिल गए हैं, लेकिन गिरोह ने कितने लोगों की सीडीआर निकलवाई, बैंक व जीएसटी डिटेल निकाली। इसकी जानकारी एफएसएल जांच के बाद ही होगी। एफएसएल रिपोर्ट पुलिस को अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

जांच जारी है...

### गृह मंत्रालय ने मांगी जानकारी

राजस्थान पुलिस की क्राइम ब्रांच की मेल को हैक करने के मामले में गृह मंत्रालय गंभीर हो गया है। मंत्रालय ने सीडीआर निकलवाने वाली एजेंसियों के बारे में जानकारी मांगी है। वहीं, पुलिस को मामले में एक आधी-अधूरी एफएसएल रिपोर्ट भी मिल गई है। दूसरी रिपोर्ट आने के बाद जांच आगे बढ़ सकेगी।

### एफएसएल का इंतजार

पूरी एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि कितने लोगों की सीडीआर व अन्य गोपनीय जानकारियां पुलिस की मेल हैक करके निकाली गई हैं। राजस्थान के अलावा दूसरे किसी राज्य की पुलिस की मेल हैक की गई या नहीं, इसका पता भी जांच रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा।
- **दिनेश एम.एन,** एडीजीपी, क्राइम

वेब-फाइट: आज दोपहर तक सिस्टम सुधरने के आसार

# अंतिम तारीख से पहले जीएसटी पोर्टल क्रैश, तिथि दो दिन बढ़ाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली/जयपुर/भोपाल.** जीएसटी के लिए मासिक और त्रैमासिक रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख से एक दिन पहले जीएसटी पोर्टल शुक्रवार को क्रैश हो गया। पोर्टल 24 घंटे ठप रहा, जिससे हजारों करदाता रिटर्न फाइल नहीं कर पाए। इसे देखते हुए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीआइसी) ने टैक्स फाइल करने की अंतिम तिथि दो दिन बढ़ा दी है। मासिक जीएसटीआर-1 फाइल करने की अंतिम तिथि 11 जनवरी से बढ़ाकर 13 जनवरी कर दी। त्रैमासिक जीएसटीआर-1 रिटर्न 15 जनवरी व मासिक जीएसटीआर-3बी रिटर्न 22 जनवरी तक दाखिल हो सकेंगे।

शेष@पेज 07




### अपडेट में दिक्कत

**जीएसटी** रिटर्न दाखिल करने की कोशिश कर रहे सीए व व्यापारियों ने बताया कि वे घंटों से फॉर्म भरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन फाइल अपडेट नहीं हो पा रही है। इससे आखिरी दिन रिटर्न दाखिल करने की योजना बना रहे व्यापारियों के सामने परेशानी खड़ी हो गई थी। डेट बढ़ने से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

### भड़का गुस्सा, कहा... हमारे पास बहुत धैर्य

**जीएसटी** पोर्टल क्रैश होते ही लोग भड़क गए। एक्स पर एक यूजर ने लिखा, 'हमारे पास बहुत धैर्य है। चिंता मत करो। हमने पोर्टल के पहले दिन से ही इस तरह की कई गड़बड़ियां देखी हैं और जुर्माना भी भरा है। अगर किसी का धैर्य खत्म भी हो जाए तो सुनने वाला कोई नहीं है। एक और यूजर ने पूछा, लेट फीस का क्या होगा, क्या जीएसटी पंजीकृत करदाता को उनके कैश लेजर में 200 रुपए लेट फीस मिलेगी, क्योंकि देरी आपकी तरफ से है?

अहमदाबाद

## स्कूल में आठ साल की बच्ची की हार्ट अटैक से गई जान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** अहमदाबाद के एक निजी स्कूल में शुक्रवार को आठ साल की बच्ची की हार्ट अटैक से मौत हो गई। कक्षा तीन में पढ़ने वाली गार्गी राणपरा सुबह 8 बजे स्कूल पहुंची थी। अचानक सीने में दर्द के कारण वह लॉबी की बेंच से जमीन पर गिर पड़ी। प्रिंसिपल ने बताया कि स्कूल स्टाफ बच्ची को अस्पताल ले जाया गया। तब तक उसी सांसें थम चुकी थीं।

राहत: प्रयास घटाने के फैसले में दखल नहीं

## जेईई एडवांस्ड में भाग ले सकेंगे बीच में पाठ्यक्रम छोड़ने वाले

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई एडवांस्ड) के प्रयासों की संख्या तीन से घटाकर दो करने के फैसले में हस्तक्षेप करने से शुक्रवार को इनकार किया, लेकिन कहा कि 5 नवंबर से 18 नवंबर, 2024 के बीच पाठ्यक्रम बीच में छोड़ने वाले विद्यार्थी परीक्षा में भाग ले सकेंगे।

संयुक्त प्रवेश बोर्ड (जेएबी) ने पिछले साल 5 नवंबर को घोषणा की थी कि जेईई एडवांस्ड के लिए तीन प्रयास दिए जाएंगे।

शेष@पेज 07

### कुछ भी गलत नहीं...

**याचिकाकर्ताओं** की मांग थी कि तीन प्रयास देने के पहले के फैसले को बहाल किया जाए। पीठ ने कहा, हम जेएबी के इस फैसले पर विचार नहीं करेंगे कि प्रयासों को सीमित रखा जाए। वैध कारणों से अगर वह इन्हें दो तक सीमित रखता है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

दर्दनाक: दूसरे किराएदार को घर दिया तो पता चला

## लिव इन पार्टनर को मार फ्रिज में रखा, 9 माह बाद खुलासा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**देवास (मध्य प्रदेश).** किराए के मकान में करीब 9 माह पहले लिव इन पार्टनर की हत्या कर शव फ्रिज में रख दिया। युवक ने हत्या के बाद मकान भी खाली कर दिया। वह फ्रिज सहित कुछ अन्य सामान बाद में ले जाने की बात कहकर मकान मालिक को गुमराह करता रहा। मकान मालिक ने शुक्रवार को मकान को दूसरे किराएदार को दे दिया। उसने बदबू आने के बाद फ्रिज खोला तो उसमें 9 महीने पुराना शव मिला। पुलिस ने आरोपी युवक संजय पाटीदार को गिरफ्तार कर लिया। उसका साथी पहले से राजस्थान की जेल में बंद है।

देवास के वृंदावन धाम कॉलोनी में इंदौर निवासी धीरेंद्र श्रीवास्तव का मकान है। इसमें दो किराएदार रहते थे। एक किराएदार ने मार्च, 2024 में मकान खाली कर दिया था, लेकिन दो रूम में कुछ सामान पड़ा रहा। दूसरे किरायेदार ने बदबू के बाद रूम का ताला तोड़ा तो फ्रिज से खून बह रहा था और बदबू आ रही थी। फ्रिज खोला तो उसमें से महिला का शव मिला। श्रीवास्तव ने बताया कि मौलाना (विक्रम नगर) जिला उज्जैन निवासी आरोपी संजय पाटीदार ने जुलाई-2023 में मकान किराए पर लिया और मार्च 2024 में खाली कर दिया। शेष@पेज 07



पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी संजय पाटीदार।

### कमरे का ताला तोड़ने पर खुला राज

**करीब** से छह माह पहले मकान के दूसरे हिस्से में रहने आए बलवीर सिंह दोनों कमरे भी किराए से लेना चाहते थे। बलवीर ने मकान मालिक से बात की। संजय के सामान नहीं ले जाने पर मकान मालिक की सहमति से बलवीर ने कमरे का ताला तोड़ा तो मामले का खुलासा हुआ।

पहला पॉडकास्ट इंटरव्यू: बचपन के दोस्तों से लेकर राजनीति तक पर चर्चा

## आगे बढ़ने की कोशिश में रिश्ते छूट जाते हैं, अब कोई 'तू' से पुकारने वाला नहीं: मोदी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** किसी के बात करने के लहजे से पता चलता है कि निकटता कितनी ज्यादा है। एक-एक शब्द बताता है कि दोस्ती कितनी साल पुरानी है। हालांकि जिंदगी में आगे बढ़ने की कोशिश में कई दफा रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। यह एहसास तब होता है, जब बात करने के अंदाज में बदलाव महसूस होता है।

शेष@पेज 07



### राजनेता को समर्पित, प्रतिबद्ध होना चाहिए

**राजनेता** बनना और सफल राजनेता बनना, दो चीजें हैं। मेरा मानना है कि आपको समर्पित, प्रतिबद्ध होना चाहिए, अच्छे और बुरे समय में जनता के साथ रहना चाहिए, टीम के खिलाड़ी की तरह काम करना चाहिए। आप खुद को सबसे ऊपर मानते हैं, सोचते हैं कि हर कोई आपका अनुसरण करेगा तो हो सकता है कि आप चुनाव जीत जाएं, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि आप एक सफल राजनेता होंगे।

## 28वां सीएसपीओसी: राष्ट्रमंडल की मेजबानी करेगा भारत





**ग्वेर्नसे.** भारत 28 वें राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन (सीएसपीओसी) की मेजबानी करेगा। इसका एजेंडा तैयार करने के लिए शुक्रवार को ग्वेर्नसे में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक हुई। बिरला ने पीठासीन अधिकारियों को नई दिल्ली सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। बैठक के दौरान बिरला व अन्य पीठसीन अधिकारी।

पढ़ें @पेज 02

अमरीका: दोषी मानने के बावजूद बिना शर्त रिहा

## डॉनल्ड ट्रंप बनेंगे आपराधिक रेकॉर्ड वाले पहले राष्ट्रपति

*हश मनी मामले में न्यूयॉर्क की अदालत में वीडियो के माध्यम से अपने वकील से साथ पेश हुए डॉनल्ड ट्रंप।*



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क.** अमरीका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने से 10 दिन पहले बड़ी राहत देते हुए स्थानीय अदालत ने दोषी ठहराने के बावजूद बिना शर्त बरी कर दिया। अदालत ने अपराध छिपाने के लिए मुंह बंद रखने के बदले धन देने के मामले (हश मनी केस) में शुक्रवार को यह फैसला सुनाया।

न्यूयॉर्क कोर्ट के जज जुआन एम मर्चेन ने वीडियो लिंक के जरिए उपस्थित ट्रंप से कहा, 'उन्होंने यह बताने में बहुत मेहनत की कि उनके साथ कोर्ट में सामान्य आरोपी की तरह व्यवहार किया गया।' शेष@पेज 07

### 34 आरोप के बावजूद चुनाव जीते

**पूर्व** और भावी राष्ट्रपति पर 34 संगीन अपराधों का आरोप लगाया गया था। ये मुकदमे लगभग दो महीने तक चले और हर मामले में जूरी ने उन्हें दोषी ठहराया। इसके बावजूद, उनकी राजनीतिक लोकप्रियता को नुकसान नहीं पहुंचा और उन्होंने दोबारा चुनाव जीत लिया।

ट्रेंडिंग न्यूज

अहमदाबाद

### धोखाधड़ी मामले में पत्रकार को बेल

**अहमदाबाद@ पत्रिका.** गुजरात हाईकोर्ट ने जीएसटी धोखाधड़ी मामले में पत्रकार महेश लांगा को जमानत दे दी। उन्हें 10 हजार रुपए के बॉन्ड और इतनी ही जमानत राशि जमा करनी होगी। इनपुट टैक्स क्रेडिट में धोखाधड़ी के आरोप में लांगा को 8 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।



सीबीआइ

### कार्ति चिदंबरम पर नई एफआइआर

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** पूर्व वित्तमंत्री पी. चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम के खिलाफ सीबीआइ ने भ्रष्टाचार के नए मामले में एफआइआर दर्ज की है। मामला एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड को संदिग्ध भुगतान से जुड़ा है, जिसे कार्ति व सहयोगी एस.भास्कर रमन मैनेज करते हैं।

चेन्नई

### तकनीकी गड़बड़ी पर इमरजेंसी लैंडिंग

**चेन्नई@ पत्रिका.** चेन्नई से सिंगापुर के लिए उड़ान भरने के बाद एयर इंडिया के विमान में तकनीकी गड़बड़ी का पता चलने पर इसकी वापस चेन्नई एयरपोर्ट पर लैंडिंग कराई गई। विमान में 170 यात्री सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। इन्हें सिंगापुर भेजने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई।

श्रद्धा अपार | देवास जिले के कल्याणमल ने की थी शुरुआत; बेटे ने की पूरी, पौत्र ने सहेजी

# ऐसी लागी लगन... मगन होकर राम शब्द से लिख दी रामायण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**देवास.** भारत रत्न लता मंगेशकर और पंडित भीमसेन जोशी के भजन 'राम का गुणगान करिए, मनुजता को कर विभूषित, मनुज को धनवान करिए' की तर्ज पर भगवान श्रीराम के नाम की लगन ऐसी लगी कि एक व्यक्ति ने राम शब्द से ही पूरी रामायण लिख दी। उनका परिवार अब इस रामायण को अयोध्या के श्रीराम मंदिर में स्थापित करने की तैयारी में है।

मध्य प्रदेश के देवास जिले के हाटपीपल्या निवासी डॉ. कल्याणमल पांडे (अब दिवंगत) ने हर शब्द में राम को बसाया। उनके पौत्र लव पांडे बताते हैं कि कल्याणमल ने 17 अगस्त, 1961 को पहली बार साधारण कॉपी में राम-राम लिखना शुरू किया था। फिर ए-4 साइज के पेज पर लिखना शुरू किया। राम शब्द से रामायण पूरी लिखने के बाद उनका 1982 में निधन हो गया। उनके पुत्र कुंदन पांडे ने बाकी दो कांड पूर्ण किए। कुंदन के 1997 में निधन के बाद रामायण को उनकी पत्नी मंजुला और पौत्र लव पांडेय ने सहेज रखा है।

*परिवार अब अयोध्या के मंदिर में स्थापित करने की तैयारी में*



### 13 हजार पृष्ठ के ग्रंथ का वजन 90 किलो

**डॉ.** कल्याणमल पांडे को रामायण लिखने में 22 साल लगे। उन्होंने गणेश, शिव, राम, दुर्गा, हनुमान की मनमोहक तस्वीरें भी बनाईं। 13 हजार पृष्ठ के ग्रंथ का वजन करीब 90 किलो है। इस रामायण की खास बात यह है कि राम शब्द के अलावा किसी अन्य शब्द का प्रयोग नहीं किया गया। उनके परिजन चाहते हैं कि रामायण को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड में शामिल किया जाए।

### इंदौर में 13 को भेंट की जाएगी

**डॉ. पांडे** के पौत्र लव पांडे ने बताया, श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को 13 जनवरी को इंदौर में रामायण की पोथी भेंट की जाएगी। हम रामायण को अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रखवाना चाहते हैं। संपत राय के निर्देशन में रामायण को अयोध्या ले जाकर श्रीराम मंदिर में स्थापित किया जाएगा।

समृद्धि का भी महाकुंभ: पूजा सामग्री-फूलों की बिक्री 2800 करोड़ रहने के आसार

# संगम पर चालीस करोड़ श्रद्धालुओं की डुबकी से ढाई लाख करोड़ तक राजस्व का अनुमान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**प्रयागराज.** महाकुंभ में शामिल होने के लिए देश-दुनिया से करीब 40 करोड़ लोगों के प्रयागराज पहुंचने की उम्मीद है। सरकार ने 45 दिन के आयोजन में बुनियादी सुविधाओं पर भारी निवेश किया है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) के मुताबिक महाकुंभ से सरकार का राजस्व दो से ढाई लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। इससे पहले 2013 के महाकुंभ से सरकार को 12,000 करोड़ रुपए का राजस्व मिला था।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक महाकुंभ में उपभोक्ता चीजों का कारोबार 17,310 करोड़ रुपए से अधिक का हो सकता है। सिर्फ पूजा सामग्री की बिक्री 2,000 करोड़ और फूलों की बिक्री 800 करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। शेष@पेज 07

### आने-जाने की सुविधा

महाकुंभ के दौरान 13,000 ट्रेनें (3,000 विशेष ट्रेनों समेत) चलाई जाएंगी। श्रद्धालुओं को 7,000 से अधिक बसें उपलब्ध होंगी। इनमें 200 वातानुकूलित बसें शामिल हैं। इसके अलावा नियमित उड़ानों के साथ 200 से अधिक चार्टर फ्लाइट उपलब्ध होंगी।

### केंद्र-राज्य से 4,600 करोड़ का आवंटन

**राज्य** सरकार ने बजट में महाकुंभ के लिए 2,500 करोड़ रुपए आवंटित किए थे, जबकि केंद्र ने 2,100 करोड़ का पैकेज दिया। राज्य व केंद्र सरकार अब तक 6,382 करोड़ रुपए अलॉट कर चुकी हैं। इनमें से 5,600 करोड़ इवेंट मैनेजमेंट व इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च किए।

भारत निर्वाचन आयोग ने तैयार किया नया मोबाइल ऐप: स्थान, समय और तस्वीर या वीडियो से देना होगा घटना का विवरण

# खासखबर: आचार संहिता उल्लंघन पर नजर रखेगी सी-विजिल



सत्येन्द्र पोरवाल
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। 5 फरवरी को चुनाव के लिए वोटिंग होगी तो वहीं 8 फरवरी को नतीजे आएंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावों में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर पैनी नजर रखने के लिए एक नया मोबाइल ऐप सी-विजिल तैयार किया है। आयोग की ओर से विकसित नया मोबाइल ऐप सी-विजिल नागरिकों को चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करने में सक्षम बनाता है।

**एंड्रॉइड-आईओएस डिवाइस पर हो सकेगा डाउनलोड:** ऐप एंड्रॉइड और आईओएस डिवाइस पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए उपयोगकर्ताओं को ऐप खोलकर उल्लंघन के प्रकार चयन करने होंगे। साथ ही स्थान, समय और तस्वीर या वीडियो सहित घटना का विवरण देना होगा। ऐप उपयोगकर्ताओं की शिकायतों की प्रगति को ट्रैक करने की यह ऐप अनुमति देता है।

### कैसे दर्ज करें शिकायत

पोर्टल का लिंक https://voters.eci.gov.in है। एनजीएसपी वेबसाइट पर क्रमानुसार आसानी से चाही गई नाम, पता और संपर्क जानकारी देकर शिकायत का विवरण प्रदान करें। सहायक दस्तावेज यदि कोई हो अपलोड करें। ''सबमिट'' बटन पर क्लिक करें। शिकायत सबमिट होने पर ई-मेल से पुष्टि होगी। फिर शिकायत की स्थिति ऑनलाइन ट्रैक कर सकते हैं।

### अंग्रेजी-हिंदी में ऑनलाइन ये शिकायतें हो सकती हैं दर्ज

- मतदाता पंजीकरण
- मतदान केंद्र स्थान
- इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें
- चुनाव खर्च

### सी-विजिल ऐप की विशेषताएं

- उपयोगकर्ताओं को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन की मिलेगी रिपोर्ट।
- चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नागरिकों को मिलेगा मंच।
- उल्लंघन स्थान को ट्रैक करने के लिए जीपीएस का उपयोग।
- केवल लाइव घटनाओं को कैप्चर करने की अनुमति।
- आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले की गुमनाम रिपोर्ट की सुविधा।

### शिकायत पर वेब-आधारित समाधान

राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल के चुनाव अधिकारियों द्वारा शिकायतों से निपटने के लिए एकल इंटरफेस पर शिकायत के लिए वेब-आधारित समाधान हैं। चुनाव संबंधी और गैर-चुनाव संबंधी शिकायतों को दूर करने में पोर्टल सहायक है। इसमें शिकायत दर्ज करना और तुरंत जांच करना आसान हो गया है। मोबाइल नंबर से पोर्टल में पंजीकरण व प्रोफाइल बनाई जा सकती हैं। पोर्टल में दर्ज शिकायतों का रिकॉर्ड रहेगा।

एक बार शिकायत दर्ज होने के बाद, संदर्भ आईडी पंजीकृत मोबाइल नंबर और मेल आईडी पर भेजी जाएगी। जांच चुनाव अधिकारी निर्दिष्ट समय में शिकायत का जवाब देंगे।

---

अगले 2 वर्षों में 50 नई अमृत भारत 2.0 ट्रेनें





**चेन्नई.** अमृत भारत ट्रेन के कोच के डिजाइन और वॉश बेसिन में किया गया बदलाव।



नई की इंटीग्रल को फैक्ट्री में वंदे भारत ट्रेन के विस्टाडोम कोच में जोड़ी इनिंग कार। इससे पर्यटक मनोरम दृश्य देखते हुए भोजन कर सकेंगे।

## अब आम आदमी भी ले सकेंगे लग्जरी रेल यात्रा का आनंद





पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली/चेन्नई.** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को आइसीएफ चेन्नई में कोचों का निरीक्षण करने के बाद घोषणा की कि अगले दो वर्षों में उन्नत यात्री सुविधाओं वाली लगभग 50 अमृत भारत संस्करण 2.0 ट्रेनें बनाई जाएंगी। इन कोचों की खासियत बताते हुए उन्होंने कहा कि लंबी दूरी की यात्रा करने वाले निम्न और निम्न-मध्यम आय वाले परिवारों को किफायती सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार इन कोचों में एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन की गई सीट, बर्थ, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, डाइनिंग कार और बेहतर लाइटिंग के साथ-साथ बेहतर मोबाइल फोन चार्जिंग की सुविधा भी प्रदान की गई है। उन्नत सुविधा वाली इस ट्रेन के किराए को रेलवे बोर्ड ने बाद में अंतिम रूप दिया जाएगा।

### पंबन ब्रिज की सुरक्षा को सीआरएस की हरी झंडी

इस दौरान रामेश्वरम के नव निर्मित पंबन पुल के बारे में रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की ओर से उठाई गई चिंताओं के बारे में उन्होंने कहा कि शुरू में सीआरएस ने जिन अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) के डिजाइन मानकों की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया था, वे आमतौर पर साधारण पुलों वाली परियोजनाओं पर लागू होते हैं। पम्बन ब्रिज एक ऐसी अनूठी संरचना है, जिसे अग्रणी अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के इनपुट के साथ एक अनूठी परियोजना के रूप में डिजाइन और निर्मित किया गया है। इस अंतर के बारे में बताने के बाद सीआरएस ने इसे अपनी मंजूरी दे दी है।

---

छलांग: अगले 6 माह की तैयारियों की समीक्षा बैठक

## गगनयान-1 सहित 4 बड़े मिशन लॉन्च करने की तैयारी में इसरो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए वर्ष 2025 की पहली छमाही व्यस्तताओं से भरी है। इस दौरान कई मिशन लॉन्च किए जाएंगे जिसके लिए इसरो तैयार है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में इन मिशनों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में अंतरिक्ष विभाग के सचिव व इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ, उनके उत्तराधिकारी डॉ.वी.नारायणन, इन-स्पेस के चेयरमैन पवन कुमार गोयनका सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इसरो ने कहा है कि प्रथम छमाही में लॉन्च किए जाने वाले प्रमुख मिशनों में से एक गगनयान-1 है। यह मानवरहित कक्षीय मिशन है जो मानव अंतरिक्ष उड़ान का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसका उद्देश्य चालक दल वाले क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष में भेजकर उसे पुनः वापस लाना है। यह मिशन एचएलवीएम-3 (मानव रेटेड एलवीएम3) से लॉन्च किया जाएगा।

**जीएसएलवी के दो मिशन:** इसके अलावा जीएसएलवी के दो मिशन लॉन्च किए जाएंगे। जीएसएलवी एफ-15 से नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-02 का प्रक्षेपण किया जाएगा जो 100 वां लॉन्च मिशन भी होगा। यह नेविगेशन प्रणाली नाविक को समृद्ध करेगा। इस उपग्रह में स्वदेशी परमाणु घड़ियों का प्रयोग किया गया है। यह मिशन इसी महीने लॉन्च करने की योजना है। अगला मिशन फरवरी में जीएसएलवी एफ-16 है। इससे नासा और इसरो के संयुक्त सिंथेटिक अपर्चर राडार (निसार) उपग्रह लॉन्च किया जाएगा। यह उपग्रह कृषि, प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु निगरानी पर महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करेगा।

**एलवीएम-3 एम-5 पूर्ण वाणिज्यिक मिशन:** मार्च महीने में एलवीएम-3 एम-5 की वाणिज्यिक उड़ान होगी। इस मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष कंपनी एन-सिल ने अमरीकी कंपनी एएसटी स्पेस मोबाइल के साथ करार किया है। करार के तहत इसरो ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 के उपग्रहों को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करेगा।

---

लोक सभा अध्यक्ष ने ग्वेर्नसे में सीएसपीओसी की स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता की

# राष्ट्रमंडल देशों के सम्मेलन में एआई के उपयोग पर होगा फोकस

### अगले साल 28 वां सम्मेलन भारत में होगा, संसदों के अध्यक्ष व पीठासीन अधिकारी लेंगे भाग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**ग्वेर्नसे/नई दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अगले साल भारत में होने वाले 28 वें कॉमनवेल्थ देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन (सीएसपीओसी) का मुख्य फोकस संसदों के कामकाज में एआई और सोशल मीडिया के अनुप्रयोग पर होगा। उन्होंने यह बात गर्नजी में सीएसपीओसी की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए की।

बिरला ने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और स्टार्टअप के लिए तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम बन गया है। भारत कई क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन से गुजर रहा है, जैसे कि कृषि, फिनटेक, एआई, और अनुसंधान और नवाचार। भारत के पास अब विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा और सेवा क्षेत्र है। अगले साल, जब गणमान्य व्यक्ति सीएसपीओसी के लिए भारत आएंगे तो वे देश की विरासत और प्रगति के अद्वितीय मिश्रण का अनुभव करेंगे। बिरला ने जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और साइबर अपराध जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए संसदों को अधिक प्रभावी, समावेशी और पारदर्शी बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी सत्र में महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर सार्थक संवाद होगा। बिरला ने ग्वेर्नसे बैलिविक के पीठासीन अधिकारी सर रिचर्ड मैकमोहन को उनके गरिमामयी नेतृत्व और आतिथ्य-सत्कार के लिए आभार जताया।

बैठक में समकालीन चुनौतियों से निपटने, लोकतंत्र और सुशासन के सिद्धांतों को बनाए रखने की राष्ट्रमंडल संसदों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।

### भारत को मिलेगा सांस्कृतिक विरासत दिखाने का अवसर

**लोकसभा अध्यक्ष बिरला** ने कहा कि सीएसपीओसी के मेजबान के रूप में भारत को चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इससे भारत को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और समावेशिता और सद्भाव की सदियों पुरानी परंपराओं को विश्व के साथ साझा करने का अनूठा अवसर मिलेगा। बिरला ने नीतियां तैयार करने, संसाधनों का विवेकपूर्ण आवंटन करने और अधिक न्यायसंगत और समावेशी भविष्य के निर्माण में सरकारों का मार्गदर्शन करने की सांसदों की भूमिका पर बल दिया।

---

सुप्रीम कोर्ट: जिला प्रशासन से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

## संभल की मस्जिद का विवादित कुआं खोलने पर लगाई पाबंदी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद का विवादित कुआं खोलने पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार व संभल प्रशासन फिलहाल कुएं को लेकर कोई कदम नहीं उठाएं। कुएं का आधा हिस्सा मस्जिद के अंदर और आधा बाहर है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की जरूरत है।

सीजेआइ संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की खंडपीठ ने मस्जिद समिति की याचिका पर आदेश दिया कि संभल नगर पालिका परिषद के दिसंबर 2024 में जारी नोटिस पर कार्रवाई नहीं की जाए। नोटिस में कुएं को सफाई, संपत्ति की जांच व मस्जिद के बाहरी हिस्से के सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए खोलने की बात कही गई थी। पीठ ने प्रशासन को दो सप्ताह में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी। समिति की याचिका में 19 नवंबर, 2024 को पारित ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें वकील आयुक्त को मस्जिद का सर्वेक्षण का निर्देश दिया था। हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही जामा मस्जिद प्राचीन मंदिर नष्ट करने के बाद बनाई गई।

### हिंदू और मुस्लिम पक्ष के वकीलों के तर्क

**हिंदू** पक्ष के वकील ने कहा कि मस्जिद समिति को सुप्रीम कोर्ट ने पहले आदेश दिया था कि वह इस मामले में सीधे सुप्रीम कोर्ट जाने के बजाय इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाए। मुस्लिम पक्ष के वकील ने कहा कि कुआं कोर्ट की इजाजत के बगैर सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए खोलना अनुचित होगा। सरकार की ओर से पेश एएसजी के.एम. नटराज ने दलील का विरोध करते हुए कहा कि सार्वजनिक कुआं राज्य की संपत्ति है। इसे खोलने में क्या ऐतराज है?

---

हिमकवच: माइनस 60 डिग्री तापमान में भी जवान रहेंगे गर्म



**नई दिल्ली.** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हल्के और पहनने में आसान 'हिमकवच' डिजाइन किए हैं। यह मल्टी लेयर क्लोदिंग सिस्टम हिमालयी क्षेत्र में तैनात जवानों को माइनस 60 डिग्री सेल्सियस में भी गर्म रखेगा। हिमकवच ने सभी यूजर ट्रायल्स सफलतापूर्वक पास कर लिए हैं। हिमकवच में थर्मल इंसुलेशन की क्षमता है, जो शरीर से निकलने वाली गर्मी को अंदर बनाए रखती है और बाहरी ठंड को प्रवेश नहीं करने देती।

### 'वीर गाथा' में भाग लेंगे 1.76 करोड़ विद्यार्थी

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** 'वीर गाथा 4.0' कार्यक्रम में इस बार देशभर से लगभग 2.31 लाख स्कूलों के 1.76 करोड़ विद्यार्थी हिस्सा लेंगे, जिसमें से 100 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इन विजेताओं को नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय संयुक्त रूप से सम्मानित करेगा। इन्हें 10,000 रुपए पुरस्कार और विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2025 देखने का अवसर भी मिलेगा। यह कार्यक्रम 2021 में रक्षा और शिक्षा मंत्रालयों ने मिल कर शुरू किया था।

---

### पीएम ने दिल्ली चुनाव में पहले से ज्यादा मेहनत पर दिया जोर

**नई दिल्ली@ पत्रिका ब्यूरो.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में दिल्ली कोर कमेटी के नेताओं को पिछली बार से भी ज्यादा मेहनत करने के निर्देश दिए। इस दौरान शेष 41 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर मंथन हुआ। भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पीएम मोदी के अलावा गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी दिल्ली की 70 सीटों में से 29 सीटों पर चुनाव कार्यक्रम घोषित करने से पहले ही उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। 41 सीटों के उम्मीदवार लगभग तय हो गए हैं। इसी हफ्ते पार्टी दूसरी लिस्ट घोषित कर सकती है।

पेरिस में 3 पनडुब्बियों की डील भी होगी फाइनल

## अगले महीने फ्रांस दौरे पर मोदी, खरीदेंगे 26 रफाल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने फरवरी में फ्रांस के दौरे पर जाएंगे। पीएम मोदी 10-11 फरवरी को पेरिस में आयोजित होने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समिट में हिस्सा लेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा है कि यह दौरा एआइ के क्षेत्र में भारत के साथ संवाद को मजबूती देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

दो बड़े रक्षा सौदे होने की उम्मीद: इस विजिट के दौरान भारत और फ्रांस के बीच दो बड़ी डिफेंस डील फाइनल हो सकती हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 10 अरब डॉलर से अधिक है। इनमें भारतीय नौसेना के लिए 26 रफाल-एम फाइटर जेट्स की खरीद और तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन श्रेणी की पारंपरिक पनडुब्बियों का सौदा शामिल है।

कोहरे का कहर: दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर भिड़े कई वाहन

उत्तर भारत के कई राज्यों में घना कोहरा छाया हुआ है। दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर हापुड़ के पास कोहरे के कारण भिड़े कई वाहन। हादसे में दो लोग घायल हो गए।



---

सुप्रीम कोर्ट... 

दिल्ली विधानसभा चुनाव: जाट समुदाय के ओबीसी का मुद्दा इसी वजह से गरमाया

## यूपी, हरियाणा सीमा से सटी विधानसभा सीटों पर जाति कार्ड

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार जाति का कार्ड भी चल गया है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सीमाओं से सटी करीब 20 सीटें सटी हुई हैं। इनमें से अधिकांश सीटों पर जाट व यादव समाज का असर दिखता है। यही वजह है कि चुनाव में जाट समाज के ओबीसी आरक्षण का आरक्षण का मुद्दा गर्मा गया है।

दरअसल, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से दिल्ली की करीब 20 सीटें सटी हुई है। इनमें नरेला, बवाना, मूंडका, करावल नगर, मुस्तफाबाद, गोकुलनगर, सीमापुरी, शाहदरा, विश्वासनगर, कुंडली, त्रिलोकपुरी, ओखला, बदरपुर, संगम विहार, देवली, छतरपुर, मेहरोली, बीजवासन, मटियाला, नजफगढ़ सीटें शामिल है। इनमें से करीब तीन चौथाई सीटों पर खास जातियों का प्रभाव दिखता है। सत्ताधारी दल जाट समाज के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत आप से किनारा कर भाजपा में जा चुके हैं।

गहलोत इस बार बीजवासन सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में आप के सामने इस समाज के मतदाताओं को अपने साथ जोडने रखने की बड़ी चुनौती है। इसके चलते पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के जाटों को केन्द्र की ओबीसी में जाट को शामिल नहीं उठाने का मुद्दा उठा दिया है।

### जातियों की सियासत से दूर रहा है दिल्ली

इस चुनाव से पहले जातिगत मुद्दे दिल्ली के चुनाव में कभी इतने मुखर तरीके से नहीं उठे थे। इससे पहले भी कुछ सीटों पर राजनीतिक जातिगत समीकरण देखकर टिकट देती रही है, लेकिन मुखरता से जातियों के मुद्दों को चुनाव में नहीं उठाया गया है।

---

कूटनीति: क्रेमलिन ने किया स्वागत

## शपथ ग्रहण के बाद ट्रंप की पुतिन से मुलाकात की तैयारी

**नई दिल्ली/मॉस्को.** अमरीका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की 20 जनवरी को शासन संभालने के तत्काल बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात हो सकती है।

रूस ने ट्रंप की बातचीत के माध्यम से समस्याओं को हल करने की इच्छा का स्वागत किया है। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच बैठक की योजना बनाने में प्रगति हो सकती है। इससे एक दिन पहले ट्रंप ने भी पुतिन के साथ बैठक की बात कही थी लेकिन उन्होंने कोई समय सीमा नहीं बताई थी। ट्रंप ने कहा था कि राष्ट्रपति पुतिन मिलना चाहते हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से भी यह कहा है और हमें इस युद्ध को खत्म करना है। माना जा रहा है कि व्हाइट हाउस में ट्रंप की वापसी से रूस-यूक्रेन युद्ध के कूटनीतिक समाधान का रास्ता मिल सकता है। ट्रंप ने अपने चुनाव अभियान के दौरान बार-बार कहा कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को 24 घंटे के भीतर समाप्त कर सकते हैं।

पत्रिका
विस्तृत खबरों और फोटोग्राफ्स के लिए देखें...
patrika.com

## गैर-पेशेवर कोर्स में कॉलेज शिक्षक के लिए नेट जरूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) प्रमुख एम.जगदीश कुमार ने स्पष्ट किया है कि गैर-पेशेवर पाठ्यक्रमों में पीजी डिग्रीधारी अभ्यर्थियों के कॉलेज शिक्षक बनने के लिए अब भी यूजीसी-नेट परीक्षा बरकरार है। गत बुधवार को यूजीसी के मसौदा दिशा-निर्देश जारी होने के बाद कहा जा रहा है कि कॉलेज शिक्षक या विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए नेट की अनिवार्यता समाप्त की जा रही है।

यूजीसी चेयरमैन जगदीश कुमार ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में स्पष्ट किया कि अगर आपके पास गैर-पेशेवर पाठ्यक्रमों (कला, वाणिज्य, मानविकी आदि) में मास्टर डिग्री है, तो भी यूजीसी-नेट की आवश्यकता है। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी जैसे पेशेवर कार्यक्रमों के लिए एमई या एमटेक में मास्टर डिग्री है, तो कॉलेज शिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए यूजीसी-नेट योग्यता की आवश्यकता नहीं है। इसके अतिरिक्त किसी भी विषय में पीएचडी वाले अभ्यर्थियों को नेट की आवश्यकता से छूट दी गई है और उन्हें कॉलेज शिक्षक के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

### महिला आरक्षण लागू करने के बारे में पीआइएल खारिज

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने महिला आरक्षण कानून में इसे लागू करने संबंधी प्रावधान को चुनौती देने वाली दो जनहित याचिकाओं को खारिज कर दिया। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और पीबी वराले की बेंच ने याचिकाओं को खारिज कर टिप्पणी की कि याचिकाओं में अनुच्छेद 14 के तहत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का कोई प्रश्न नहीं है।

---

आपत्ति: हैरिटेज स्वरूप बिगड़ने की आशंका

## सीजे कोर्टरूम के सामने बरामदा बनाने पर रोक

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस कोर्टरूम के सामने बरामदा बनाने के हाईकोर्ट के निर्देश पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने गत नवंबर में बरामदा बनाने के निर्देश दिए थे और इसकी पालना नहीं होने पर चंडीगढ़ प्रशासन के चीफ इंजीनियर को अवमानना नोटिस भी जारी किया था। चंडीगढ़ प्रशासन ने हाईकोर्ट के आदेश को इस आपत्ति के साथ शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी कि बरामदा बनाने से चंडीगढ़ कैपिटल कॉम्प्लेक्स का यूनेस्को विरासत का दर्जा प्रभावित होगा, जिसका हाईकोर्ट भवन भी एक हिस्सा है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने हाईकोर्ट के निर्देश के साथ अवमानना नोटिस पर भी रोक लगा दी।

**पोलमपोल** भायो

बदळी खातिर जुट गया, जतन किया छै थोक।
नेताजी की ड्योढियाँ, दस दिन ली छै ढोक!!

सुविधाओं और पक्षियों की नेस्टिंग ने बढ़ाया आकर्षण, प्राकृतिक सुंदरता और पक्षी विविधता ने खींचा पर्यटकों का ध्यान

# केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान: देसी-विदेशी पावणों को लुभा रहा पक्षियों का कलरव

**भरतपुर @ पत्रिका.** केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में इन दिनों देशी-विदेशी पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। उद्यान में प्रवासी और स्थानीय पक्षियों का कलरव पर्यटकों को लुभा रहा है। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन सहित कई देशों से आए पर्यटक यहां की वन्यजीव विविधता और प्राकृतिक सुंदरता का लुत्फ ले रहे हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रशासन की ओर से भी पर्यटक मार्ग को नए सिरे से बनवाया गया है। वहीं भ्रमण के लिए साइकिल, ई-रिक्शा, तांगा तथा बैठने के लिए बांस की हट, पेयजल सेंटर आदि व्यवस्थाओं को विकसित किया है। यही वजह है कि रोजाना सैकड़ों देशी-विदेशी पर्यटक उद्यान का भ्रमण कर रहे हैं। पर्यटकों की अधिक आमद की एक वजह यह भी है कि उद्यान में अक्टूबर से मार्च तक वन्यजीवों की हलचल बनी रहती है। यहां हर साल एक लाख से अधिक पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं।

फोटो: *विनोद शर्मा*





## वन्यजीव और पक्षी बने मुख्य आकर्षण

**उद्यान** में इन दिनों 375 से अधिक पक्षी प्रजातियां देखी जा सकती हैं। साइबेरियन सारस, बगुले, किंगफिशर, बत्तख, फ्लेमिंगो सहित साइबेरिया से लेकर ठंडे इलाकों तथा तिब्बत-अफगानिस्तान से आने वाले पक्षियों के झुंड यहां पर्यटकों को लुभा रहे हैं। इसके अलावा साभर, चीतल, जंगली सूअर, नील गाय, लकड़बग्गा और सियार जैसे वन्यजीव भी पर्यटकों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

### झीलों और घोंसलों ने बढ़ाई रौनक

इस वर्ष करौली जिले के पांचना बांध से पानी की आपूर्ति और अच्छी बारिश के कारण उद्यान की अधिकांश झीलें लबालब हैं। इससे पक्षियों ने बड़ी संख्या में घोंसले बनाए हैं। इन घोंसलों पर चूजों का कलरव पर्यटकों को लुभा रहा है। 29 वर्ग किमी में फैले इस उद्यान में जलाशय और दलदली क्षेत्र होने के कारण यह न केवल पक्षियों के प्रजनन और प्रवास का महत्वपूर्ण स्थल है।

घना उद्यान में पर्यटकों के लिए सुविधाओं में खासा इजाफा किया है। इसका लाभ उद्यान को मिल रहा है। पर्यटक अधिक संख्या में भ्रमण के लिए आ रहे हैं। घनाकर्मी भी पर्यटकों की सुविधाओं और उनकी जरूरी सुविधाओं का विशेष ख्याल रख रहे हैं।

**- मानस सिंह,** डीएफओ केवलादेव घना उद्यान भरतपुर

---

## ट्रेंडिंग वीडियो पत्रिका TV

1. 

भाटी को टीना का तगड़ा झटका, आ गया उबाल

2. 

फिर गर्माया सियासी पारा, जारी है कांग्रेस वर्सेज भाजपा

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

## न्यूज शॉर्ट्स

### नकल कराने के आरोप में गुरुजी को मिले नोटिस

**बीकानेर @ पत्रिका.** राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम कार्यक्रम में 13 स्कूलों के प्राचार्यों एवं व्याख्याताओं पर विद्यार्थियों को नकल कराने का आरोप लगा। शिकायत शिक्षा निदेशालय तक पहुंची, तो उन्हें अलग-अलग समय में आरोप पत्र थमाए गए। इन आरोपों को लेकर प्रदेश के कुल 35 प्रधानाचार्य एवं व्याख्याताओं को नोटिस दिए गए। जानकारी के मुताबिक, 13 स्कूलों के प्राचार्य एवं व्याख्याताओं पर शिक्षा में बढते कदम कार्यक्रम के तहत आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों को नकल कराने का आरोप है। इस आरोप में ही उन्हें 17 सीसीए का नोटिस दिया गया था। इसके अलावा कई ऐसे प्रधानाचार्य एवं व्याख्याताओं पर ड्राप आउट, अनामांकित तथा आउट ऑफ स्कूल विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं देने का आरोप भी लगा था।

### सहायक आचार्य के साक्षात्कार 20 से

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत विभिन्न विषयों का साक्षात्कार कार्यक्रम जारी किया है। सचिव के अनुसार उर्दू विषय के साक्षात्कार 20 से 29 जनवरी, राजनीति विज्ञान के साक्षात्कार 20 से 31 जनवरी , चित्रकला विषय के साक्षात्कार 30 एवं 31 जनवरी, गारमेंट प्रोडक्शन एंड एक्सपोर्ट मैनेजमेंट के साक्षात्कार का आयोजन 31 जनवरी को होगा। साक्षात्कार-पत्र आयोग की साइट पर अपलोड किए जाएंगे।

---

सिरोही पुलिस ने पिछले दो साल में पांच से अधिक मामले पकड़े

# नया पैंतरा: मरीजों की आड़ में एंबुलेंस से हो रही नशे की तस्करी

सत्यप्रकाश शर्मा
patrika.com

**सिरोही.** मादक पदार्थों पर पुलिस की सख्ती के बाद तस्कर एंबुलेंस का सहारा ले रहे हैं। सिरोही सहित प्रदेश के कुछ जिलों में मरीजों की आड़ में एंबुलेंस से मादक पदार्थ तस्करी के मामले पकड़ में आए हैं। सिरोही पुलिस ने पिछले दो साल में ही एंबुलेंस से अवैध शराब, डोडा पोस्त, स्मैक सहित मादक पदार्थ तस्करी के 5 से अधिक मामले पकड़कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले आए दिन लग्जरी कारों में तस्कर मादक पदार्थों की सप्लाई करते थे। अब वे एंबुलेंस का सहारा ले रहे हैं। खास बात है कि वे किसी व्यक्ति को मरीज बनाकर लिटा देते हैं ताकि किसी को शक न होने पाए।

### गुजरात जाता है तस्करी का माल

जानकारों के मुताबिक उदयपुर-पालनपुर हाईवे से सिरोही जिला होते हुए तस्कर मादक पदार्थ गुजरात पहुंचाते हैं। हरियाणा-पंजाब निर्मित शराब की तस्करी में ट्रक, ट्रेलर व अन्य वाहनों का और डोडा पोस्त, स्मैक आदि की तस्करी के लिए एंबुलेंस का सहारा ले रहे हैं। 4 मई 2024 को तो सिरोही पुलिस ने पशुपालन विभाग लिखी पशु एम्बुलेंस से 1 करोड़ रुपए का डोडा पोस्त जब्त किया था।



पुलिस ने एंबुलेंस से स्मैक बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था

**केस 1**

### एंबुलेंस के जरिये स्मैक तस्करी

**सिरोही** में मोरस चौकी पर 8 दिसंबर 2024 को पिंडवाड़ा पुलिस और डीएसटी टीम ने उदयपुर-पालनपुर हाईवे पर एक एंबुलेंस से 23 ग्राम स्मैक बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी सिरोही निवासी थे।

**केस 2**

### गांजा तस्करी के तीन आरोपी पकड़े

**पिंडवाड़ा** पुलिस ने 12 अप्रेल 23 को एंबुलेंस में मरीज की आड़ में गांजा तस्करी करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 किलो 550 ग्राम गांजा बरामद किया। उदयपुर से गुजरात जा रही एंबुलेंस में मरीज लेटा हुआ था।

**केस 3**

**4 मई** 2024 को पिंडवाड़ा-उदयपुर फोरलेन हाईवे पर मोरस चौकी के सामने नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने राजस्थान सरकार पशु पालन विभाग लिखे वैक्सीन वाहन से 34 कट्टों में भरा 667 किलो डोडा-पोस्त बरामद कर तीन जनों को गिरफ्तार किया। बरामद डोडा-पोस्त की कीमत 1 करोड रुपए थी। आरोपी डोडा-पोस्त चित्तौड़गढ़ से भरकर जोधपुर में सप्लाई देने वाले थे।

### पुलिस के लिए भी बनी चुनौती

**मरीजों** के लिए जीवनदायिनी एंबुलेंस से नशे की तस्करी पकड़ में आने से पुलिस भी हैरान है, ऐसे तस्करों को पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती है। एंबुलेंस में मरीज होने के चलते अक्सर पुलिस एंबुलेंस को नहीं रोकती हैं। लेकिन अब तस्करी के मामले पकड़ में आने के बाद से पुलिस सतर्क हो गई है। आशंका पर एंबुलेंस की जांच की जा रही है। इसके बावजूद भी तस्कर नए नए लूप होल निकाल रहे हैं।

### पकड़े जा रहे तस्कर

तस्कर मादक पदार्थ तस्करी के नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। हालांकि फिर भी पुलिस सतर्कता से पकड़े ही जाते हैं। बीते एक साल में एनडीपीएस के 87 मामले पकड़े गए हैं और 116 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एंबुलेंस से मादक पदार्थ तस्करी के भी दो साल में 5 मामले पकड़े हैं।

**- अनिल कुमार बेनीवाल,** जिला पुलिस अधीक्षक, सिरोही

## अजमेर वापस आने की दुआ लेकर रवाना हुआ पाक जत्था



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** गरीब नवाज के शहर में फिर से हाजिरी की दुआ के साथ शुक्रवार दोपहर 3.50 बजे पाकिस्तानी जायरीन को अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस से रवाना किया गया। इस दौरान स्टेशन पर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त रहे।

पुरानी मंडी स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल से रोडवेज बसों द्वारा पाकिस्तान जायरीन को स्टेशन लाया गया। स्टेशन के गांधी भवन स्थित प्रवेश द्वार और प्रथम श्रेणी गेट पर हथियारबंद जवान तैनात किए गए। जायरीन को बसों से उतारकर सामान की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। पुलिस, सीआइडी और प्रशासनिक अधिकारियों ने जायरीन की गिनती की। तमाम औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ट्रेन में बैठाया गया। ट्रेन में भी हथियारबंद जवान और कमांडो तैनात किए गए। ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के 813 वें उर्स में शामिल होने के लिए 89 पाकिस्तानी जायरीन और 2 अधिकारी 7 जनवरी को रात 2.58 बजे अजमेर पहुंचे थे।

---

छात्राओं को मिलेगी राहत

## सरकारी स्कूलों में बनेंगे 85 करोड़ रुपए के शौचालय

**जयपुर @ पत्रिका.** स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में शौचालय निर्माण के लिए 85 करोड़ रुपए का एमओयू किया है। सरकारी स्कूलों में छात्राओं को स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह एमओयू किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग और गैर सरकारी संगठन सोशल डवलपमेंट एंड रिसर्च सोसाइटी के बीच यह एमओयू हुआ। सोशल डेवलपमेंट एंड रिसर्च सोसाइटी की ओर से इसके संरक्षक गोपाल जालान ने एमओयू किया। इस अवसर पर सरकार की ओर से राज य परियोजना निदेशक एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त अविचल चतुर्वेदी, अतिरिक्त परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर तथा एनजीओ की ओर से करण सिंह, पत्रकार सुधांशु माथुर, भगीरथ सुंडा और मनीष सोलंकी मौजूद रहे। इस परियोजना के पहले चरण में जयपुर, भरतपुर और कोटा जिलों में 7 करोड़ रुपए की लागत से वॉशरूम का निर्माण किया जाएगा। दूसरे और तीसरे चरण में 19-19 जिलों में वॉशरूम निर्मित किए जाएंगे। इससे छात्राओं की उपस्थिति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

जनाधार कार्ड दोबारा शुरू

## जनाधार में जिंदा हो गया सिलिकोसिस पीड़ित रामावतार


रामावतार का जनाधार में नाम जोड़ती पंचायत समिति टीम।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**असर**


मैं जिंदा हूं .. कलक्टर साहब मेरी मदद करो

राजस्थान पत्रिका

**दौसा.** आखिर प्रशासन की ओर से त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत गुढ़ाकटला निवासी रामावतार सैनी का जनाधार कार्ड पुनः प्रारंभ करा दिया गया। कलक्टर देवेन्द्र कुमार के निर्देश पर संबंधित विभागीय अधिकारियों ने सिलिकोसिस पीड़ित रामावतार की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए राहत उपलब्ध करवाई। इससे प्रार्थी को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इससे पहले गुरुवार को परिजन के साथ पीड़ित कलेक्ट्रेट पहुंचा। मामला कलक्टर के संज्ञान में आने पर अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। पंचायत समिति बांदीकुई एईएन नितेश सैनी ने पंचायत प्रसार अधिकारी, बायोमेट्रिक मशीन ऑपरेटर, बीएसओ को पीड़ित के घर भेजकर उसका नाम जनाधार में वापस जुड़वाया। परिजनों का कहना है कि अब सिलिकोसिस कार्ड को लेकर आवेदन कर सकेंगे एवं बीमारी के इलाज के लिए मिलने वाली सरकारी सहायता लाभ मिल सकेगा। गौरतलब हैं कि इस मामले में राजस्थान पत्रिका के 10 जनवरी के संस्करण में 'मैं जिंदा हूं.. कलक्टर साहब मेरी मदद करो' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी।

## परीक्षा तैयारी संग खान-पान और कॅरियर के मिलेंगे टिप्स

**अजमेर @ पत्रिका.** सीबीएसई की काउंसलिंग सेवा जल्द शुरू होगी। दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को विशेषज्ञ परीक्षा की तैयारी, कॅरियर के अलावा खान-पान, सोशल डिस्टेंसिंग, योग-व्यायाम और अन्य सलाह भी देंगे। काउंसलिंग बोर्ड के परिणाम आने के बाद भी जारी रहेगी।

दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं से पहले और परीक्षा के दौरान विद्यार्थी तनावग्रस्त रहते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा की योजनाबद्ध तैयारी सहित तनाव और दबाव को कम करने जैसे परामर्श देने के लिए सीबीएसई विशेषज्ञों को तैनात किया जाएगा। विद्यार्थी मोबाइल, लैंडलाइन अथवा टोल फ्री नंबर पर विशेषज्ञों से सलाह ले सकेंगे।

---

**फोटो स्टोरी**

## ऊंट उत्सव के रंग: 40 फीट की मूंछें...2025 फीट की पगड़ी

बीकानेर का ऊंट उत्सव सैलानियों को हर साल रोमांचित करता है। इस साल भी ऊंट उत्सव के उद्घाटन समारोह में बीकाणा की मस्ती झलकी। पवन व्यास ने 2025 फीट लंबी पगड़ी बांध कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स पर दावा ठोंका। इसमें उन्हें 20 मिनट 32 सैकंड लगे। इसी तरह 40 फीट लंबी मूंछों को धारण करने वाले गिरधर व्यास ने भी सैलानियों को आकर्षित किया। देसी लोग तो बोल ही पड़े...**मूंछें हों तो गिरधर व्यास जैसी।**

फोटो: **नौशाद अली**



---

**फोगाट बहनों जैसी कहानी** | बेटियों को धावक बनाने में जुटे पिता, दो बेटियां खेल चुकी नेशनल, तीसरी की तैयारी

# बिन मां की बेटियों को पिता ने बना दिया लंबी रेस का सितारा

### कुलोठ खुर्द के मांगीराम खरबास बेटियों को बना रहे खिलाड़ी

राजेश शर्मा
patrika.com

**झुंझुनूं.** हरियाणा के बलाली गांव में महावीर सिंह फोगाट ने अपनी बेटियों को रेसलर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी तर्ज पर कुलोठ खुर्द गांव निवासी मांगीराम खरबाज अपनी बेटियों को धावक बनाने में जुटे हैं। फोगाट के चार बेटियां थी, बेटा नहीं था और मांगीराम के भी चार बेटियां ही हैं। मांगीराम की दो बेटियां स्टेट व नेशनल लेवल पर पदक जीत चुकी है, तीसरी तैयारी कर रही है।


### एसएसबी में चयन

**पूजा:** सबसे बड़ी बेटी पूजा ने स्कूल स्तर पर पदक जीता था। इसके बाद वह पांच किलोमीटर रेस में जूनियर और सीनियर वर्ग में राजस्थान की चैम्पियन रह चुकी। खिलाड़ी कोटे से उसका चयन सशस्त्र सीमा बल(एसएसबी) में हो गया। अब वह एसएसबी की तरफ से नेशनल लेवल पर पांच किलोमीटर दौड़ में शामिल हो रही है।


पदक के साथ पूजा

### पदक जीत किया नाम रोशन

**मंजू :** तीसरे नंबर की बेटी मंजू 18 व 21 वर्ष आयु वर्ग में स्टेट लेवल पर रजत व कांस्य पदक जीत चुकी है। हाल ही भुवनेश्वर में हुई नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक व तीन किमी की स्टीपल चेस में रजत पदक जीता। जयपुर में हुई राजस्थान क्रोस कंट्री में छह किमी की दौड़ में उसने स्वर्ण पदक जीता है। अब वह खेलो इंडिया नेशनल गेम्स की तैयारी कर रही है।


पिता मांगीराम के साथ एथलीट मंजू।

**मुस्कान व प्रियंका:** चौथे नंबर की बेटी मुस्कान भी दोनों बहनों से प्रेरित होकर एथलेटिक्स की तैयारी कर रही है। अभी वह पदक का इंतजार कर रही है, जबकि दूसरे नंबर की प्रियंका की शादी हो चुकी है।

### घर व खेत में बना दिया मैदान

**मांगीराम** ने बेटियों को अपने खेत में दौड़ लगवाना शुरू किया। खेत में बालू के कारण दौड़ने में परेशानी आई तो गांव के जोहड़ में ट्रैक्टर से ट्रैक बना दिया। तीनों बेटियों ने दस साल पहले वहां तैयारी की। अब मंजू स्वर्ण जयंती स्टेडियम झुंझुनूं में चल रहे भारत सरकार के खेलो इंडिया सेंटर पर कोच अनिल भाकर व सुरेन्द्र के नेतृत्व में तैयारी कर रही है, पूजा दिल्ली में तैयारी कर रही है।

### मां की कमी नहीं होने दी महसूस

**मंजू व पूजा** ने बताया कि जब छोटी थी, तब मां का निधन हो गया। पिता ने ही खेलों के प्रति आगे बढ़ाने में महत्ती भूमिका निभाई। पिता हमारे लिए पूरी कमाई पढ़ाई व खेलों पर खर्च कर रहे हैं। हमें पिता पर गर्व है। वहीं पिता ने कहा कि म्हारी छोरियां छोरां सूं कम है के...।

मंजू की तैयारी अच्छी चल रही है। उम्मीद है वह नेशनल गेम्स व खेलो इंडिया में पदक जीतकर आएगी।

**राजेश ओला,** जिला खेल अधिकारी

## राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी)

# अपने कार्यों से दूसरों के लिए मिसाल बनते युवा



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

**बुलंद** हो हौसला तो मुट्ठी में हर मुकाम है। इन्हीं विचारों के साथ आज का युवा हर मुश्किल को पार कर आगे बढ़ता जा रहा है। शक्ति, प्रेरणा और बदलाव का वाहक माने जाने वाला युवा आज हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रहा है और देश का नाम रोशन कर रहा है। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हम बात करते हैं कुछ ऐसी युवा महिलाओं की जो न केवल अपनी जड़ों को मजबूत कर रही हैं बल्कि दूसरों क लिए मिसाल भी बन रही हैं।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

**जिस उम्र** में लोग अपने कॅरियर के बारे में सोचना शुरू करते हैं, उस उम्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई हैं जयपुर की प्रियंका कुमावत ने। 23 वर्षीय प्रियंका ने मिनिएचर आर्ट और पिछवाई पेंटिंग में राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त किए हैं। अमरीका, नीदरलैंड के लोगों ने भी उनकी पेंटिंग को पसंद किया है।

**युवाओं को संदेश**

*वह कहती हैं कि 'युवाओं को अपने कॅरियर और अपनी रुचि के लिए सचेत रहते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए।' वह कहती हैं कि अगर माता-पिता पढ़ाई के साथ बच्चों की रुचि को भी सपोर्ट करें तो उन्हें आगे बढ़ने के बेहतर चांस मिलते हैं।*

### जीत चुकी हैं कई अवॉर्ड

**वह कहती हैं** कि बचपन से ही पेंटिंग करने का शौक था, लेकिन पढ़ाई के कारण इसे पूरा नहीं कर पाई। कुछ साल बाद पेंटिंग की तरफ फिर ध्यान देना शुरू किया और आगे बढ़ी। पेंटिंग से जुड़ी कई प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया। वे 2016-17 में जिला स्तर पर, 2017 में राज्य स्तर पर पेंटिंग प्रतियोगिता जीत चुकी हैं। वर्ष 2024 में इंटरनेशनल लेवल पर आयोजित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया। हाल में कर्नाटक में आयोजित ऑल इंडिया पेंटिंग एग्जीबिशन में भी उनकी कलाकृतियों को सराहा गया।

**मिसाल**

## आदिवासियों का जीवन बदल रही हैं निहारिका



आदिवासी समुदाय की संस्कृति और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाते हुए उनके जीवन को सशक्त बना रही हैं बेंगलूरु की निहारिका नायर। 12वीं कक्षा की इस छात्रा ने हाल में 'नेशनल यंग चेंजमेकर्स शोकेस प्रोग्राम' में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के सामने आदिवासियों से संबंधित अपने प्रोजेक्ट को पेश किया। उनके प्रोजेक्ट में शिक्षा, स्वास्थ्य, देखभाल, स्थायी आजीविका और स्वदेशी परम्पराओं को संरक्षण जैसे मुद्दे शामिल हैं। इन मुद्दों से कर्नाटक और केरल की आदिवासी बस्तियों हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आदिवासियों की समस्याओं और उनके संभावित समाधानों को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक्टिवेट इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भी प्रस्तुत किया। निहारिका कहती हैं कि 'मैंने अपने काम की शुरुआत तब की जब मैं 8वीं कक्षा में थी। एक बार किसी काम से आदिवासी बस्तियों में गई, वहां लोगों को आधार कार्ड और राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं के संबंध में भी पता नहीं था। यहां तक कि कई मौतें पोषण के अभाव में हुई। इसके बाद मैंने उन्हें जागरूक करने का बीड़ा उठाया और करीब 1200 व्यक्तियों के आधार कार्ड बनवाए।' निहारिका ने भू-माफिया से वनों को बचाने के साथ-साथ जंगल और खेती से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूकता पैदा की। लोगों को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा सहित कई सरकारी सुविधाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दस्तावेज बनवाने में भी मदद की।

**युवाओं को संदेश**

**निहारिका** कहती हैं कि 'अगर आपको किसी चीज की जानकारी है और आप कुछ कर सकते हैं तो वह अवश्य करें। इसके लिए उम्र कोई मायने नहीं रखती, बस आपको कदम बढ़ा कर कुछ हाथों को थामने की जरूरत है।'

**मानवता**

## 5000 जानवरों का किया पुनर्वास



सभी जीवित प्राणियों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुजरात की भार्गसेतु शर्मा ने मूक जानवरों को बचाने का जिम्मा लिया है। 27 वर्षीय भार्गसेतु ने करीब 5000 जानवरों को रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। वह कहती हैं कि 2012 में मैंने अपनी कॉलोनी में देखा कि जानवरों को शौच आदि के कारण लोग सोसायटी से भगा दिया करते थे। इस घटना ने मुझे जीवन का मकसद दिया। इसके बाद उन्होंने 8 दोस्तों के साथ एक संस्था शुरू की। जिससे वर्तमान में देश भर से करीब तीन हजार पशु-पक्षी प्रेमी जुड़ चुके हैं। यह टीम जानवरों का सुरक्षित पुनर्वास करती हैं। उन्हें इस काम के लिए कई टीवी शोज में भी आमंत्रित किया गया है।

**युवाओं को संदेश-** हर प्राणी को यहां रहने का हक है। हम उनका हक कैसे छीन सकते हैं। इसलिए हमें इन मूक प्राणियों के साथ क्रूरता नहीं करनी चाहिए, उनके प्रति दया का भाव रखना चाहिए

किचन में कार्य करते समय खाना बनाने से लेकर उसकी साफ-सफाई तक में काफी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आपके पास कुछ किचन सोल्युशन हों तो आपके नाम व अपनी फोटो सहित हमें वाट्सऐप नंबर **9057531584** पर भेजें। शी न्यूज पेज पर इन्हें प्रकाशित किया जाएगा। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें।

पत्रिका शी न्यूज़
हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

---

### प्रदेश के पहले पुलिस विश्वविद्यालय से छात्रों का मोह भंग, केवल 100 छात्र ले रहे प्रवेश

# बीते चार साल में लगातार गिर रहा दाखिले का ग्राफ, 50% सीटें खाली

पत्रिका डेटा डिकोडेड

गजेंद्र सिंह दहिया
patrika.com

**जोधपुर.** प्रदेश के पहले पुलिस विश्वविद्यालय जोधपुर स्थित सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा एवं दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय से छात्र-छात्राओं का मोह भंग हो रहा हैं। यहां हर साल तकरीबन पचास प्रतिशत सीटें खाली रह जाती हैं। शैक्षणिक सत्र में तकरीबन 100 छात्र-छात्राएं ही प्रवेश लेते हैं। वर्ष 2024 में 194 सीटों पर तकरीबन 103 स्टूडेंट ने प्रवेश लिया था। एमए इन इंटरनेशनल रिलेशन में एक भी दाखिला नहीं हुआ। उसमें जीरो सेशन घोषित करना पड़ा। मास्टर ऑफ सोशल वर्क में केवल 2 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। एमटैक साइबर सिक्योरिटी में केवल 7 स्टूडेंट हैं। विद्यार्थियों के कोर्सेज छोड़ कर जाने का सिलसिला जारी है। इसी कारण अब प्रवेश को ओपन कर दिया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यही स्थिति रही तो पुलिस विश्वविद्यालय को किसी बड़े विश्वविद्यालय में मर्ज कर देना चाहिए। पुलिस विश्वविद्यालय की स्थापना 2013 में हुई थी। वर्तमान में इसमें सात पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें दो स्नातक और पांच स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शामिल हैं।

**ये हैं कारण**

- शिक्षकों की कमी, केवल 15 असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। एक भी प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर नहीं है।
- कैंपस में आधारभूत सुविधाओं की कमी है।
- कैंपस हाईवे से 4 किलोमीटर अंदर है। रोजमर्रा का सामना, मेडिकल सुविधा कुछ भी नहीं है।
- खेलकूद के संसाधनों का भी अभाव।
- साइबर सिक्योरिटी कोर्स के अलावा अन्य विषयों में जर्नल्स का अभाव।

**किस विषय में कितने स्टूडेंट ने लिया प्रवेश**

| पाठ्यक्रम | सीट | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|---|---|
| बीए सोशल साइंस | 40 | 14 | 19 | 20 | 14 |
| बीए सिक्योरिटी मैनेजमेंट | 40 | 21 | 24 | 27 | 28 |
| एमटैक साइबर सिक्योरिटी | 24 | 15 | 5 | 7 | 7 |
| मास्टर ऑफ सोशल वर्क | 20 | शुरू नहीं | 7 | 2 | 2 |
| एमए इंटरनेशनल रिलेशन | 20 | शुरू नहीं | शुरू नहीं | 3 | जीरो सेशन |
| एमए क्रिमिनोलॉजी | 30 | 24 | 28 | 28 | 25 |
| एलएलएम क्रिमिनल लॉ | 20 | 7 | 16 | 20 | 17 |

| वर्ष | प्रवेश हुए |
|---|---|
| 2021 | 81 |
| 2022 | 99 |
| 2023 | 107 |
| 2024 | 103 |

**अगले सत्र से आएंगे आशाजनक परिणाम**

पिछले कुछ समय से एडमिशन गिर रहे हैं। हमने विद्यार्थियों को रोकने के लिए कई एमओयू किए हैं। उम्मीद है अगले सत्र से आशाजनक परिणाम देखने को मिलेंगे।
- **शिल्पा सिंह,** रजिस्ट्रार, पुलिस विश्वविद्यालय, जोधपुर

---

### दोनों युवकों की अगले महीने होनी थी शादी

# कार पलटी, दो युवकों की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जालोर/ भीनमाल.** खानपुर तिराहे के आगे एक कार असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में कार में सवार दो युवकों की मौत हो गई। दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक की हालात गंभीर होने से उसे रेफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किए। पुलिस निरीक्षक रामेश्वरलाल भाटी ने बताया कि कार में सवार चार युवक रामसीन से भीनमाल आ रहे थे। खानपुर तिराहे के आगे कार संतलुन खोकर पलटते हुए झाड़ियों में घुस गई।

सूचना पर 108 एम्बुलेंस व पुलिस मौके पर पहुंची एवं चारों को राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। डॉक्टर्स ने रामसीन रोड भीलों की ढाणी निवासी वचनाराम (19) पुत्र जवाराराम भील, ललित कुमार (25) पुत्र सांकलाराम भील को मृत घोषित किया। जितेंद्र कुमार पुत्र गोरखाराम भील व सतीश पुत्र पुंजाराम भील घायल हो गए। जितेन्द्र ही हालात गंभीर बनी हुई है। चारों ललित की कार में सवार होकर किसी कार्य से रामसीन गए थे। हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

**खानपुर में एक्सीडेंटल जोन :** खानपुर तिराहे पर एक विकट मोड़ है, जहां पर दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती हैं। हालांकि यह सड़क हादसा इस मोड़ से पहले घटित हुआ।

**दोनों मृतक चचेरे भाई, छह बहनों का इकलौता भाई था वचनाराम**

मृतक ललित भील व वचनाराम भील चचेरे भाई है। ललित यहां भीनमाल में दुकानों व घरों के डेकोरेशन का कार्य करता था। इसके अलावा टैक्सी भी चलाता था। उसने कुछ दिन पहले ही कार भी खरीदी थी। वहीं वचनाराम गुजरात के सूरत कपड़े की फैक्ट्री में कार्य करता था। चार-पांच दिन पहले ही यहां पर आया था। वचनाराम छह बहनों का इकलौता भाई था। उसकी मौत के बाद परिजनों को रो रो कर बुरा हाल हुआ। उसके अलावा घायल जितेन्द्र व सतीश पड़ौसी है। ललित के साथ यह भी रामसीन गए थे। रात में होटल पर खाना आया एवं फिर घर लौट रहे थे। खानपुर तिराहे के आगे कार पलट कर झाड़ियों में घुस गई। जिससे ललित व वचनाराम की मौत हो गई। जबकि जितेन्द्र व सतीश घायल हो गए। जिसमें जितेन्द्र की हालात गंभीर बनी हुई है। दोनों मृतकों की अगले माह शादी होने वाली थी।



वचनाराम।



ललित कुमार।

**पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने निकाला बाहर**

घटना के बाद सबसे पहले पास के पेट्रोल पंप कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस व एंबुलेंस को मामले की जानकारी देने के साथ ही कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। चारों घायलों को एंबुलेंस की मदद से राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया। अन्य व्यक्ति को मामूली चोटें आई थी जो प्राथमिक उपचार के बाद हॉस्पिटल से चला गया।



---

## ग्रामीणों ने अलग पंचायत के लिए मंत्री और सांसद को सौंपा ज्ञापन

**तंवरी (सिरोही).** चडुआल व फाचरिया के ग्रामीणों ने अपनी अलग पंचायत बनाने को लेकर पंचायतीराज मंत्री ओटाराम देवासी व सांसद लुम्बाराम चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में तंवरी पंचायत में चार गांव हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले 5 वर्षो से उनके गांव में कोई भी विकास का कार्य नहीं हुआ। इस मौके पर नटवर सिंह देवड़ा, डायाराम भट्ट, फूलाराम पुरोहित, प्रभाराम पुरोहित, भगवाना राम, नवाराम व दीपक मेघवाल सहित दोनों गांवों के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## जाग्रत ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में लिया हिस्सा

**माउंट आबू @ पत्रिका.** मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल व राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संचार परिषद के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली छात्रों के लिए हाल ही में भोपाल में आयोजित 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के छात्र जाग्रत शर्मा ने भाग लेकर सिरोही जिले का नाम रोशन किया।

छात्र जाग्रत के गुरुवार को विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रधानाचार्य धीरज कुमार शर्मा के नेतृत्व में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उद्घाटन करते हुए कहा कि जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान से बढकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें जय अनुसंधान जोड़ा है। अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान के नवीनतम मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर अनुसंधान के नए आयाम प्रस्तुत किए हैं।




## सिरोही की भाग्यश्री प्रधानमंत्री मोदी के सामने रखेंगी विजन

**सिरोही @ पत्रिका.** केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में राजकीय महिला कॉलेज सिरोही की एमएससी की छात्रा भाग्यश्री सिसोदिया का अन्तिम चरण में चयन हुआ। अब राजस्थान के प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रीय युवा दिवस पर 12 जनवरी को दिल्ली में 'विकास की विरासत भी' पर अपना विजन पीएम मोदी के सामने रखेगी। इससे पहले भी भाग्यश्री ने 'राजस्थान मिशन 2030' कार्यक्रम में राज्य स्तर पर सिरोही जिले का प्रतिनिधित्व किया था। जिस पर मुख्यमंत्री ने उनको एक लाख रुपए का चेक देकर पुरस्कृत किया था।

---

**फिल्म समीक्षा**

## पुरानी थीम की एक अगली किस्त सी है...गेम चेंजर

पिछले कुछ समय से तेलुगू-तमिल इंडस्ट्री में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाने और भ्रष्टाचार से लड़ने की थीम टॉप पर है। पुरानी थीम की नई किस्त है...गेम चेंजर



- **कास्ट:** रामचरण, कियारा, अंजली, एसजे सूर्या, श्रीकांत, सुनील, जयराम।
- **डायरेक्शन:** शंकर
- **स्टोरी:** कार्तिक सुब्बाराज
- **सिनेमोटोग्राफी:** तीरू
- **एडिटिंग:** शमीर मोहम्मद
- **जोनर:** पॉलिटिकल एक्शन

**रेटिंग चार्ट**

| | |
|---|---|
| आइएमडीबी रेटिंग: | 3 स्टार |
| मीडिया रेटिंग: | 3 स्टार |
| बॉलीवुड हंगामा: | 3 स्टार |
| ऑर्मैक्स: | 3 स्टार |
| सोशल मीडिया: | 3 स्टार |
| कोईमोई: | 3 स्टार |

रेटिंग ★★½ रनिंग टाइम: 165 मिनट

**देखने वालों के साथ फिल्म रिव्यू**

अपेक्षा और त्रिशा को फिल्म का सब्जेक्ट काफी अच्छा लगा, लेकिन फिल्म में मारधाड़ काफी ज्यादा होना उन्हें कुछ जगह रोमांचित करने की बजाय बोर कर गया। पारस, विनोद, भव्य ने कहा कि अधिकांश साउथ मूवी रिवेंज और सत्ता के भ्रष्टाचार से जुड़ी होती हैं। इसमें भी कुछ ऐसा ही दिखाया गया है। प्रजेंटेशन ठीक था। फिल्म कई जगह डिप हुई।

पूर्व आइपीएस राम नंदन होम डिस्ट्रिक्ट वाइजैक में कलक्टर बनकर आता है। आते ही वह अपराध और अपराधियों पर लगाम कसना शुरू कर देता है। वहीं, सीएम सत्यमूर्ति पहले हार्टअटैक के बाद सरकार के अंतिम एक साल में पूरी ईमानदारी से काम करने की कसम खाता है। उसका बदमाश बेटा और मंत्री मोपीदेवी को सीएम बनने की ख्वाहिश है। मौत से पहले सत्यमूर्ति राम को अपना वारिस घोषित करते हुए सीएम बना देता है।...

**एक्टिंग:** अप्पन्ना और राम नंदन के दोहरे रोल में रामचरण का काम ठीक था। कियारा-अंजली को जितनी स्क्रिन शेयर मिला उसमें ठीक कर गई। सूर्या ने अदाकारी से महफिल लूटी।

*लोकेशंस और सिनेमैटोग्राफी: ठीक-ठाक। - पुलकित शर्मा*

---

### रियायती दर पर आज बुक होंगे विज्ञापन

## अग्रवाल-वैश्य समाज का वैवाहिक विशेषांक कल

**जयपुर @ पत्रिका.** पत्रिका के राजस्थान के सभी संस्करणों तथा भोपाल, इंदौर व रायपुर के रविवार के संस्करण में अग्रवाल-वैश्य समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जाएगा। अग्रवाल, गुप्ता, खंडेलवाल व माहेश्वरी समाज सहित वैश्य समाज के विभिन्न संगठनों के सहयोग से प्रकाशित होने वाले इस विशेषांक में समाज के विवाह योग्य युवाओं का बायोडाटा प्रकाशित किया जाएगा। इस विशेषांक में शनिवार दोपहर 12 बजे तक रियायती दरों पर विज्ञापन बुक कराए जा सकेंगे। इसके लिए पूरा नाम, शहर का नाम, कॉन्टेक्ट नंबर और वाट्सऐप नंबर 7733014575 पर भेज दें। पत्रिका टीम अति शीघ्र आपसे संपर्क करेगी।

इस कार्य में अग्रसेन महासभा, अग्रवाल्स जयपुर डॉट कॉम तथा अग्रवाल विकास परिषद समिति कुन्हाड़ी, कोटा के साथ ही देश के विभिन्न शहरों से अग्रवाल-वैश्य समाज के कई संगठन भी जुड़ चुके हैं। आप देश के किसी भी हिस्से में अग्रवाल-वैश्य समाज के संगठन से जुड़े हैं एवं इस मुहिम में योगदान देना चाहते हैं तो ऊपर दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में 15 जनवरी, 12 फरवरी, 5 मार्च, 23 जुलाई, 6 अगस्त और 20 अगस्त तथा गत वर्ष 14 और 28 जनवरी एवं 5 और 19 मई , 25 अगस्त 8 एवं 22 सितम्बर को उपरोक्त सभी संस्करणों में अग्रवाल-वैश्य समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जा चुका है।

## 1.33 लाख के नकली नोट मिले, दो देशी पिस्टल, तलवार बरामद

**सांचौर @ पत्रिका.** सांचौर पुलिस ने 1 लाख 33 हजार रुपए के नकली नोट, दो देशी पिस्टल, एक छुरा और एक तलवार बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी आवड़दान रत्नू ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कृपाल सिंह निवासी डबाल और उसके साथियों ने एक शॉर्ट बॉडी की जीप लेकर रिड़मल सिंह निवासी डबाल के घर पर हमला कर दिया है। इन बदमाशों के पास हथियार हैं। सूचना पर थानाधिकारी हुकमाराम मौके पर पहुंचे और आरोपी कृपाल सिंह को पकड़ लिया। आरोपी कृपाल सिंह के कब्जे में स्थित एक शॉर्ट बॉडी की जीप, कृपाल सिंह स्वयं की तलाशी ली गई तो जीप के अन्दर सीट पर रखी हुई दो देशी पिस्टल, जिनमें खाली मैग्जीन लगी हुई थी। दोनों देशी पिस्टल और एक धारदार छुरा, एक तलवार को बरामद किया गया।

---

## आज का राशिफल शनिवार, 11 जनवरी 2025

| राशि | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* पारिवारिक मतभेद दूर होंगे, निजी संबंध मधुर बनेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* सूझबूझ से कार्य पूरा करेंगे, जीवनसाथी से संबंध मधुर होंगे, पुराने मित्रों से भेंट होगी, आर्थिक निवेश शुभ रहेंगे। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह* दिनचर्या में बदलाव लाएं। आलस त्यागकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति में लग जाएं। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिलेगी। |
| कर्क | *हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* मानसिक शांति की तलाश में रहेंगे, आर्थिक मामलों में सावधानी रखें, पुराने दोस्तों के साथ समय व्यतीत होगा। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* व्यापार में आ रही परेशानी दूर होगी, सहकर्मियों का सहयोग न मिलने से कार्यों को पूरा होने में विलंब होगा। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* रुका धन मिलने से रुके कार्य पूरे होंगे। न्यायालय में चल रहे प्रकरणों में सफलता मिलेगी। पिता से संबंध मजबूत होंगे। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* सुनियोजित रणनीति से कार्य सफल होंगे संतान के किए कार्यों से चिंतित रहेंगे नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* व्यापार में आ रहे अवरोध से चिंतित रहेंगे, जमीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रभावित होंगे। पेट से संबंधित पीड़ा होगी। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* गैरकानूनी कार्यों से दूर रहे अन्यथा परेशानी बढ़ सकती है, संतान के विषय में कठोर निर्णय लेना होंगे। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* मानसिक अशांति का सामना करना पड़ेगा क्रोध पर नियंत्रण रखें, बहनों से संबंध कमजोर होंगे, स्वास्थ में कमी आएगी। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* व्यवसाय विस्तार के योग हैं, अपने व्यवहार को नम्र रखें दोस्तों के साथ मेल जोल बढ़ेगा नौकरी में मन मुटाव बढ़ सकते हैं। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, संतान की उन्नति से प्रसन्न रहेंगे आध्यात्मिक माहौल में समय बीतेगा। |

**ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास,** पंचांगकर्ता, उज्जैन

**ग्रह-नक्षत्र** ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | शिशिर |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास : | रज्जब-10 | मास: | पौष |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | उत्तरायण | पक्ष: | शुक्ल |

**आज का दिन**

**शनिवार, 11 जनवरी, 2025**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज प्रात: 8-40 से प्रात: 9-58 तक शुभ तथा दोपहर 12-35 से सायं 4-29 तक क्रमश: चर लाभ व अमृत के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-14 से दोपहर 12-55 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** एकादशी नन्दा संज्ञक तिथि प्रात: 8-22 तक, तदन्तर अन्तरात्रि 6-34 तक द्वादशी भद्रा संज्ञक तिथि रहेगी। इसके बाद त्रयोदशी तिथि प्रारम्भ हो जायेगी। इस प्रकार आज द्वादशी तिथि का क्षय हुआ है। एकादशी व द्वादशी तिथियों में शुभ व मांगलिक कार्य, एकादशी में जनेऊ, विवाह, देवोत्सव, गृहारम्भ व प्रवेश आदि के कार्य और द्वादशी तिथि में विवाह व अलंकारादिक कार्य प्रशस्त है। पर अभी मलमास में शुभ कार्यादि शुभ नहीं कहे गए हैं।

**नक्षत्र:** "ध्रुव व ऊर्ध्वमुख" संज्ञक नक्षत्र दोपहर 12-29 तक, तदन्तर मृगशिर "मृदु व तिर्ङ्यंमुख" संज्ञक नक्षत्र है। रोहिणी नक्षत्र में पौष्टिक, विवाह व देवकृत्य, मांगलिक व अलंकारादिक कार्य करने योग्य हैं। पर विवाहादि मांगलिक कार्य अभी मलमास में वर्जित हैं।

**योग:** शुक्ल नामक नैसर्गिक शुभ योग पूर्वाह्न 11-48 तक, तदन्तर ब्रह्म नामक नैसर्गिक शुभ योग है।

**विशिष्ट योग:** सर्वार्थसिद्धि नामक शुभ योग व अमृतसिद्धि नामक शुभ योग सूर्योदय से दोपहर 12-29 तक है।

**करण:** बालव नामकरण प्रात: 8-22 तक, तदन्तर कौलव व तैतिल आदि करण क्रमश: हैं।

**व्रतोत्सव :** आज शनि प्रदोष व्रत, रोहिणी व्रत (जैन), ऊँट महोत्सव प्रा. 2 दिन का बीकानेर (राजस्थान में)।

**चंद्रमा :** चन्द्रमा रात्रि 11-55 तक वृष राशि में व इसके बाद मिथुन राशि में होगा।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज किसी शुभ व मांगलिक कार्यादि के शुभ व शुद्ध मुहूर्त नहीं हैं।

**दिशाशूल:** शनिवार को पूर्व दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्रस्थिति के अनुसार आज रात्रि 11-55 तक दक्षिण दिशा की व इसके बाद पश्चिम दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यमान से): प्रात: 9.00 बजे से प्रात: 10-30 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासंभव वर्जित रखना हितकर हैं।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (वु, वे, वो, क, कि) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। रात्रि 11-55 तक जन्मे जातकों की जन्म राशि वृष व इसके बाद जन्मे जातकों की जन्म राशि मिथुन है। वृष राशि केस्वामी शुक्र व मिथुन राशि के स्वामी बुध हैं। इनका जन्म स्वर्णपाद से है। सामान्यत: ये जातक सुन्दर, आकर्षक, कार्यपटु, बुद्धिमान, चालाक, होशियार और कलाकार होते हैं। इनका भाग्योदय लगभग 30 वर्ष की आयु तक होता है। वृष राशि वाले जातकों को भागदौड़ अधिक रहेगी। व्यापार-व्यवसाय या अन्य कार्यों में अति परिश्रम से धन लाभ होगा। रुके हुए कार्यों में प्रगति होगी।

**सीएम ने सेल्फी प्वॉइंट पर फोटो शूट कराया : देश दुनिया से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को किया समर्पित**

# सांस्कृतिक विविधता का दर्शन कराएगा पवेलियन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**महाकुंभनगर.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी स्टेट पवेलियन महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को जानने और समझने का केंद्र बनेगा।

योगी ने महाकुंभ क्षेत्र में बनकर तैयार हुए यूपी स्टेट पवेलियन (उत्तर प्रदेश दर्शन मंडपम) का उद्घाटन किया और इसे महाकुंभ में आने वाले देश और दुनिया के श्रद्धालुओं को समर्पित किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने योगी को पर्यटन सर्किट पर आधारित प्रदर्शनी स्थल को दिखाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सेल्फी प्वॉइंट पर फोटो शूट भी कराया। उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा महाकुम्भ के सेक्टर 7 में पांच एकड़ क्षेत्रफल में तैयार किए गए दर्शन मंडपम में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों के पर्यटन सर्किट पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त एक जिला एक उत्पाद, उत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना और रेशम विभाग के स्टाल लगाए गए हैं। दर्शन मंडपम में यूपी के व्यंजन, भारत के व्यंजन और ऑर्गेनिक व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। मुख्य मंडप में धार्मिक स्थलों की भव्य झांकी लगाई गई है।


यूपी स्टेट पवेलियन में सेल्फी प्वॉइंट पर फोटो शूट करवाते सीएम योगी।

### ऑर्गेनिक खानपान गैलरी करेगी आकर्षित

**खानपान** से जुड़ी तीन तरह की गैलरियां तैयार की गई हैं। उत्तर प्रदेश के व्यंजनों पर आधारित गैलरी, भारत के व्यंजनों पर आधारित गैलरी और ऑर्गेनिक खानपान पर आधारित गैलरी में खानपान के बहुरंगी स्टाल लगाए गए हैं। यहां ओडीओपी और रेशम के उत्पादों के साथ ही ग्रामीण पर्यटन से जुड़ी गैलरियां तैयार की गई हैं और सभी के स्टाल लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश दर्शन मंडपम में बेहतरीन सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं, जो आगंतुकों को आकर्षित कर रहे हैं।

### सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल प्रदर्शित

**पर्यटन** से संबंधित गैलरी में रामायण सर्किट, कृष्ण-ब्रज सर्किट, महाभारत सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी कबीर सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट, जैन सर्किट, वाइल्ड लाइफ एवं ईको टूरिज्म सर्किट, क्राफ्ट सर्किट एवं स्वतंत्रता संग्राम सर्किट के माध्यम से उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व से जुड़े स्थलों को प्रदर्शित किया गया है। इन 12 सर्किट में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता की तस्वीर देखने को मिलती है।

## खूनी संघर्ष में एक की मौत,छह घायल

**इटावा@पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के बसरेहर इलाके में पुरानी रंजिश में दो गुटों में हुए संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सैफई के पुलिस उपाधीक्षक पहुप सिंह ने बताया कि जाफराबाद गांव में बीती रात करीब दस बजे अवधेश कुमार, विमलेश कुमार, अनीस कुमार, पंचीलाल , राम बेटी, प्रेम सिंह शाम को खाना खाकर अपने दरवाजे पर बैठे हुए थे, तभी गांव के ही कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को मानते हुए गाली गलौज करने लगे। प्रेम सिंह ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उनको लाठी डंडे से प्रेम सिंह के सिर पर वार कर दिया जिससे वह मौके पर ही जमीन पर गिर पड़ा। घर वालों ने देखा तो उनको बचाने के लिए दौड़े तो दबंगों ने सभी लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

## साईं मंदिर से पांच लाख की चोरी

**इटावा @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के सिविल लाइन इलाके में साईं मंदिर में लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि साईं मंदिर से चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। चोरों ने मंदिर की दीवार कूद कर ताले काटे और चांदी के चरण पादुका, दान पात्र में रखा चढ़ावा समेत लाखों रुपए का कीमती सामान चुरा कर फरार हो गए। साईं मंदिर के व्यवस्थापक ने पुलिस को सूचना दी। साईं मंदिर में तीन चोरों ने दीवार फांदकर मंदिर के गेट का ताला तोड़कर चोरी की। जिसमें करीब साढ़े 4 किलो की चांदी की वस्तु दान-पेटी में करीब 30 हजार की नकदी पार कर दी।

**प्रयागराज की धरती पर हजारों वर्ष से अनवरत जारी कुंभ**

# वक्फ बोर्ड नहीं भूमाफियाओं का है बोर्ड: योगी आदित्यनाथ

### भारत की समृद्ध विरासत और परंपरा का प्रतीक है महाकुंभ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रयागराज की इस धरती पर हजारों वर्ष से कुम्भ का आयोजन होता आ रहा है। इसके बाद भी उसको कोई वक्फ बोर्ड की लैंड बोल दे तो बस यही कहना है कि ये वक्फ बोर्ड है या भूमाफियाओं का बोर्ड है। इस तरह की दुष्प्रवृत्ति पर रोक लगनी ही चाहिए और हम रोक लगाएंगे।

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में ऐरावत घाट पर एक कार्यक्रम में योगी ने कहा ''हमने कुछ संशोधन यहां पर किए हैं कि कोई भी जमीन जिस पर वक्फ ने कब्जा किया है या दावा किया है, 1363 फसली की उसके पूरे रिकॉर्ड को चेक किया जाए। कहीं भी वक्फ शब्द आता है तो पहले उसे देखो की जमीन किसके नाम पर थी और फिर उसको हम वापस दिलाने का काम कर रहे हैं। कहीं भी, किसी भी ऐसी जमीन पर जो सार्वजनिक उपयोग में होगी। हिंदू आस्था से जुड़े पवित्र स्थलों की जमीन होगी या सरकार की होगी, यहां पर इस प्रकार के किसी भी भूमाफिया बोर्ड को कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ये कुम्भ की भूमि है और आने वाले साधु-संतों को कुम्भ के आयोजन के लिए इसी प्रकार से उपलब्ध होती रहेगी। दुनिया भर से आस्थावान लोग प्रयागराज के महाकुंभ में आ रहे हैं और अगर कोई उनकी आस्था और श्रद्धा को ठेस पहुंचाने के लिए ये कहता है कि साहब यह तो वक्फ की जमीन है। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि हजारों वर्षो की भारत की विरासत के प्रतीक का आयोजन यहीं पर होता आया है।''

**ढांचे को मस्जिद बोलने की जिद ना करें:** उन्होंने कहा कि किसी भी विवादित ढांचे को मस्जिद नहीं बोलना चाहिये। हम जिस दिन मस्जिद बोलना बंद कर देंगे तो उस दिन लोग जाना भी बंद कर देंगे। यह इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ भी है कि किसी की भी आस्था को ठेस पहुंचाकर, वहां मस्जिद नुमा ढांचा खड़ा कर दिया हो। ऐसे स्थान पर किसी भी प्रकार की होने वाली इबादत खुदा को भी मंजूर नहीं होती है। जब खुदा को मंजूर नहीं होती है तो बेकार में वहां क्यों इबादत की जाए। वहीं इस्लाम में उपासना के लिए एक स्ट्रक्चर खड़ा हो, यह आवश्यक नहीं है जबकि यह सनातन धर्म में हैं। ऐसे में हमे किसी भी ढांचे को मस्जिद बोलने की जिद नहीं करनी चाहिये। यह समय एक नये भारत के बारे में सोचना के साथ आगे बढ़ने का हैं।



### रोडवेज बसों को हरी झंडी दिखाई

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने दौरे में परिवहन निगम की विशेष शटल बसों और अटल सेवा इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। योगी महाकुंभ की व्यवस्थाओं का जायजा लेने प्रयागराज पहुंचे थे। वह अखाडों के संत महात्माओं से मुलाकात कर महाकुंभ की व्यवस्थाओं के बारे चर्चा किया था। कुछ बचे कार्यों को लेकर अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्यो का पूरा कराने का निर्देश दिया था।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ में हिस्सा लेने आ रहे श्रद्धालुओं को उत्तर प्रदेश परिवहन की बेहतर सुविधा देने के मकसद से नई बसों को परिवहन निगम के बेड़े में शामिल किया गया है। परेड क्षेत्र में 100 बसों को हरी झंडी दिखाई गयी।

### मॉरिशस के पीएम ने दिया था उलाहना

**योगी** ने कहा इस आस्था को नई ऊंचाई देने से किसने रोका था। 2017 के पहले यही आयोजन गंदगी का पर्याय बनता था और अव्यवस्था होती थी। 2013 के महाकुंभ में क्या स्थिति थी। उन्होंने कहा कि मॉरिशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्नान करने आए थे और अव्यवस्था गंदगी देख आंखों से आंसू बहाकर दुखी मन से कहा था कि क्या यही गंगा है और वापस चले गये थे।

### महाकुंभ में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर दिखेगी

**योगी आदित्यनाथ** ने कहा कि एक वर्ष पहले अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके रामलला का विराजमान होना और 144 वर्षों बाद इस तरह के मुहूर्त में महाकुंभ का होना, ये ईश्वर की कृपा है। योगी ने कहा कि महाकुम्भ में पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों के साथ दक्षिण भारत के राज्यों से संतों का आगमन नहीं हो पाता था। वहीं इस बार महाकुंभ में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर देखने को मिलेगी। यहां हर जगह से संतों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी होगी। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी अगले 45 दिनों में प्रयागराज की त्रिवेणी में डुबकी लगाएगी। योगी ने विपक्ष के वार पर पलटवार करते हुए कहा कि हमने कभी नहीं कहा कि बीजेपी ने खुद को महाकुम्भ के आयोजन से जोड़ा है।

**सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर साधे निशाने**

# 'भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**लखनऊ.** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर हैं। यादव ने कहा कि इस सरकार की हर योजना में भ्रष्टाचार की कहानी छिपी है। हर योजना में बजट की लूट चल रही है। इस लूट में सरकार के ऊपर से नीचे तक के सभी लोग शामिल हैं। भाजपा सरकार की कमीशन खोरी और लूट के कारण महंगाई बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में अस्पतालों और दवाओं का मामला हो या जल जीवन मिशन में घर-घर जल पहुंचाने की योजना हो। निर्माण कार्य हो या सड़क और एक्सप्रेस-वे योजनाएं हर जगह भारी भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार में हुए भ्रष्टाचार के हर दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है।

**उद्घाटन के बाद उखड़ गया एक्सप्रेस-वे:** यादव ने कहा कि जिस बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री जी ने किया था वह उद्घाटन के बाद ही उखड़ और धंस गया था। अब नया मामला गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का है। जो अभी तक पूरा नहीं हुआ।

**गुजरात के गांधीनगर से खाद ला रही थी गाड़ी**

## मालगाड़ी का इंजन बेपटरी

**सीतापुर @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में रेलवे के माल गोदाम के पास गांधीधाम गुजरात से खाद लेकर आ रही मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया। बीती देर शाम हुये इस हादसे के बाद पुलिस लाइन रेलवे क्रॉसिंग भी बंद हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर लखनऊ से दुर्घटना की राहत ट्रेन को सीतापुर भेज दिया गया। इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मौके पर जीआरपी और आरपीएफ एवं रेलवे बचाव दल के जवानो ने राहत कार्य शुरु किया। शुक्रवार सुबह राहत कार्य पूरा होने के बाद क्रासिंग के दोनो ओर यातायात बहाल हो गया हैं। दुर्घटना के कारणों की पड़ताल रेल प्रशासन कर रहा है।

**प्रतिमा अनावरण** | **पूर्व स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी के संघर्ष को याद किया**

# मां ने बनाया हेमवती बहुगुणा को स्वतंत्रता सेनानी : योगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**महाकुंभनगर.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज के भूमाफिया को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिले में सैकड़ों एकड़ भूमि पर तमाम भूमाफिया ने कब्जा किया हुआ है और देर सवेर तो इसे खाली होना ही है।

पूर्व स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण के अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग है कि राजधानी लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर मिला। प्रयागराज में स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय कमला बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भू माफिया को भी निशाने पर लिया और चेतावनी भरे लहजे में कहा कि भू माफिया ने प्रयागराज में जो सैकड़ों एकड़ भूमि कब्जाई है, उसे खाली करना ही पड़ेगा।


स्वतंत्रता सेनानी हेमवती बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण करते योगी।

### मां ने मजबूत किया

**मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता** सेनानी कमला बहुगुणा के संघर्ष को भी याद किया और कहा, ''कमला बहुगुणा ने बचपन से ही ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लिया। आठ साल की उम्र में ही उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ नारे लगाए, तो उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने प्रताड़ित किया। जब अपनी मां से शिकायत की तो मां ने उन्हें और मजबूत किया। मां बोलीं कि यह देश की आजादी के लिए संघर्ष का हिस्सा है और हमें इस तरह पिटाई की आदत डालनी होगी।

### भौतिक संपत्ति की अनदेखी ने बनाया महान

**योगी** ने बताया कि 2019 के महाकुम्भ के दौरान एक शिविर में पहुंचे। वहां पता चला कि कमला बहुगुणा ने 1954 में ही एक शिविर की शुरुआत की थी, जो आज भी संचालित होता है। यहां खोया-पाया के साथ ही कई प्रकार से श्रद्धालुओं की मदद की जाती है। मुख्यमंत्री ने बहुगुणा परिवार के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को सराहा। उन्होंने कहा, हेमवती नंदन बहुगुणा ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के पद पर रहते हुए भी कभी भौतिक संपत्ति की चाह नहीं की। वे यहीं प्रयाग में किराए के मकान में रहते थे, जबकि वे आसपास के सभी घर खरीद सकते थे। उनकी यही विशेषता बहुगुणा परिवार को यादगार बनाए रखेगी।





**पटना** में बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर नियोजन भवन के सामने प्रदर्शन किया। पत्रिका

**पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की**

# मैं मूलतः संगठन का कार्यकर्ता, कार्य करने में आनंद आता है: रघुवर दास

### झारखंड राज्य को घुसपैठियों से बचाने का आह्वान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि एक मजदूर के बेटे को पार्टी ने बहुत कुछ दिया।

दास ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो निष्ठावान कार्यकर्ताओं को शिखर तक पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि मुझे मुख्यमंत्री, राज्यपाल बनाया। अब मेरी कोई महत्वाकांक्षा नहीं। एक ही उद्देश्य झारखंड को राष्ट्र विरोधी शक्तियों से बचाना। लोकतंत्र का दूसरा मंत्र है लोकजागरण। हमें झारखंड को घुसपैठियों और धर्मांतरण कराने वाली ताकत से बचाना है। उन्होंने कहा कि मैं मूलतः संगठन का कार्यकर्ता हूं और संगठन कार्य करने में मुझे खुशी मिलती है। भाजपा जनादेश का सम्मान करती है। जनता ने विधानसभा चुनाव में विपक्ष में बैठने का आदेश दिया है। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता एम्बेसडर बनकर संगठन और जनता के बीच कार्य करेंगे। हम फिट और फाइटिंग भाजपा बनाना है। सदस्यता अभियान में लाखों लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।


भाजपा के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते पूर्व मुख्यमंत्री रघुवरदास।

### लालच देकर कर रहे धर्मांतरण बर्दाश्त से बाहर

**दास** ने कहा कि बीजेपी सभी धर्म संप्रदाय का सम्मान करती है लेकिन लोभ लालच के बल पर हो रहे धर्मांतरण को पार्टी नहीं बर्दाश्त करेगी। आज फिर से पी एफ आई जैसे संगठन सक्रिय हैं। संथाल परगना को टारगेट किया जा रहा। जबकि उनकी सरकार ने पी एफ आई और प्रतिबंध लगाए थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगर घुसपैठियों और अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती तो बीजेपी चुप नहीं बैठेगी। दास ने कहा भाजपा 6 महीने तक राज्य की गठबंधन सरकार को वादे को पूरा करने उसके लिए नीति बनाने का समय देती है। सरकार का रवैया सकारात्मक नहीं रहने पर पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।

दास ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल पद का बार बार दुरुपयोग किया। धारा 356के माध्यम से लोकतांत्रिक सरकार को भंग करने का पाप किया।

**21 घोषणाओं में लवकुश पार्क का निर्माण भी**

# बिहार: प्रगति यात्रा में की घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए 2960.48 करोड़ मंजूर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी प्रगति यात्रा के दौरान अबतक विकास योजनाओं की हुई घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए आज सरकार ने 2960 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के व्यय की मंजूरी दे दी।

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने संवाददाताओं को बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस आशय की 21 योजनाओं का काम शुरू करने के लिए कुल 2960 करोड़ 48 लाख 18 हजार 435 रुपये के व्यय प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि इन 21 घोषणाओं में पश्चिम चंपारण जिले में लव-कुश ईको टूरिज्म पार्क का निर्माण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद् द्वारा राज्य स्कीम के तहत पश्चिम चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर में लव-कुश इको टूरिज्म पार्क के विकास के लिए 51 करोड़ 54 लाख 7900 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी हैं।

### 1923 से आयोजित हो रहा महावीरी झंडा मेला

**सीवान जिला** में मौनिया बाबा महावीरी झंडा मेला लगभग 10 एकड़ क्षेत्रफल की भूमि में महाराजगंज अंचल के मौजा सिहौता में आयोजित होता है। यह मेला वर्ष 1923 से लगातार आयोजित होता आ रहा है। पर्यटन के दृष्टिकोण से भी इस मेला की महत्ता काफी अधिक है। मेला में स्थानीय स्तर पर तैयार खेल-कूद का सामान, बच्चों एवं महिलाओं का सामान, लकड़ी से बने फर्नीचर, आदि की बड़ी संख्या में बिक्री होती है, जिसके कारण यह मेला आर्थिक व्यापारिक गतिविधि के साथ ही पर्यटन का भी एक महत्वपूर्ण स्थल एवं क्षेत्र के रूप में स्थापित है।

## सुशील कुमार मोदी जयंती पखवाड़ा पर महिला क्रिकेट मैच

**पटना @ पत्रिका.** बिहार की राजधानी पटना के राजेंद्रनगर स्थित शाखा मैदान पर चलने वाली वाईसीसी क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर शुक्रवार को सुशील कुमार मोदी जयंती पखवाड़ा पर स्वच्छता अभियान एवं एक दिवसीय क्रिकेट मैच खेला गया। यह मैच 20-20 ओवरों का बिहार साउथ जोन बनाम बिहार ईस्ट जोन के बीच खेला गया, जिसमें बिहार ईस्ट जोन की टीम चैंपियन बनी। टॉस जीत कर बिहार साउथ ज़ोन ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। 20 ओवर खेलकर बिहार साउथ जोन ने तीन विकेट खोकर 109 रन बनाये। सुहानी ने नाबाद 39, ममता ने 16 रन बनाये। अतिरिक्त के सहारे 11 रन बने। प्राची ने नौ रन देकर एक और सिमरन ने 17 रन देकर एक विकेट चटकाये।लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार ईस्ट ज़ोन ने 12 ओवर में बिना विकेट गंवाए 111 रन बना कर मैच जीत लिया। स्वीटी ने नाबाद 57 और स्नेहा प्रकाश ने 41 रन की पारी खेली। स्वीटी को प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरुरस्कार मिला। मैच का उद्घाटन बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

## 50 हजार रुपए का इनामी कुख्यात पगला मांझी गिरफ्तार

**गया @ पत्रिका.** बिहार में गया जिले की मुफस्सिल थाना की पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी पगला मांझी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आठ सितंबर को पगला मांझी ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित आरओबी के नीचे अपने साथियों के साथ मिलकर मुफस्सिल पुलिस के डायल 112 के कर्मी से रिवाल्वर लूट ली थी। हालांकि पुलिस ने बाद में रिवाल्वर बरामद कर लिया था। इस मामले में चार अपराधी पकड़े गए थे, लेकिन प्रह्लाद मांझी उर्फ पगला मांझी फरार चल रहा था। वह कुछ दिनों से लोको मोहल्ला में छिपा हुआ था। स्पेशल पुलिस टीम एवं मुफस्सिल थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से लोको स्थित पगला मांझी के ठिकाने पर मध्य रात छापेमारी की।

**केन्द्रीय करों में प्राप्त 17,403 करोड़ रुपये मिले**

# कल्याणकारी योजनाओं को तीव्र गति मिलेगी: सम्राट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**पटना.** बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केन्द्र से केन्द्रीय करों में प्राप्त 17,403 करोड़ रुपये से राज्य में आधारभूत संरचना के निर्माण एवं कल्याणकारी योजनाओं को तीव्र गति मिलेगी।

सम्राट चौधरी ने बताया कि केन्द्रीय करों में हिस्सा के रूप में बिहार को जुलाई 2024 से केंद्र सरकार हर माह 8,960 करोड़ रुपये प्रतिमाह दे रही हैं, जबकि इस वर्ष 2025 में इस राशि को दोगुणा कर 17,403 करोड़ रुपये कर दिया गया हैं। उत्तर प्रदेश के बाद बिहार को अधिकतम राशि उपलब्ध करायी गई हैं। उन्होंने कहा केन्द्रीय करों में राज्य के हिस्सा के रूप में तीसरी बार दोगुणी राशि प्राप्त हुई। चौधरी ने कहा कि केन्द्र केन्द्रीय करों में राज्य के हिस्सा के रूप में देय करों का भुगतान राज्यों को किया जाता है और वर्ष में अतिरिक्त राशि का समायोजन हर साल सिर्फ मार्च के महीने में किया जाता था। वर्तमान एनडीए सरकार ने वर्ष 2021-22 से प्रतिनिधान का समायोजन पूरे वर्ष करना शुरू किया है।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। **–वाल्तेयर**



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# चिंताजनक है अमीरों के देश छोड़ने की प्रवृत्ति

दुनिया के विकसित और समृद्ध कहे जाने वाले देशों में मिलने वाली सुविधाएं हर किसी को आकर्षित करती हैं। भारत समेत दुनिया के तमाम दूसरे कई देशों में धनकुबेर ही नहीं बल्कि थोड़ी सी भी समृद्धि हासिल करने वाले भी दूसरे देशों में बसने को प्राथमिकता देने लगे हैं। इंटरनेशनल फर्म हेनली एंड पार्टनर्स ने दुनिया के धनकुबेरों के अपना देश छोड़ देने की प्रवृत्ति को लेकर आसन्न संकट की ओर जो ध्यान आकृष्ट किया है, उस पर हमें भी चिंता करने की जरूरत है। यह इसलिए भी कि भारत में भी थोड़ा सा पैसा आते ही दूसरे देश में बसने की प्रवृत्ति खूब नजर आने लगी है। अपने देश में ऐसे लोगों को रहन-सहन से लेकर खान-पान, स्वतंत्रता और स्वच्छंदता हर बात में कमी नजर आने लगती है।

देश में पले-बढ़े लोग जब इस तरह के अवसरों की ताक में रहते हैं तो यह सवाल भी उठना स्वाभाविक है कि आखिर अचानक ऐसे लोगों को अपने देश में रहना क्यों भारी लगने लगता है? विदेश मंत्रालय का आंकड़ा है कि किसी न किसी कारण से विदेश में जाकर बस गए भारतीयों की संख्या 3.5 करोड़ से ज्यादा है। यह मानव संसाधन का बड़ा आंकड़ा है, जिसका लाभ भारत को मिलना चाहिए। महज धन कमाने की लालसा ही इसकी वजह हो सकती है, ऐसा भी नहीं है। हमारे देश के संसाधनों के जरिए अमीरी के मुकाम तक पहुंचने वालों के बारे में यह विचार तो करना ही होगा कि आखिर दूसरे देशों में ऐसा क्या है जिनके मोह में हमारे लोग अपनी जड़ों से कटकर वहां बसने को आतुर नजर आते हैं। बहुत ही अव्यावहारिक न हो, तो ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास होना चाहिए जिससे ये धनपति देश की आर्थिक समृद्धि में सहयोगी बन सकें। छोटे से बड़े बनने तक जिस शख्स को हमारे यहां सींचा गया हो, वह पौधा, पेड़ बनने के बाद दूसरे देश में फल देने लग जाए, यह देश के हित में कतई नहीं होगा। दूसरे देश में बसने की जो बड़ी वजहें हैं उनमें बेहतर जीवन स्तर, परिवहन, चिकित्सा व शिक्षा की सुविधा तथा कारोबार या रोजगार के दूसरे अच्छे अवसर सामने आते हैं।

इसमें दो राय नहीं कि हमारे देश में पिछले दशकों में इन सभी मोर्चों पर काफी प्रगति हुई है। इसके बावजूद लोगों का दूसरे देशों में बसने का सिलसिला जारी है तो यह माना जाना चाहिए कि अभी इस दिशा में काफी-कुछ करना बाकी है। मेहनत विदेशी चकाचौंध से अभिभूत इस नवधनाढ्य वर्ग को रोकने की ही नहीं, बल्कि उन लाखों युवाओं के लिए आधार बनाने में भी करनी होगी, जो रोजगार के बेहतर अवसरों की तलाश में विदेश चले जाते हैं और देर-सवेर फिर वहीं के होकर रह जाते हैं।

**प्रकृति पूजा मूल में हृदय-देवता की पूजा है।** हृदय स्थित ब्रह्मा ही ब्रह्म का प्रतिरूप है। अव्यय की प्रतिष्ठा है। स्थूल सृष्टि के साथ अव्यय का सूत्र प्रकृति बनाती है। हृदय परा प्रकृति है। सूर्य के नीचे अपरा प्रकृति है। तीनों लोक ही विष्णु-महालक्ष्मी का क्षेत्र हैं।

# पत्नी ही प्रकृति है : बाहर-भीतर



**गुलाब कोठारी**
प्रधान संपादक
पत्रिका समूह
@patrika.com



## शरीर ही ब्रह्माण्ड

चूंकि पत्नी के प्राण पति के हृदय में ही रहते हैं जो उसकी भावना के साथ प्रभाव छोड़ते रहते हैं। पुरुष और प्रकृति एक ही देह में जीवन संचालन करते हैं। पुरुष के पास कामना है, प्रकृति कर्म करती है। अव्यय पुरुष के पास माया (महालक्ष्मी रूप) तथा अक्षर पुरुष के साथ हृदय में तीनों देवियां प्रतिष्ठित हैं। अपने-अपने पति की अर्द्धांगिनी रूप में कार्य करती हैं।

पुरुष और प्रकृति मिलकर सृष्टि का संचालन करते हैं। प्रलयकाल में सृष्टि जलमग्न थी। चारों ओर अंधकार था। विष्णु क्षीरसागर में निद्रामग्न थे। जल के राजा वरुण का साम्राज्य था। वरुण ही दैत्यों का अधिपति हैं, वरुण ही एक आदित्य भी हैं। विष्णु सोम के अधिष्ठाता हैं। उनकी नाभि/केन्द्र में ब्रह्मा रूप अग्नि प्रतिष्ठित है। विष्णु के चरणों की ओर लक्ष्मी/पृथ्वी दिखाई पड़ती है। लक्ष्मी ही सृष्टि की सर्वप्रथम देवी अवतार बनती है। वही गुणातीत दुर्गा कहलाती है। पृथ्वी का ही दूसरा नाम विष्णु पाद है। विष्णु ही पृथ्वी को धारण करते हैं। पृथ्वी का निर्माण भी जल से ही होता है। महालक्ष्मी त्रिगुण रूप में जगत का आदि कारण हैं। वही दृश्य और अदृश्य रूप से सम्पूर्ण विश्व को व्याप्त किए हुए है। सृष्टि चूंकि यहां से ही शुरू होती है, अतः विष्णु ही सृष्टि के बीज हैं और लक्ष्मी को ही विष्णु माया के नाम से जाना जाता है। दोनों ही सृष्टि के जनक, पालक और पोषक कहे जाते हैं।

विष्णु का प्रथम अवतार परात्पर है। ब्रह्म है, माया है। यही तो अर्द्धनारीश्वर है। आधा भाग ब्रह्म, आधा माया। ब्रह्म बीज भाव और माया कामना रूप सृष्टि करती है। मैं ही मेरी कामना। मैं ही मेरी सृष्टि। ऋताग्नि में ऋत सोम की आहुति से ऋतुएं बनीं। संवत्सर प्रजापति बना। सत्याग्नि बना। सोम सदा ऋत होता है। अतः सत्य को केन्द्र में रखकर परिधि रूप- अव्यय पुरुष बन जाता है।

प्रकृति पूजा मूल में हृदय-देवता की पूजा है। हृदय स्थित ब्रह्मा ही ब्रह्म का प्रतिरूप है। अव्यय की प्रतिष्ठा है। स्थूल सृष्टि के साथ अव्यय का सूत्र प्रकृति बनाती है। हृदय परा प्रकृति है। सूर्य के नीचे अपरा प्रकृति है। तीनों लोक ही विष्णु-महालक्ष्मी का क्षेत्र हैं। परमेष्ठी में भृगु-अंगिरा-अत्रि प्राण उत्पन्न करती है महालक्ष्मी। ये ही क्रमशः परा प्रकृति के महालक्ष्मी-महासरस्वती-महाकाली रूप आग्नेय प्राण (वेदत्रयी) हैं। इसी प्रकार पार्थिव चन्द्रमा से अपरा सत्व-रज-तम रूप प्रकृति उत्पन्न होकर आत्मा से जुड़ती है। विष्णु-महालक्ष्मी अथर्व रूप अर्थ सृष्टि (सोमरूप) के संचालक बनते हैं। रोदसी, क्रन्दसी और संयति तीनों त्रिलोकियों की अपनी-अपनी प्रकृतियां हैं। आगे प्रत्येक प्राणी की अपनी प्रकृति होती है। वैसा ही सोम हृदय ग्रहण करता है। सृष्टि वैसा ही स्वरूप ग्रहण करती है।

जीवन में काल और परिस्थितियां बदलती रहती हैं। स्वरूप भी उसी अनुरूप बदल जाते हैं। चूंकि पत्नी के प्राण पति के हृदय में ही रहते हैं जो उसकी भावना के साथ प्रभाव छोड़ते रहते हैं। पुरुष और प्रकृति एक ही देह में जीवन संचालन करते हैं। पुरुष के पास कामना है, प्रकृति कर्म करती है। अव्यय पुरुष के पास माया (महालक्ष्मी रूप) तथा अक्षर पुरुष के साथ हृदय में तीनों देवियां प्रतिष्ठित हैं। अपने-अपने पति की अर्द्धांगिनी रूप में कार्य करती हैं। आत्मा के निर्माण के साथ ही चन्द्रमा के प्रतिबिम्ब रूप प्रकृति साथ हो जाती है। ब्रह्मा-विष्णु-महेश ही हृदय रूप में प्रतिष्ठित रहते हैं।

श्रीमद्भगवद् गीता और दुर्गा सप्तशती में अपरा प्रकृति और प्रधान मूल प्रकृति का विस्तृत वर्णन है। अपरा प्रकृति का वर्णन करते हुए कृष्ण कहते हैं कि–



**भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।**
**अहङ्कार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा।।** गीता 7.4

कृष्ण ने अपनी अष्टधा प्रकृति का वर्णन किया है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश ये पांच महाभूत तथा मन, बुद्धि, अहंकार ये ही आठ प्रकार से विभक्त कृष्ण की अपरा प्रकृति हैं। दुर्गा सप्तशती में अपरा प्रकृति का वर्णन है कि यह अपरा प्रकृति अव्यक्त दुस्तर वैष्णवी माया है। प्रकृति योनि स्वरूपा है। त्रिगुणात्मिका है। सत्त्व, रज व तम ये प्रकृति के तीन गुण हैं, दशानना, दशभुजा, दशपादा, भगवती महाकाली ही भगवान् विष्णु की योगनिद्रा हैं। ये सम्पूर्ण चराचर जगत् को अपने उपासक के अधीन कर देती है। ये त्रिगुणात्मिका प्रकृति सभी भूतप्राणियों में विष्णुमाया के रूप में निवास करती हैं। अपरा प्रकृति की दो शक्तियां हैं: (1) आवरण शक्ति, (2) विक्षेप शक्ति। अपरा प्रकृति परिवर्तनशील है, सगुण है। श्रीकृष्ण अपनी परा प्रकृति का वर्णन करते हुए कहते हैं-अपरा प्रकृति से परे मेरी एक अन्य परा शक्ति है जो जीवों से युक्त है और परा प्रकृति सम्पूर्ण संसार का मूल है।

**अपरेयमितस्त्वन्यां प्रकृतिं विद्धि मे पराम्।**
**जीवभूतां महाबाहो ययेदं धार्यते जगत्।।** (गीता 7.5)

दुर्गा सप्तशती के प्राधानिक रहस्य में पराशक्ति प्रधान प्रकृति के स्वरूप का प्रतिपादन किया गया है। मूल प्रकृति ही देवी की समस्त विकृतियों (अवतारों) की प्रधान प्रकृति है। मूल प्रकृति ही सब प्रपंच तथा सम्पूर्ण अवतारों का आदि कारण है। तीनों गुणों की साम्यावस्थारूपा अपरा प्रकृति भी उनसे अलग नहीं है। स्थूल-सूक्ष्म दृश्य-अदृश्य, व्यक्त-अव्यक्त सब मूल परा प्रकृति के स्वरूप हैं। परा शक्ति सर्वत्र व्यापक है। अस्ति, भाति, प्रिय, नाम और रूप... सब परा प्रकृति ही है।

यह व्यवस्था शास्त्रों ने सृष्टि निर्माण-संहार की दी है। यही स्वरूप जीवन का भी है। "यथाण्डे तथा ब्रह्माण्डे" कहा गया है। पुरुष का विवाह होता है तब कहा जाता है कि लक्ष्मी आई है। वही समय और परिस्थिति के अनुसार (देशकाल) तीनों रूपों में जीवन संचालित करती है। कन्या का जन्म ही लक्ष्मी का आगमन कहा जाता है। पुनः जो लक्ष्मी बनकर पत्नी रूप में आ रही है, वही जीवनभर प्रकृतिरूप में व्यक्ति की रक्षा करती है। पति की शक्ति-अर्द्धांगिनी बनकर। समय के साथ तीनों रूप धारण करने की क्षमता रखती है। गीता प्रमाण है–

**एतद्योनीनि भूतानि सर्वाणीत्युपधारय।**
**अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा।।** (7.6)

सम्पूर्ण भूत दोनों प्रकृतियों से ही उत्पन्न होने वाले हैं। मैं जगत का प्रभव-प्रलय हूं। अर्थात् वे दोनों मेरा ही अन्न हैं।

विवाह तो होता ही इसलिए है कि वह पूर्ण रूप से मेरे (वर की) आत्मा में अन्न रूप से आहुत हो जाए। दोनों एकाकार हो जाएं। दोनों में ही अन्न-अन्नाद भाव बना रहता है। किन्तु स्त्री का परोक्ष भाव उसे दैविक स्वरूप प्रदान करता है–**परोक्ष प्रिया इव हि देवा।** पुरुष बाहर अधिक जीता है, स्त्री भीतर। सृष्टि में स्त्री-पुरुष भी दो नहीं हैं। हम भी दो नहीं हैं। चेतना भी दो नहीं है। एक की भूमिका में दूसरा सहयोगी होता है। चेतना ही उत्तर है। चेतना सदा जाग्रत रहे, यही दिव्यता का मूल स्वरूप है। प्रकृति में जड़ कुछ नहीं है, पत्थर भी नहीं है। वह भी समय के साथ बढ़ता है, क्षरित होता है। हां, उसकी चेतना लाखों सालों से दबी हो सकती है। चेतना ही व्यक्ति की शक्ति है। चेतना कामना रूप में कार्य करती है। सूक्ष्म होने से पकड़ में नहीं आती, ध्यान करना पड़ता है। वही हमारे ब्रह्म स्वरूप की प्रकाशक है।

**क्रमशः**

gulabkothari@epatrika.com

# धरती की आंख: प्रकृति का रंगीन जादू है गर्म पानी की यह झील

**अमरीका** के येलोस्टोन नेशनल पार्क की यह फोटो ड्रोन से ली गई है। स्टानिस्लाव बार्टनिकास की यह फोटो रीफोकस अवॉर्ड 2024 में शामिल हो चुकी है। इसमें ग्रैंड प्रिजमैटिक स्प्रिंग को दिखाया गया है, जो अमरीका की सबसे बड़ी जियोथर्मल झील (गरम पानी का स्रोत) मानी जाती है। यह झील न केवल अपने विशाल आकार के लिए, बल्कि अपने अद्भुत रंगों के लिए भी प्रसिद्ध है। इसका व्यास लगभग 370 फीट (112 मीटर) और गहराई करीब 160 फीट (50 मीटर) है। यह एक फुटबॉल मैदान से भी बड़ी झील है। इसके रंग थर्मोफिलिक बैक्टीरिया के कारण बनते हैं, जो गर्म पानी में पनपते हैं। यह बैक्टीरिया अपने वातावरण के तापमान के आधार पर रंग बदलते हैं, जिससे झील का रंग लाल से हरा तक बदलता हुआ दिखाई देता है। गर्मी में नारंगी और लाल रंग देखे गए हैं, जबकि सर्दी में हरा और नीला रंग पाया गया है। झील के पानी का केंद्र नीला दिखता है लेकिन किनारों पर बैक्टीरिया की सक्रियता के कारण झील में विविध रंगों का अनूठा दृश्य दिखता है। ड्रोन से यह प्रकृति की आंख की तरह दिखता है। यहां का पानी 70 से 90 सेंटीग्रेड तक गर्म रहता है। इस झरने से प्रति मिनट लगभग 560 गैलन (2100 लीटर) पानी बहता है। झरने का सुंदर दृश्य ऊपर से देखने पर और भी शानदार लगता है, इसलिए लोग हेलिकॉप्टर टूर का आनंद लेते हैं। इसे देखने हर साल लाखों पर्यटक आते हैं।



**चर्चा में** सामान्य से ज्यादा घंटे काम करने से कॉर्पोरेट विकास तो हो सकता है, लेकिन समाज का विघटन तय है

# सप्ताह में 70 या 90 घंटे काम! किसको कितना फायदा?

**डॉ. ज्योति सिडाना**
समाजशास्त्री तथा स्तंभकार
@patrika.com



> व्यंग्य में ही सही, महिलाओं पर लगातार तंज कसे जा रहे हैं। कभी सड़कों की तुलना महिलाओं के गालों से तो कभी छुट्टी के दिन पति द्वारा पत्नी को घूरते रहने का कथन ना केवल आपत्तिजनक है बल्कि महिला सम्मान पर पुरुषसत्ता की चोट है।

काम के घंटे और वर्क लाइफ बैलेंस को लेकर काफी बहस चल रही है। एलएंडटी के चेयरमैन ने अपनी कंपनी के कर्मचारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस करते हुए ना केवल सप्ताह में 90 घंटे काम करने की सलाह दी बल्कि उन्होंने कर्मचारियों से यह तक कह दिया कि आप घर पर रहकर पत्नी को कितनी देर निहारोगे, घर पर कम और कार्यालय में अधिक समय बिताएं। उन्होंने रविवार को भी काम करने की वकालत की। इससे पहले भी इंफोसिस के सह-संस्थापक ने सप्ताह में 70 घंटे काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया था। इसने यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है या मशीनी मानव?

एक शोध के अनुसार हर सप्ताह ज्यादा घंटे काम करने का मतलब जरूरी नहीं कि उत्पादकता बढ़े। शोध बताते हैं कि सप्ताह में 50 घंटे काम करने के बाद उत्पादकता में गिरावट आती है और 55 घंटे के बाद यह एकदम से गिर जाती है। साथ ही हर सप्ताह कम से कम एक पूरा दिन छुट्टी न मिलने पर प्रति घंटे उत्पादन कम होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन में पाया गया है कि हर सप्ताह 55 घंटे या उससे ज्यादा काम करने से स्ट्रोक का जोखिम 35 प्रतिशत और दिल की बीमारी से मरने का जोखिम 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। सबसे हैरान करने वाली बात तो यह है कि आज भी शिक्षा लैंगिक भेदभाव के प्रति लोगों की मानसिकता और दृष्टिकोण को नहीं बदल पाई। आज भी व्यंग्य में ही सही, प्रतिष्ठित व्यक्ति या राजनेता महिलाओं पर तंज कसना नहीं भूलते। कभी सड़कों की तुलना महिलाओं के गालों से तो कभी छुट्टी के दिन पति द्वारा पत्नी को घूरने का कथन ना केवल आपत्तिजनक है बल्कि महिला सम्मान पर पुरुषसत्ता की चोट है।

कॉर्पोरेट पूंजीवाद विकास के नाम पर और अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से श्रमिकों/कर्मचारियों से ज्यादा से ज्यादा काम करवाने पर बल देता आया है। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि इससे परिवार के ढांचों में तनाव आ रहा है, सामाजिक संबंध टूट रहे हैं, परिवार में भावनात्मक हिंसा बढ़ रही है। कर्मचारियों को अधिक से अधिक काम करने के लिए बाध्य करने से तनाव, निराशा, कुंठा, यहां तक की आत्महत्या करने की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है। मुद्दा यह है कि कर्मचारियों को अधिक पैसा देकर क्या आप उन्हें अपना गुलाम नहीं बना रहे?

उच्च वेतन एक अच्छी और संतुलित जीवन शैली की गारंटी नहीं है। और ऐसा हो भी रहा है तो व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की शर्त पर! क्योंकि अधिक पैसा देना उन्हें आराम नहीं देता, उनके मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित नहीं रख सकता, यहां तक कि उनके सामाजिक संबंधों को भी ऊर्जा नहीं दे सकता। कॉर्पोरेट पूंजीवाद जिस काम के घंटे को बढ़ाने की बात कर रहा है उनसे तात्कालिक विकास की संभावनाएं तो बढ़ सकती हैं और एक हद तक आर्थिक विकास भी हो सकता है या कहें कि कॉर्पोरेट और उद्योगों का विकास तो हो सकता है लेकिन व्यक्तित्व और समाज का विघटन तय है। यह भी एक तथ्य है कि इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं जो किसी भी देश के विकास के लिए हानिकारक होंगे और चुनौतीपूर्ण होंगे। यह एक ऊर्जावान पीढ़ी की ऊर्जा को समाप्त करने की सोच कही जा सकती है, क्योंकि 70 या 90 घंटे काम करने के बाद नवाचार या कौशल विकास संभव नहीं है।

अगर कर्मचारियों के काम में उत्पादकता लानी है तो उन्हें पूरी नींद और आराम की भी जरूरत है। अनेक मेडिकल शोध इस बात पर बल देते हैं कि 7 से 8 घंटे की नींद लेना जरूरी है। इसके अलावा एक पहलू यह भी है कि परिवार का सही ढंग से पालन नहीं कर पाने के कारण ही आज परिवार में विघटन की स्थितियां उत्पन्न हो गई हैं। इतिहास गवाह है कि पहले भी अनेक श्रमिक आंदोलन हुए हैं जिनकी सबसे महत्त्वपूर्ण मांग थी कि 8 घंटे काम, 8 घंटे आराम और 8 घंटे परिवार की देखभाल एवं पालन पोषण। इन तीनों के बीच सामंजस्य बने रहने पर ही किसी भी राष्ट्र का विकास संभव हो सकता है।

## आर्ट एंड कल्चर

# 'अयन्नार देव लोक' में समाई कला सुगंध

### प्रचार-प्रसार से परे लोक-कला की हमारी समृद्ध थाती से नई पीढ़ी को जोड़ने की महती पहल



**डॉ. राजेश कुमार व्यास**
संस्कृतिकर्मी, कवि और कला समीक्षक
@patrika.com

भारतीय कलाएं लोकोन्मुखी हैं। लोक में जो कुछ व्याप्त है, कलाओं ने उसे ही रूपायित किया है। सिंधु घाटी की सभ्यता, कालीबंगा की खुदाई में मिट्टी की गाड़ी, खिलौनों का अपूर्व संसार मृण-मूर्तियों की सुंदर दृष्टि से ही तो हमें जोड़ता है। इतिहास जहां पहुंच नहीं पाता, वहां लोककलाओं का संसार हमें पहुंचाता है। इसलिए लोक में ही हमने सदा आलोक की राह तलाशी है। कुछ दिन पहले ग्वालियर में 'अयन्नार देव लोक' के बहाने मृण-शिल्प की हमारी विरल विरासत से साक्षात हुआ। लगा, प्रचार-प्रसार और व्यावसायिकता की दृष्टि से परे लोक-कला की हमारी समृद्ध थाती से नई पीढ़ी को जोड़ने की यह महती पहल है। लोक कलाओं के संरक्षण की उम्मीद जगाने वाली भी।

तमिलनाडु के लोक-पूजित ग्राम देवता है- अयन्नार। अयन्नार शब्द अय्या से उपजा है। माने वह जो श्रेष्ठ-सम्मानित हो। दक्षिण भारत के गांवों में अयन्नार के मंदिरों में उनकी और उनके पूरे कुटुंब, साथियों की घोड़ों या हाथियों पर सवार मूर्तियां प्रायः मिलती हैं। क्रोधी संरक्षक रूप में अयन्नार तांत्रिक प्रतीकात्मकता में भैरव के संग भी होते हैं। कहीं-कहीं उनके साथ उनकी दो पत्नियां- पुराणा और पुष्कला भी मूर्तियों में मिलती है। ग्राम देवता के मंदिर के बाहर प्रायः उनके और टेराकोटा के घोड़ों को रखा जाता है। मंदिरों में रखे जाने वाले ये घोड़े इतने सुंदर होते हैं कि अयन्नार बहुत से स्थानों पर पीछे छूट गए, ये घोड़े जग-भर में व्याप्त हो गए। ग्वालियर और बड़ौदा स्थित विश्वविद्यालय कैम्पस में थंगैय्या आर. और साथी कलाकारों ने अयन्नार और उनके कुटुम्ब संग सप्त मातृकाओं का भी अलंकृत पर सुहाने शिल्प का संसार रचा है। अयन्नार और उससे संबद्ध दूसरे मूर्ति-शिल्प में मिट्टी की कारीगरी संग धैर्य की जरूरत होती है। मिट्टी का चयन, उसे पकाने की प्रक्रिया और फिर उससे आकृतियों का लोक रचने में रमना पड़ता है। कलाकारों को यदि इस सब में सृजन की छूट मिले तो वह अद्भुत-अपूर्व रच सकते हैं। सुधि चिंतक और विश्वविद्यालय के संस्थापक कला-रसिक रमाशंकर सिंह ने इसे संभव किया है। मृदा-शिल्प कलाकारों के ग्राम देवता परिवार को मुश्ताक खान ने क्यूरेट किया है। ग्वालियर स्थित विश्वविद्यालय में ग्राम देवता रचने वाले कलाकारों द्वारा मिट्टी को गूंथकर, आकार देकर और अंत में आग में पकाकर उसे पूर्णता देने बाद रंगालेप करते देख मृण शिल्प की भारतीय परंपरा से भी जैसे साक्षात हुआ।

हमारे यहां लोक से जुड़ी ऐसी कलाओं की लूंठी परंपरा आरंभ से रही है। लोक देवता बाबा रामदेवजी राजस्थान ही नहीं देशभर में सर्व पूज्य हैं। कपड़े की कतरनों से उनके घोड़े बनते हैं। बाबा को अपना घोड़ा बहुत प्रिय था इसलिए इन्हें उन्हें अर्पित कर मन की मुराद पाने के लिए यह कला परवान चढ़ी। बांस, घास और थर्माकोल की शीट से घोड़े बनते रहे हैं और फिर इन्हें सफेद और रंगीन कपड़े, माला, ऊन की झालर से सजाया जाता है। पीढ़ी दर पीढ़ी कलाकार घोड़ों की कलाकृतियों का यह संसार सिरजते आ रहे हैं। ऐसे ही गुरु गोरखनाथ के शिष्य गोगाजी की आराधना में पत्थर या लकड़ी पर सर्प-मूर्ति, तेजाजी के घोड़े पर बैठे हुए, हाथ में तलवार और सांप पकड़े हुए का भी सुंदर संसार रचा जाता रहा है। देवनारायणजी और दूसरे लोक देवताओं, पाबूजी की फड़ के मोहक मृदा-शिल्प के लिए राजस्थान का मोलेला गांव तो विश्वभर में ख्यात है। मिट्टी की मूर्तियां अध्यात्म से ही नहीं जुड़ी मानव मन में शुभता-सुंदरता की सर्वत्र चाह से भी जुड़ी रही है। देश-विदेश की कलादीर्घाओं में जाना होता रहा है। अचरज होता है कि वहां लोक कलाओं का सहारा लेते ही आधुनिकता का अपनापा रचा गया है। यह भी हर बार अनुभूत किया है, लोककलाएं जीवन में समाई सुगंध की व्यंजना है। साहित्य प्रत्यक्ष दृश्य नहीं है परंतु लोक कलाओं में हम इतिहास को बांच सकते हैं। वासुदेव शरण अग्रवाल ने ठीक ही कहा है, जो शास्त्र लोक के साथ नहीं जुड़ा, वह बुद्धि का छलावा है।

## पत्रिका डिजिटल पर भी पढ़ें विशेष लेख



इंडिया गठबंधन: विरोधाभासों के दलदल में डूबता विपक्षी एकता का सपना
ललित गर्ग
shorturl.at/K0tsw

चीन का ब्रह्मपुत्र पर बांध: भारत के सामने रणनीतिक और पर्यावरणीय चुनौतियां
डॉ. एन.के. सोमानी
shorturl.at/uoJvP



यदि आप भी समसामयिक विषयों, सामाजिक मुद्दों पर लिखते हैं तो हमें writers@in.patrika.com पर ईमेल करें।

## आपकी बात

### भीड़ में सुरक्षित रहने के आसान उपाय

भीड़ में शांत और संयम बनाए रखें। भीड़ के साथ चलें, विपरीत में न जाएं। निकासी के दौरान बच्चों-बुजुर्गों का हाथ पकड़े रखें। भगदड़ में अधिकांश मौतें दम घुटने से होती हैं। चिल्लाने के बजाय सांसों पर नियंत्रण रखें। दबाव बढ़ने पर अपनी बाहों को बॉक्सर की तरह चेस्ट की ओर मोड़ लें। इससे पसलियों और फेफड़ों को जगह मिलती है और सांस लेना आसान होता है। **- मीना सनाढ्य, उदयपुर**

## आज का सवाल

**अमीर बनने के बाद लोगों के देश से पलायन के मुख्य कारण क्या हैं?**

ईमेल करें: edit@epatrika.com

**कल का सवाल था: भीड़ की स्थिति में लोगों को क्या सावधानी रखनी चाहिए?**

**प्रदेश में करवट लेगा मौसम;** हल्की बूंदाबांदी के साथ शुरू होगा कड़ाके की सर्दी का दौर

# 24 घंटे में ओले-बारिश के आसार, 13 से बढ़ेगी ठंड

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मध्य प्रदेश का मौसम अगले 24 घंटों के भीतर एक बार फिर करवट लेगा। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 11 और 12 जनवरी को ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर और जबलपुर संभाग के जिलों में बादल छाने और हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। वहीं, गुना, शिवपुरी, सतना और मैहर जैसे जिलों में ओले गिरने की संभावना भी जताई गई है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार इस दौरान तापमान में कोई बड़ी गिरावट नहीं होगी, लेकिन 12 जनवरी तक दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि दर्ज हो सकती है। हालांकि, 13 जनवरी से प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर फिर से शुरू होने की संभावना है। चंबल और ग्वालियर संभाग के कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी के साथ-साथ सुबह और रात के समय कोहरे की चादर देखने को मिल सकती है।


@इंदौर

**12 जनवरी** तक दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की हो सकती है वृद्धि

### पश्चिमी विक्षोभ

13 जनवरी से शीतलहर चलने की संभावना है, जो लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकती है। पश्चिमी विक्षोभ की इस सक्रियता के चलते प्रदेश के कई जिलों में मौसम पूरी तरह बदल सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह स्थिति अगले दो दिनों तक बनी रह सकती है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ कमजोर होने पर ठंड का प्रकोप और तेज हो जाएगा।

**सुरक्षा के लिए आरपीएफ 24 घंटे रखेगी नजर,** लाइव फुटेज पर कंट्रोल रूम टावर से रखी जाएगी नजर

# महाकुंभ के दौरान 310 किलोमीटर लंबी रेल लाइन और 17 स्टेशनों समेत आसपास ड्रोन से होगी निगरानी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छतरपुर.** महाकुंभ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने आरपीएफ ड्रोन कैमरे की मदद लेगा। झांसी मंडल की 310 किमी रेल लाइन और मानिकपुर-प्रयागराज रेल लाइन के 17 स्टेशनों समेत आसपास के इलाके में ड्रोन से निगरानी करेगी। असामाजिक तत्वों की पहचान करना और उनकी गतिविधियों पर नजर रखना आसान होगा।



### रेलवे ट्रैक के नजदीक सुरक्षा गार्डों की तैनाती

महाकुंभ के दौरान सिर्फ रेलवे स्टेशनों और रेल लाइनों की ही सुरक्षा नहीं बल्कि आरपीएफ ने रेलवे ट्रैक के पास स्थित गांवों, कस्बों और झुग्गी-झोपड़ियों में भी विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया है। ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना समय रहते मिल सके। आरपीएफ के अधिकारियों के अनुसार यह कदम रेलवे की सुरक्षा को और भी मजबूत करने के लिए उठाया गया है। रणनीति के तहत रेलवे ट्रैक के नजदीकी इलाकों में सुरक्षा गार्डों की तैनाती भी की जाएगी। ड्रोन कैमरों की लाइव फुटेज रेलवे सुरक्षा बल के कंट्रोल टॉवर में प्रसारित होगी। इस कंट्रोल रूम में सुरक्षा अधिकारियों को लाइव फुटेज प्राप्त होगी, जिससे उन्हें घटनास्थल पर त्वरित प्रतिक्रिया देने में मदद मिलेगी।

## न्यूज विंडो

### स्टांप चोरी में दो के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल.** फर्जी दस्तावेज बनाकर स्टांप चोरी करने के मामले में ईओडब्ल्यू ने दो लोगों के खिलाफ केस रजिस्ट्रर्ड किया है। बताया गया, आर्मी के रिटायर्ड अधिकारी उदय प्रकाश मिन्हास व मनमीत कौर ने नर्मदापुरम में 10.793 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। इस दौरान उन्होंने स्टांप शुल्क की चोरी करने रिक्त भूमि दर्शित कर सरकार को 18 लाख रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया है।

### घूस लेते सहायक आयुक्त गिरफ्तार

**सीधी.** लोकायुक्त पुलिस ने कलेक्ट्रेट में आदिवासी विकास विभाग के प्रभारी सहायक आयुक्त डीके द्विवेदी को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। द्विवेदी ने भृत्य सुखलाल कोल से उसके स्थानांतरण को रद्द करने के एवज में 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी, जिसमें से 15 हजार रुपए पहले ले चुके थे।

### नाले में डूबने से दो बालिकाओं की मौत

**शहडोल.** गोहपारू थाना क्षेत्र के मझौली टोला में शुक्रवार सुबह को दो बालिकाओं की नाले में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रागनी (05) पिता शिवकुमार सिंह एवं भवानी सिंह (05) पिता रामप्रसाद सिंह खेलते-खेलते पास में ही नाले में पहुंच गईं, जब दोनों की आहट नहीं मिली तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की, इसी बीच नाले के पास चप्पल दिखाई दी। पास जाकर देखा तो दोनों पानी में डूबे थे।

### चाचा ने कुल्हाड़ी से भतीजे की जान ली

**पन्ना.** पिता से कहासुनी का बदला लेने चाचा ने भतीजे की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। घटना कोतवाली थाना अंतर्गत देवरी गांव की है। आनन-फानन में मामले की सूचना परिजनों और पुलिस को दी गई। आरोपी फरार है। आरोपी मुकेश बंशकार की मलखान से कहासुनी हुई थी। मुकेश ने नीलेश बंशकार (16) की घर में घुसकर हत्या कर दी। मृतक 10वीं का छात्र था।

### लकड़बग्घे के हमले में तीन घायल

**मुरैना.** खेत पर खेल रहे दो मासूम भाई-बहनों पर शुक्रवार दोपहर लकड़बग्घे ने हमला कर दिया, बचाने आए ताऊ भोगीराम को भी लकड़बग्घे ने हाथ में काट लिया। तीनों को मुरैना जिला अस्पताल रेफर किया है। घटना रामपुरकलां थाना क्षेत्र में बातेड़ गांव की है। शिवम (12) व प्रियांशी (10) खेत पर खेल रहे थे। तभी लकड़बग्घे ने हमला कर दिया।


**हर साल महंगी बिजली का झटका :** हर 100 में 27 यूनिट चोरी, बकाया वसूलने में भी फेल

# अफसरों की नाकामी ने बढ़ाया जनता की जेब का बोझ

- सरकार से सब्सिडी के हर साल ले रहे 25 हजार करोड़
- 26 हजार करोड़ मध्य क्षेत्र विद्युत कंपनी का घाटा
- पूर्व क्षेत्र कंपनी में सर्वाधिक 28% लाइन लॉस

हरिचरण यादव
patrika.com

**भोपाल.** बिजली कंपनियों के जिम्मेदार चोरी रोकने और बकाया वसूल करने में पिछड़े हुए हैं। हर 100 में से 18 से 27 यूनिट बिजली चोरी हो रही है। उधर बड़े उपभोक्ताओं पर हजारों करोड़ बकाया है। कंपनियां चालू वित्तीय वर्ष में 4107 करोड़ के घाटे का अनुमान जता रही हैं, जिसे चोरी रोककर व वसूली कर पूरा किया जा सकता है लेकिन जिम्मेदार सस्ता तरीका निकालकर हर साल विद्युत नियामक आयोग को बिजली महंगी करने (टैरिफ दरों में बढ़ोतरी) के प्रस्ताव दे रहे हैं। इन्होंने इस बार भी प्रति यूनिट 50 पैसे तक बिजली महंगी करने का प्रस्ताव दिया है। आयोग ने इनकी बात मान ली तो मार्च 2025 के पहले 1.70 करोड़ उपभोक्ताओं के लिए बिजली महंगी हो जाएगी। हालांकि कंपनियों की मनमानी रोकने के लिए उपभोक्ता 24 जनवरी तक आयोग के सामने आपत्ति जता सकते हैं।



### महंगी बिजली से ऐसे बचें

- **विद्युत** नियामक आयोग के सामने चोरी रुकवाने व बकाया वसूली करने की मांग रखें।
- **सरकार** के सामने कंपनियों का ऑडिट कराने, घाटे के लिए अफसरों की जिम्मेदारियां तय कराने की मांग करें।

### राज्य सभा में कंपनियों ने खोली खुद की पोल

| कंपनी | घाटा | लाइन लॉस |
|---|---|---|
| मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी | 26,663 करोड़ | 22.89% |
| पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी | 13,107 करोड़ | 12.60% |
| पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी | 25,073 करोड़ | 28.39% |
| | कुल: 64843 करोड़ | 18.58% |

**नोट:** लाइन लॉस में बड़ा हिस्सा बिजली चोरी का होता है, तो वहीं तकनीकी रूप से भी बिजली का नुकसान होता है। कंपनियों ने ये आंकड़े हाल में राज्य में पेश किए हैं, जो 31 मार्च 2023 तक की स्थिति के हैं।

### चोरी की ये संभावित वजह

**तारों** का खुला होना, निगरानी में पिछड़ना, अमला कम होना। चोरी को आधार बनाकर कई अफसरों द्वारा खुद की जेब भरना। चोरी के प्रकरण पकड़े जाने पर राजनीतिक दबाव का आना।

### वसूली में पिछड़ने के ये कारण

**स्थानीय** स्तर पर कई अफसरों की बड़े बकायादारों से सांठगांठ, वसूली के लिए छोटे कर्मचारियों को सामने करना, कुछ प्रभावी कार्रवाई पर राजनीतिक दबावों का आना। वसूली अभियान को बार-बार रोकना, खानापूर्ति करना। बकायादारों की बिजली बंद नहीं करना

कंपनियों को सरकारें खुला छोड़ती रही हैं। अभी भी यही हो रहा है। ये चोरी व तकनीकी लॉस नहीं रोक पा रही हैं। हजारों करोड़ बकाया राशि की वसूली डंप है। चोरी रोकना व वसूली अफसरों की जिम्मेदारी है, जिसे पूरा नहीं करने से भरपाई बिजली महंगी कर उपभोक्ताओं के साथ छलावा किया जा रहा है।
**- राजेंद्र अग्रवाल,** सेवानिवृत्त अति. मुख्य अभियंता, एमपी जेनको

### रिपोर्ट पर भी सुधार नहीं

| प्रदेश | चोरी |
|---|---|
| मध्यप्रदेश | 21 |
| सिक्किम | 37 |
| अरुणाचल | 58 |
| नागालैंड | 46 |
| उत्तरप्रदेश | 22 |
| बिहार | 25 |
| झारखंड | 30 |
| ओडिशा | 27 |
| मेघालय | 24 |
| त्रिपुरा | 28 |
| मिजोरम | 26 |

*(नोट: वर्तमान में तीनों कंपनियों में बिजली चोरी का औसत 18 से 21 फीसद ही है।)*

**25 हजार करोड़ डकारने के बाद भी ये हाल**

**सरकार** बिजली कंपनियों को हर साल 25 हजार करोड़ रुपए सब्सिडी दे रही है। इसका भुगतान विभिन्न योजनाओं के बदले होता है। उधर बीते 10 वर्षों में कई केंद्रीय योजनाओं के बदले मध्य, पूर्व व पश्चिम क्षेत्र कंपनियों को करोड़ों रुपए मिले। विशेषज्ञों के मुताबिक आर्थिक मदद के बावजूद कंपनियों की हालत नहीं सुधरी। यदि ठीक से काम करते तो कंपनियां घाटे से बाहर निकल सकती थी।

**पत्नी ने** अप्राकृतिक कृत्य का दर्ज कराया केस

# पति-पत्नी के बीच की क्रियाएं बलात्कार नहीं, कोर्ट ने धारा 377 के आरोप से किया मुक्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने अप्राकृतिक कृत्य के मामले में पति को आरोप मुक्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पति-पत्नी के बीच की क्रियाएं बलात्कार की श्रेणी में नहीं आती हैं, इसलिए धारा 377 का मामला नहीं बनता। कोर्ट ने धारा 498 ए, 294, 506 के प्रकरण में विचार के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां भेज दिया। पड़ाव महिला थाने में पत्नी ने दहेज प्रताड़ना, मारपीट और धारा 377 के तहत पति पर केस दर्ज कराया। पुलिस ने जांच कर कोर्ट में चालान पेश किया। मामले में पति पर आरोप तय होने थे। पति की ओर से बताया कि पत्नी ने झूठा केस दर्ज कराया है।



### संबंधों को सीमाओं में नहीं बांध सकते

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने पति पर लगने वाली धारा 377 के संबंध में फैसले दिए हैं। इस आधार पर पति-पत्नी के बीच के संबंध में अप्राकृतिक कृत्य का अपराध दर्ज नहीं हो सकता है। अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पति-पत्नी के संबंधों को सीमाओं में नहीं बांध सकते। अभियोजन ने विरोध करते हुए कहा कि पत्नी ने जो आरोप लगाए, उसके पर्याप्त साक्ष्य हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पति को धारा 377 के आरोप से मुक्त कर दिया।

### छोटी सी गलती पर सेवा समाप्त करना गलत: कोर्ट

**इंदौर.** छोटी सी गलती पर सेवा समाप्त करने जैसी गंभीर सजा नहीं दी जा सकती है। हाईकोर्ट ने धार पंचायत कर्मचारी की सेवा समाप्ति के कलेक्टर की ओर से जारी आदेश को इस टिप्पणी के साथ खारिज कर दिया। जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस गजेंद्रसिंह की युगलपीठ ने साथ ही कोर्ट ने उसकी बर्खास्तगी की अवधि के दौरान के वेतन न देने की दलील भी नहीं मानी। बदनावर निवासी पंचायत कर्मचारी हेमलता ने एक लाभार्थी का नाम गलती से दो जगह लिख दिया था। ऐसे में उसे कलेक्टर ने बर्खास्त कर दिया। इसके खिलाफ उसने केस दायर किया था। कोर्ट की सिंगल बेंच ने ये माना था कि उसे बगैर कारण बताओ सूचना पत्र और जांच के ही नौकरी से बर्खास्त कर दिया, जो गलत है।

**कुटुंब न्यायालय** ने जारी किया अस्थायी आदेश

# बेटे ने पिता को सताया, देना होगा हर माह भरण-पोषण

**पीथमपुर@पत्रिका.** कुटुंब न्यायालय (फैमिली कोर्ट) में आम तौर पर पति-पत्नी से जुड़े मामले ही आते हैं, और ज्यादातर में पत्नी की मांग पति से भरण-पोषण प्राप्त करने की होती है, लेकिन इंदौर में बेटे और बहू की प्रताड़ना व दबाव से तंग एक पिता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कुटुंब न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश माया विश्वलाल ने शुक्रवार को पक्ष सुनने के बाद बेटे हिदायतुल्ला को अस्थायी आदेश देते हुए पिता वलीउल्ला मुल्तानी को हर माह 2 हजार रुपए भरण-पोषण देने का आदेश दिया है। अधिवक्ता कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने बताया, सदर बाजार निवासी वलीउल्ला ने अपने बेटे हिदायतुल्ला पर भरण पोषण के लिए कुटुंब न्यायालय इंदौर के समक्ष मुकदमा दाखिल किया था, जहां बताया कि बुजुर्ग को बेटे-बहू द्वारा प्रताड़ित किया जाता है, भोजन भी नहीं दिया जाता तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।

### बेटा प्रताड़ित करता, बहू देती थी धमकी

अधिवक्ता त्रिपाठी ने बताया, वलीउल्ला की पत्नी के देहांत के बाद से उसे बेटा-बहू प्रताड़ित करते आ रहे हैं। बुजुर्ग अपना खाना खुद ही बनाते हैं, बहू धमकी देती रहती है। कोर्ट ने सभी तथ्यों व मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर अंतरिम भरण-पोषण का आदेश जारी किया है। अभी मामले की पूरी सुनवाई बाकी है और अंत मे फाइनल भरण-पोषण निर्धारित किया जाएगा।

**श्रीराम के नाम** 5100 दीप किए प्रज्ज्वलित



**भोपाल@पत्रिका.** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भोपाल के भवानी चौक सोमवारा स्थित मां कर्फ्यू वाली माता मंदिर के प्रांगण में 5100 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रथम प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भगवा रंगोली भी बनाई। गौरतलब है कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ है।
**फोटो :** अजय शर्मा

**यूपीआइ के जरिए ठगी का नया मामला**

# दुकानों के क्यूआर कोड के ऊपर ठगों ने चिपकाया अपना क्यूआर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छतरपुर.** खजुराहो के बाजार में ठगों ने दुकानों के बाहर लगे क्यूआर कोड के ऊपर अपना क्यूआर कोड चिपका दिया। इस पर दुकानों से हजारों रुपए का ट्रांजेक्शन हो चुका है, लेकिन दुकानदारों को इसकी भनक तक नहीं लगी। ग्राहकों द्वारा किए गए ट्रांजेक्शन की राशि ठगों के खाते में जा रही थी। एक दुकानदार ने अपनी दुकान के बाहर लगे क्यूआर कोड पर चिपके कोड से 985 रुपए और 10 रुपए की ठगी की सूचना दी है। ठगी का यह आंकड़ा ज्यादा हो सकता है। बता दें कि बीती रात लगभग 1.30 बजे दुकानों के बाहर क्यूआर कोड चिपकाते हुए दो युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। जिसमें चिपकाए गए कोड पर छोटू नाम लिखा था। यह वीडियो वायरल होते ही दुकानदारों ने तुरंत अपने दुकानों के बाहर लगे क्यूआर कोड हटा दिए। हालांकि, अभी तक इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है। वायरल वीडियो की पुलिस जांच कर रही है।


दुकान के सामने से क्यूआर कोड हटाते हुए

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**पीथमपुर**

### चीफ जस्टिस को भेजेंगे एक लाख पोस्टकार्ड

**पीथमपुर.** यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को पीथमपुर में जलाने के फैसले पर विरोध को न्यायिक स्तर पर ले जाने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। पीथमपुर बचाओ समिति और अन्य संगठनों ने घोषणा की है कि इस मुद्दे पर मध्यप्रदेश के मुख्य न्यायाधीश को एक लाख पोस्ट कार्ड भेजे जाएंगे। इसकी शुरुआत बरदरी से की गई है।



**मंदसौर**

### फ्रेंचाइजी देने के नाम पर करते थे ठगी, 4 गिरफ्तार

**मंदसौर.** पुलिस ने फ्रेंचाइजी देने के नाम पर ठगी करने वाले बड़े गिरोह का शुक्रवार को खुलासा किया। 4 आरोपियों से 23 लाख 31 हजार 400 रुपए नकद, 11 फोन, 38 सिम, 30 एटीएम कार्ड और 14 पासबुक बरामद किए हैं। आरोपी बिहार के पटना से डोमेन लेते थे और नामी कंपनियों की फर्जी वेबसाइट बनाकर ऑनलाइन ठगी कर रहे थे।

**ग्वालियर**

### तहसीलदार पर दूसरी बार यौन शोषण का आरोप

**ग्वालियर.** भितरवार के तहसीलदार शत्रुघ्न सिंह चौहान पर एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। आरोप है, शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। तहसीलदार ने शादीशुदा होने की बात छिपाई। महिला ने शिकायत कलेक्टर व एसपी से की है। कलेक्टर ने तहसीलदार शत्रुघ्न सिंह चौहान को भितरवार से हटाकर भू अभिलेख कार्यालय में पदस्थ कर दिया है।

**निराशा** छत्तीसगढ़ सरकार ने 20 दिन पहले ही जारी कर दिया था छूट का नोटिफिकेशन

# सरकार की मेला छूट का अता-पता नहीं, बढ़ रहा आक्रोश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** कई बार जनता से जुड़ी योजनाओं को लेकर सरकार का उदासीन रवैया जगजाहिर हो जाता है। कुछ ऐसा ही हुआ है, ग्वालियर व्यापार मेले के साथ। दरअसल मेले में ऑटोमोबाइल सेक्टर में वाहन खरीदी पर रोड टैक्स में मिलने वाली 50 फीसदी छूट का गजट नोटिफिकेशन गुरुवार को भी जारी नहीं किया गया। मंगलवार को भोपाल में हुई कैबिनेट बैठक में छूट पर सहमति बनने के बाद फाइल सीएम के पास भेज दी गई थी। इसके दो दिन बाद भी नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया। वहीं छत्तीसगढ़ के रायपुर में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक ऑटो एक्सपो लगने वाला है। इसमें छग सरकार ने 50 फीसदी छूट की घोषणा 20 दिन पहले ही कर दी है। छग सरकार ने नोटिफिकेशन 27 दिसंबर 2024 को ही जारी कर दिया गया था। जबकि मप्र सरकार व्यापार मेला शुरू होने के 16 दिनों के बाद भी नोटिफिकेशन जारी नहीं कर पाई है। सवाल है कि ग्वालियर की पहचान कहे जाने वाले व्यापार मेले के साथ ऐसा व्यवहार क्यों हो रहा है। इधर ऑटोमोबाइल कारोबारी भी चिंतित हैं और वैसे ग्राहक भी जिन्होंने वाहनें की प्री बुकिंग करवाई है। मामले को लेकर व्यापारियों और दुकानदारों में आक्रोश फूटने लगा है और उन्होंने गुरुवार शाम ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन तक कर डाला।



### कितने दिन वाहन बेच सकेंगे पता नहीं

**ग्वालियर** व्हीकल डीलर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरिकांत समाधिया ने बताया, मकर संक्रांति और उसके बाद शुरू होने वाले सहालग के सीजन के चलते ग्राहकों ने वाहनों की एडवांस बुकिंग करा रखी है। यदि जल्दी नोटिफिकेशन जारी नहीं किया जाता है तो समस्या बढ़ जाएगी। ग्राहक छूट वाले वाहन खरीदने के लिए लगातार चक्कर लगा रहे हैं, उन्हें समझा पाना भी मुश्किल हो रहा है। नोटिफिकेशन को लेकर संशय हैं। 16 दिन निकल चुके हैं और अब नोटिफिकेशन कब आता है। इसके बाद कितने दिन गाड़ियां बेच सकेंगे कुछ भी पता नहीं है।

### नाराज हैं व्यापारी

ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के व्यापारियों ने गुरुवार को ऑटोमोबाइल सेक्टर से वाहन खरीदने पर आरटीओ टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने को लेकर प्राधिकरण कार्यालय के बाहर ही उग्र प्रदर्शन कर दिया। कारोबारियों ने नारेबाजी करते हुए छूट का नोटिफिकेशन तत्काल जारी करने की मांग की। इस दौरान मेला सचिव टीआर रावत ने व्यापारियों का आवेदन लिया। मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र भदकारिया के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।

**व्यवस्था :** एक विषय में फेल होने पर भी दी जाती है उत्तीर्ण होने की मार्कशीट

# कक्षा 10वीं का परिणाम सुधारने बेस्ट ऑफ फाइव की वापसी, आदेश जारी होना बाकी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में कक्षा दसवीं के रिजल्ट में सुधार करने के लिए बेस्ट ऑफ फाइव योजना की फिर से वापसी हो गई। अब दसवीं कक्षा की परीक्षा में एक विषय में फेल होने के बाद भी स्टूडेंट को उत्तीर्ण की मार्कशीट मिलेगी। हालांकि माध्यमिक शिक्षा मंडल से इसके आदेश जारी नहीं हुए।


बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से शुरू होगी। दसवीं और बारहवीं में करीब 18 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। इनमें दसवीं कक्षा के करीब 9 लाख विद्यार्थी होंगे। पिछले साल तक कक्षा दसवीं के लिए बेस्ट ऑफ फाइव नाम से योजना लागू थी, जो इस बार खत्म कर दी। हाल में स्कूल शिक्षा विभाग ने इसे फिर से लागू करने के निर्देश जारी कर दिए। परीक्षा की पूरी तैयारी कराने के बाद अब मंडल इसके क्रियान्वयन की योजना बना रहा है। अधिकारियों ने बताया, इसी कारण आदेश जारी नहीं हो पाए। 10वीं में छह विषय हैं। बेस्ट ऑफ फाइव के संबंध में पिछले साल से ही निर्देश आ गए। ऐसे में स्टूडेंट ने छह विषयों में पास होने के आधार पर विषयों का चुनाव किया।

### प्रदेश में हेल्पलाइन पर उठ रहे सवाल

मंडल की हेल्पलाइन पर प्रदेश के कई हिस्सों से स्टूडेंट के फोन कॉल आ रहे हैं। इनमें बेस्ट ऑफ फाइव से जुड़े सवाल हैं। विद्यार्थियों के मुताबिक योजना खत्म करने वेबसाइट पर निर्देश हैं। लेकिन इसे लागू करने अभी कोई आदेश जारी नहीं हुआ। असमन्जस की स्थिति है।

बेस्ट ऑफ के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग से निर्देश जारी हो चुके हैं। मंडल इसके क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया तैयार कर रहा है। जल्द ही आदेश जारी होंगे।
**- केडी त्रिपाठी,** सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल

सफलता के लिए जुटना पड़ेगा



*अगर जीवन में सफलता पाना चाहते हैं, तो आपको पूरी तरह मानसिक रूप से उसके लिए जुटना पड़ेगा।* - **एपीजे अब्दुल कलाम**

10वीं पास वालों के लिए खुशखबरी... जानने के लिए स्कैन करें

OFFICE CULTURE

## ऑफिस एक्टिविटी का हिस्सा बनना क्यों जरूरी



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

**1.** ऑफिस में समय-समय पर फन एक्टिविटी कराई जाती है या फिर कर्मचारियों के लिए प्रोग्राम ऑर्गेनाइज किए जाते हैं, लेकिन ज्यादातर कर्मचारी इनका हिस्सा बनने से बचते हैं।

**2.** ऑफिस में एक्स्ट्रा एक्टिविटी का हिस्सा जरूर बनें। इससे आपको खुशी मिलेगी और साथ ही आपकी कम्युनिकेशन स्किल बेहतर होगी।

**3.** टेंशन दूर होता है। साथ ही आप पहले से ज्यादा रिलैक्स महसूस करते हैं। काम करने की क्षमता बढ़ जाती है। काम के प्रति नजरिया सकारात्मक हो जाता है।

**4.** कई बार एक्टिविटी का मकसद कर्मचारियों की स्किल में इजाफा करना भी होता है, इसलिए इसे मिस करने से बचें।

HELPING CAREER

25-45 वर्ष वालों के लिए

## आरएमएल में 163 पदों पर निकली भर्तियां



डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ने सीनियर रेजिडेंट के 163 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी, 2025 है। कैंडिडेट की अधिकतम उम्र 45 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के कैंडिडेट को नियम के मुताबिक छूट दी जाएगी। ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### क्या है योग्यता

आधिकारिक नोटिफिकेशन के मुताबिक, कैंडिडेट के पास नेशनल मेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीबीएस और पीजी की डिग्री के साथ दिल्ली मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।

https://rmlh.nic.in

CAREER-OPTION | बढ़ते फ्रॉड के कारण फॉरेंसिक और साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट की मांग बढ़ी है...

# फॉरेंसिक और साइबर सिक्योरिटी में कॅरियर

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

*भारत के कॉर्पोरेट वर्ल्ड में तेजी से बदलते दौर में फॉरेंसिक और साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती जा रही है। जब हम फ्रॉड, साइबर हमले और कानूनी पेचिदगियों का सामना करते हैं, तो इनसे निपटने के लिए हमें ऐसे प्रोफेशनल्स की जरूरत होती है, जो हमारी मदद कर सकें। यही वजह है कि फॉरेंसिक और साइबर सिक्योरिटी में कॅरियर के नए अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। जानिए इस फील्ड में कैसे बनाएं कॅरियर...*

### फॉरेंसिक एक्सपर्ट का काम

ये विशेषज्ञ फाइनेंशियल फ्रॉड्स को सुलझाते हैं, साइबर थेट्स का पता लगाते हैं। डिजिटल फॉरेंसिक और डेटा एनालिटिक्स जैसी नई टेक्नोलॉजी का उपयोग करके वे गैरकानूनी एक्टिविटी का पता लगाते हैं और लीगल मैटर्स के लिए ठोस सबूत जुटाते हैं। कॉर्पोरेट फ्रॉड के बढ़ते मामले देखते हुए फॉरेंसिक एक्सपर्ट की सहायता कंपनियों को अपनी संपत्ति की सुरक्षा करने और स्टेक होल्डर्स का विश्वास बनाए रखने में मदद करती है। इसमें कॅरियर बनाने वाले लोग कॉर्पोरेट गवर्नेंस और रिस्क मैनेजमेंट का एक जरूरी हिस्सा बन गए हैं।



### साइबर सिक्योरिटी यानी कंपनी की रक्षा

साइबर सिक्योरिटी का क्षेत्र आज के डिजिटल युग में किसी भी कंपनी की सुरक्षा का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। हैकिंग, डेटा चोरी और साइबर हमला एक आम समस्या बन चुके हैं। एथिकल हैकर्स, सिक्योरिटी आर्किटेक्ट्स और साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स इस क्षेत्र में तेजी से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह प्रोफेशनल कंपनियों का डेटा और नेटवर्क की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, जिससे किसी भी प्रकार के साइबर हमलों को रोका जा सके।

### शानदार अवसर और ग्रोथ

फॉरेंसिक और साइबर सिक्योरिटी दोनों ही क्षेत्रों में कॅरियर के शानदार अवसर हैं। इनमें शानदार इनकम, कॅरियर की स्थिरता और नए काम सीखने के अवसर उपलब्ध हैं। यदि आप इस क्षेत्र में आना चाहते हैं तो सर्टिफिकेट कोर्स जैसे सर्टिफाइड फ्रॉड एग्जामिनर (सीएफइ), सर्टिफाइड इंफॉर्मेशन सिस्टम सिक्योरिटी प्रोफेशनल (सीआइएसएसपी) और डिजिटल फॉरेंसिक व एथिकल हैकिंग में प्रशिक्षण ले सकते हैं। आप सर्टिफिकेट कोर्स भी कर सकते हैं, जैसे सर्टिफाइड इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी मैनेजर आदि कर सकते हैं।

**ये विशेषज्ञ फाइनेंशियल फ्रॉड को सुलझाते हैं, साइबर थेट्स का पता लगाते हैं। साथ ही गैरकानूनी एक्टिविटी का भी पता लगाते हैं**

### यूजी और पीजी कोर्स

भारत में कई यूनिवर्सिटी और इंस्टीट्यूट्स में विभिन्न अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट कोर्स संचालित होते हैं। अंडरग्रेजुएट कोर्स में साइबर सिक्योरिटी में बीएससी, साइबर सिक्योरिटी में बीसीए, साइबर सिक्योरिटी पर फोकस के साथ कम्प्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में बीटेक, फॉरेंसिक साइंस में बीएससी, साइबर सिक्योरिटी और क्रिमिनोलॉजी में बीए शामिल है। पोस्टग्रेजुएट कोर्स में साइबर सिक्योरिटी में एमएससी, साइबर सिक्योरिटी में एमटेक, डिजिटल फॉरेंसिक और इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी में एमएससी, साइबर सिक्योरिटी और फॉरेंसिक एनालिसिस में एमबीए, इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी और एश्योरेंस में एमएससी, क्रिमिनोलॉजी में एमए शामिल है। फॉरेंसिक टूल्स और साइबर सिक्योरिटी प्लेटफॉर्म पर इंटर्नशिप और प्रैक्टिकल अनुभव भी जरूरी है। इनकेस (EnCase), एफटीके (FTK) और वायरशार्क (Wireshark) के प्रशिक्षण से भी अनुभव प्राप्त किया जा सकता है।

- ***कैप्टन प्रवीण दहिया**, इंटेलिजेंस, फ्रॉड सिक्योरिटी रिस्क एक्सपर्ट*

WOMEN JOBS | महिलाओं के लिए कम नहीं हैं मौके

## ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में हैं महिलाओं के लिए कई मौके

ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को अधिक मौके मिलते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं, भविष्य में भी इस फील्ड में महिलाओं के लिए मौके बढ़ेंगे इसके साथ ही उनके पे-स्केल में भी इजाफा होगा।

### कितनी जिम्मेदारियां

एक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर की जिम्मेदारियों को समझें तो कंपनी में भर्ती से लेकर कर्मचारियों का वेतन तय करने तक का काम इन्हीं के जिम्मे होता है। इसके अलावा पेरोल, कर्मचारियों को उनके अधिकार और कंपनी की ओर से दिए जाने वाले फायदों को बताना और समय-समय पर उनकी ट्रेनिंग कराना भी ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर का ही काम होता है। अगर आपको लगता है कि इस पद के लिए परफेक्ट हैं, तो इस फील्ड को चुन सकती हैं।



**एचआर मैनेजमेंट में यूजी-पीजी करके इस फील्ड में कॅरियर बनाएं...**

### पढ़ाई क्या करनी है?

**अगर आप** इस फील्ड में कॅरियर बनाना चाहती हैं, तो कम से कम एचआर से पीजी करना होगा। शुरुआती दौर में इंटर्नशिप के जरिए जुड़ते हैं। धीरे-धीरे अनुभव के हिसाब से सैलरी और पद, दोनों में इजाफा होता है।

BOARD-PREPARATION

## बोर्ड परीक्षा में गणित की तैयारी में ये टिप्स आएंगे आपके काम

सीबीएसइ हो या फिर दूसरी स्टेट बोर्ड की परीक्षाएं, गणित विषय बहुत से स्टूडेंट्स के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। अगर आप भी गणित की तैयारी को लेकर परेशान हैं, तो कुछ बातों का ध्यान रखकर अपनी समस्या का समाधान निकाल सकते हैं। जानिए इनके बारे में...

### कॉन्सेप्ट में इंट्रेस्ट जगाएं

गणित के कई फॉर्मूले ऐसे होते हैं, जिन्हें याद रखना मुश्किल होता है। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें। जैसे- फॉर्मूलों को समझने के लिए कॉन्सेप्ट को समझें। अगर आप फॉर्मूलों के कॉन्सेप्ट को समझने की कोशिश करेंगे, तो इसे याद रखना आपके लिए बिल्कुल भी मुश्किल नहीं होगा।

***प्रैक्टिस है जरूरी:*** अगर फॉर्मूलों को याद रखना चाहते हैं, तो उससे जुड़े सवालों की प्रैक्टिस करें। आपके स्टडी शेड्यूल में मैथ्स की जितनी प्रैक्टिस शामिल होगी, इन्हें याद करना और समझना उतना ही आसान होगा।



***एक चार्ट पर लिखें फॉर्मूले:*** फॉर्मूले याद रखने के लिए इन्हें एक चार्ट पर लिखें। यह चार्ट वहां चिपकाएं, जहां पर स्टडी करते हैं या घर के जिस हिस्से में ज्यादा समय बिताते हैं। इस तरह आप उठते-बैठते भी इसे याद कर सकते हैं।

CAREER TECH

## सॉफ्टवेयर कंपनी में मौका, करें अप्लाई




दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनी एडोबी ने कई भर्तियां निकाली हैं। इनकी जानकारी एडोबी के ऑफिशियल लिंक्डइन पेज से ली जा सकती है।

### इन पदों पर हैं नौकरियां

- ***प्रोफेशनल सर्विसेज अकाउंट एग्जीक्यूटिव:*** यह भर्ती नोएडा के लिए है। कैंडिडेट को एंटरप्राइज लेवल सॉफ्टवेयर कंसल्टिंग सर्विस में 10 साल का अनुभव जरूरी है। सॉफ्टवेयर डवलपमेंट में अनुभव जरूरी है।
- ***वेब एनालिटिक्स स्पेशलिस्ट:*** यह भर्ती बेंगलूरु के लिए है। कैंडिडेट को वेब परफार्मेंस की रिपोर्ट देखना होगा। अमरीका की वेब एनालिटिक्स टीम के साथ मिलकर काम करना होगा।
- ***टेक्निकल स्टाफ:*** यह भर्ती नोएडा के लिए है। कैंडिडेट को कम्प्यूटर साइंस में बैचलर या मास्टर डिग्री में उत्तीर्ण होने के साथ एंड्रॉयड डवलपमेंट में 2-3 साल का अनुभव होना अनिवार्य है। कोटलिन और जावा की जानकारी होनी चाहिए।

JOBS ALERT

**टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड**
**पद:** ग्रेजुएट एंड टेक्नीशियन अप्रेंटिस
**पद संख्या:** कुल 70 पद
**अंतिम तिथि:** 15 जनवरी, 2025
https://thdc.co.in

**टेक्सटाइल कमेटी**
**पद:** क्वालिटी एश्योरेंस ऑफिसर आदि
**पद संख्या:** कुल 49 पद
**अंतिम तिथि:** 31 जनवरी, 2025
https://textilescommittee.nic.in/

**सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज एजुकेशन**
**पद:** टेक्निकल असिस्टेंट
**पद संख्या:** कुल 35 पद
**अंतिम तिथि:** 15 जनवरी, 2025
https://www.cife.edu.in/

**शॉर्ट रीड** *देश के केवल 57% स्कूलों में कार्यशील कंप्यूटर उपलब्ध हैं, जबकि 53% में इंटरनेट की सुविधा है (शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस डेटा के अनुसार*

EARNING APPS

## फ्री गिफ्ट कार्ड्स हासिल करना है, तो दिखाएं गेमिंग स्किल




**1. रिवॉर्डेड प्ले (Rewarded play)** ऐसा ऐप है, जो यूजर्स को कमाई करने का मौका देता है। अगर आप गेमिंग स्किल रखते हैं, तो यह ऐप आपको कमाई करने का मौका देता है।

**2. गूगल** प्ले स्टोर पर मौजूद इस ऐप के जरिए यूजर्स को गिफ्ट कार्ड्स जीतने का मौका मिलता है। इसमें अमेजन, वॉलमार्ट और दूसरी कंपनी के गिफ्ट कार्ड्स मिलते हैं जिनसे शॉपिंग की जा सकती है।

**3. इस** ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें। प्रोफाइल को कम्प्लीट करके गेम एक्टिविटी में हिस्सा लें और गिफ्ट वाउचर्स हासिल कर सकते हैं। इसे डाउनलोड करने के बाद इसके नियमों को पढ़ें।

https://play.google.com/

LEARNING TOOLS

15-40 वर्ष वालों के लिए

## चंद सेकेंड में वीडियो की लाइटिंग को बदल देगा कैप-कैप ऐप



अगर वीडियो को बनाने के बाद आप उसमें सिनेमैटिक लाइट इफेक्ट देना चाहते हैं, तो ऐसा करने में कैप-कैप ऐप आपकी मदद कर सकता है। ऐसा चंद सेकेंड्स में किया जा सकता है। इसके लिए फोन में कैप-कैप ऐप डाउनलोड करना होगा। इसके बाद यहां अपने वीडियो को इम्पोर्ट करें और एआइ लाइट का ऑप्शन चुनें। इतना ही नहीं वीडियो की इंटेंसिटी को भी अपनी सुविधा के मुताबिक घटा-बढ़ा सकते हैं। यह ऐप फ्री है। यहां कई ऑप्शन भी मिलते हैं।

***आपके सुझाव** और जिन विषयों के बारे में पढ़ना चाहते हैं हमें बताएं। आपके सवाल हमें वाट्सऐप करें **9057531584***

STARTUP-MANTRA | आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल स्टार्टअप को बूस्ट करने में मदद करेंगे

# स्टार्टअप को सफल बनाएंगे ये एआइ टूल

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

**भारत में अलग-अलग तरह के फील्ड में लक्ष्य पाने और सफलता के लिए तेजी से तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। स्टार्टअप के मामले में भी ऐसा ही है। कई ऐसे एआइ टूल हैं, जो स्टार्टअप को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। जानिए इनके बारे में...**

### Albert

अल्बर्ट, यह एक ऐसा एआइ मार्केटिंग असिस्टेंट है, जो टार्गेटेड एड बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही यह विज्ञापन को ट्रैक करने के साथ उनकी परफॉर्मेंस को भी देखने का काम करता है। इसके साथ ही यह बताता है कि कस्टमर की सोच कैसी है। उसकी पसंद या नापसंद कैसी है।

### GitHub Copilot

यह ऐसा एआइ पावर्ड कोड कम्प्लिशन टूल है जो डवलपर्स को तेजी से कोड लिखने में मदद करता है। इसके साथ ही यह सम्बंधित कोड सजेस्ट भी करता है, ताकि डवलपर्स को कम से कम मेहनत करनी पड़े। यह काफी उपयोगी साबित हो रहा है।




**एआइ टूल कम समय में ज्यादा रिजल्ट देने के कारण काफी उपयोगी हैं...**

### Vidyo AI

यह एआइ टूल स्टार्टअप की पब्लिसिटी में अहम भूमिका निभाता है। यह टूल लम्बी ड्यूरेशन वाले वीडियोज को शॉर्ट वीडियो में कन्वर्ट करता है, ताकि उन्हें सोशल मीडिया के लिए इस्तेमाल किया जा सके। यह प्लेटफॉर्म लॉन्ग वीडियो में एंगेजिंग क्लिप को खोजता है और उन्हें सोशल मीडिया पर शॉर्ट वीडियो के लिए अलग करता है।

### Murf

यह एआइ टूल टेक्स्ट-टू-स्पीच के तौर पर काम करता है। यानी आप जो भी लिखते हैं, उसे यह वॉयस ओवर में कन्वर्ट कर देता है। इसका इस्तेमाल आप वीडियो की तैयारी में कर सकते हैं।

### Upme trics

**यह एआइ प्लेटफॉर्म एक तरह से बिजनेस प्लान जनरेटर की तरह काम करता है। अगर स्टार्टअप के लिए कम समय में प्लान बनाना चाहते हैं, तो इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। यह फाइनेंस फॉरकास्ट भी करता है।**

### Salesforce Einstein

सेल्सफोर्स आइंसटीन, ऐसा एआइ प्लेटफॉर्म है, जिसे सेल्सफोर्स सॉफ्टवेयर के साथ जोड़ा जा सकता है। इसके जरिए बिक्री से जुड़ी कई ऐसी बातें पता चलती हैं, जो सेल्स और मार्केटिंग को बेहतर बनाती हैं। यह कस्टमर के डेटा का एनालिसिस करके ट्रेंड को बताता है। इसके अलावा सेल्स की रियल टाइम जानकारी देता है।

### Hootsuite

हूटसूट, एक एआइ पावर्ड सोशल मीडिया मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म है, जिसकी मदद से सोशल मीडिया पर स्टार्टअप से जुड़ी पोस्ट को शेड्यूल किया जा सकता है। यह कस्टमर तक आपने जो टाइमिंग तय की है, उसके हिसाब से पोस्ट पहुंचाता है।

INNOVATION-NEWS

## जलकुंभी से बना डाली साड़ी, तालाब की सफाई के साथ मिला रोजगार





**तालाब** में जमी जलकुंभी से साड़ी भी तैयार की जा सकती है। इससे तालाब साफ होगा और रोजगार भी मिल सकता है। यह कर दिखाया है, झारखंड के इंजीनियर गौरव आनंद ने। तालाब में फैली जलकुंभी को उपयोगी बनाया। इससे तालाब के पानी को गंदा करने वाली जलकुंभी भी साफ हुई और 450 महिलाओं को रोजगार भी मिला। जलकुंभी से साड़ी बनाने का आइडिया उन्हें अभियान के दौरान मिला। नदी का सफाई अभियान चलाने के दौरान उन्होंने देखा कि पानी प्रदूषित होने की मुख्य वजह जलकुंभी है। उन्होंने देखा कि जलकुंभी के तने से निकलने वाले फाइबर में सेल्युलोज होता है और इसे जूट की तरह धागे में बदला जा सकता है। इसके जरिए बुनकरों की मदद से वे साड़ियां तैयार करते हैं। इसे फ्यूजन साड़ी का नाम दिया गया है।

TECH-QUESTION

## डिजिटल विरासत को इस तरह आसानी से कर सकते हैं सुरक्षित!

डिजिटल युग में हमारी ऑनलाइन उपस्थिति हमारी पहचान का जरूरी हिस्सा बन गई है। सोशल मीडिया प्रोफाइल, ईमेल अकाउंट, डिजिटल संपत्तियां और अन्य ऑनलाइन संसाधन हमारी डिजिटल विरासत बनाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आपके जाने के बाद आपके इन डिजिटल संसाधनों का क्या होगा?

### डिजिटल विरासत क्यों है जरूरी?

ऐसा करके यादें संरक्षित कर सकते हैं। निष्क्रिय अकाउंट हैकिंग के लिए संवेदनशील हो सकते हैं। डिजिटल संपत्तियों के लिए स्पष्ट निर्देश विवादों और जटिलताओं से बचाते हैं। इसका प्रबंधन प्रियजनों को गैर जरूरी परेशानी से बचाता है।

### क्या है डिजिटल विरासत में शामिल?

फेसबुक समेत कुछ प्लेटफॉर्म आपके अकाउंट को मेमोरियलाइज करने या डिलीट करने का विकल्प देते हैं। ईमेल में महत्त्वपूर्ण जानकारी या क्लाउड स्टोरेज को सुरक्षा रखना जरूरी है। क्रिप्टोकरेंसी, डोमेन नेम्स, वेबसाइट जैसी डिजिटल संपत्तियां सुरक्षित रख सकते हैं। अमेजन प्राइम और नेटफ्लिक्स जैसे सब्सक्रिप्शन बिना मैनेजमेंट के चार्ज होते रह सकते हैं। अकाउंट्स का बचाव कर सकते हैं।




### क्या करना होगा आपको?

1. अपने ऑनलाइन अकाउंट्स और पासवर्ड की सूची बनाएं।
2. एक भरोसेमंद व्यक्ति चुनें, जो आपके डिजिटल संसाधनों को संभाल सके।
3. गूगल और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म आपको लेगेसी कॉन्टैक्ट या अकाउंट मैनेजमेंट का विकल्प देते हैं।
4. अपनी वसीयत में डिजिटल संपत्तियों के लिए निर्देश शामिल करें।

- ***अंजलिका पंवार***

TECH KNOWLEDGE | ऐसे चैटबॉट अपनाएं जो बड़े काम के हैं...साथ ही करते हैं मनोरंजन

# हर जरूरत को पूरा करेगा एआइ चैटबॉट

**चैटजीपीटी और जेमिनाइ जैसे एआइ चैटबॉट्स से बोर हो गए हैं, तो कुछ नए मुफ्त चैटबॉट्स आजमा सकते हैं। ये रचनात्मक सामग्री तैयार करने से लेकर जटिल कार्यों में सहायता कर सकते हैं और मनोरंजन भी करते हैं।**

### कैरेक्टर एआइ

कैरेक्टर एआइ काल्पनिक व्यक्तित्व, ऐतिहासिक व्यक्तित्व और यहां तक कि कस्टम-मेड बॉट जैसे पात्रों के साथ जोड़ता है। ये बॉट अन्य यूजर्स द्वारा बनाए और साझा किए जाते हैं। आप अपनी पसंदीदा मशहूर हस्तियों या किरदारों से बात करने के अलावा अपना किरदार भी बना सकते हैं और उसे दोस्तों और परिवार के साथ साझा भी कर सकते हैं।



### रेप्लिका

क्या आप ज्यादा व्यक्तिगत चैट साथी की तलाश में हैं? रेप्लिका व्यक्तिगत कनेक्शन पर ध्यान केंद्रित करता है और ऐसा चैटबॉट देता है, जो वास्तविक साथी की तरह लगता है। रेप्लिका आपके मानसिक स्वास्थ्य में मदद करने के लिए मूड ट्रैकिंग और जर्नलिंग जैसी सुविधाएं देता है।

### पोइ बाय कोरा

पोइ एआइ, कोरा द्वारा विकसित एआइ-संचालित चैटबॉट है। इससे आप अलग-अलग एलएलएम से चैट कर सकते हैं और अलग-अलग जवाब पा सकते हैं। आप पोइ के साथ अपने खुद के बॉट भी बना सकते हैं, जिससे कस्टमाइजेशन आसान हो जाता है।

### कुकी

कुकी पुरस्कार विजेता AI चैटबॉट है। यह विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सकता है। यह गेम खेल सकता है और ईमेल भेजने जैसे काम भी आसानी से कर सकता है। कुकी का आकर्षक व्यक्तित्व और बहुमुखी प्रतिभा इसे इंटरेक्टिव और मनोरंजक बातचीत चाहने वाले यूजर्स के बीच पसंदीदा बनाती जा रही है। गौरतलब है कि इसका फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सऐप और यूट्यूब पर सोशल मीडिया अकाउंट हैं।

- **आशीष खंडेलवाल**

सफलता के लिए धैर्य व लगन जरूरी



*धैर्य और लगन को अपनी सफलता की कुंजी मानते हुए लगातार प्रयास करते रहें, इसी में आपके लक्ष्य निहित हैं। - **मोना अग्रवाल,** अर्जुन अवॉर्ड के लिए चयनित पैराशूटर*

UGC ने जारी की देशभर के फर्जी विवि की लिस्ट, जानने के लिए स्कैन करें...

## CURRENT NEWS

### करंट अफेयर्स क्लियर करने वाले सवाल-जवाब



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

**Q1 जनवरी, 2025 में घाना के राष्ट्रपति कौन बने?**

***जॉन ड्रामानी महामा।*** *हाल ही 07 जनवरी को महामा ने घाना के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। दिसंबर, 2024 में संपन्न हुए राष्ट्रपति चुनाव में 56.55 फीसदी वोट शेयर प्राप्त करते हुए उन्होंने इस पद पर वापसी की है।*

**Q2 राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के लिए अनुमानित जीडीपी विकास दर क्या है?**

***6.4 फीसदी।*** *राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार, इस वित्त वर्ष में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दर 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।*

**Q3 18वां प्रवासी भारतीय दिवस कहां आयोजित किया गया है?**

***भुवनेश्वर में।*** *18वां प्रवासी भारतीय दिवस ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 08 से 10 जनवरी, 2025 को मनाया गया।*

**Q4 एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के नए अध्यक्ष कौन हैं?**

***बहादुर सिंह सागू।*** *एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआइ) के नए अध्यक्ष के रूप में सागू को चुना गया है। फैडरेशन की चंडीगढ़ में दो दिवसीय वार्षिक आमसभा की बैठक (07 जनवरी) के दौरान चुनाव की घोषणा की गई।*

**Q5 इसरो के नए अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्ति दी गई है?**

***बी.नारायणन को।*** *इसरो के नए अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव के रूप में नारायणन की नियुक्ति की गई है। वे 14 जनवरी, 2025 को एस. सोमनाथ का स्थान लेंगे।*

## Career-Guide

बच्चों के सब्जेक्ट चयन से लेकर कॅरियर के चुनाव में पेरेंट्स की अहम भूमिका होती है...

# बच्चों का कॅरियर, कैसी होनी चाहिए माता-पिता की भूमिका?



जितेन्द्र सिंह
कॅरियर काउंसलर
patrika.com

**एक बच्चे के जीवन में उसके माता-पिता की अहम भूमिका होती है। पहला कदम उठाने से लेकर वयस्क बनने तक का सफर माता-पिता की सहायता और मार्गदर्शन से पूरा होता है। पेरेंट्स अपने बच्चों के जीवन के सभी प्रमुख निर्णय लेने में भी मुख्य भूमिका निभाते हैं, जिसमें कॅरियर का चयन भी शामिल है। बच्चों के कॅरियर चयन के निर्णय में शामिल होकर माता-पिता उनके लिए एक अच्छा कॅरियर, वित्तीय रूप से सुरक्षित भविष्य और अच्छा गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना चाहते हैं, लेकिन यह कार्य माता-पिता के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है। आइए जानें कुछ जरूरी बातें...**

हरेक पेरेंट्स की सफलता, सफल होने के तरीके, अच्छा कॅरियर, अच्छी नौकरी या आदर्श जीवन के बारे में अपनी-अपनी मान्यताएं होती है। जब भी वे अपने बच्चों से उपरोक्त विषयों पर बातचीत करते हैं, तो उनका वार्तालाप उन्हीं मान्यताओं और अनुभवों पर आधारित होता है। कुछ पेरेंट्स बच्चों के साथ कॅरियर संबंधित महत्त्वपूर्ण बातचीत को बहुत ही सतही तौर पर करते हैं। इसके अलावा ज्यादातर पेरेंट्स कॅरियर चुनाव की इस महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया में उन सभी जरूरी बिंदुओं का समावेश नहीं कर पाते हैं जो आज के युग में विद्यार्थियों के कॅरियर चुनाव के लिए अत्यंत आवश्यक होते हैं। यहां हमें यह ज्ञात होना चाहिए कि बच्चों के विषय या कॅरियर चुनाव की यह प्रक्रिया मुख्यत: दसवीं से लेकर बारहवीं कक्षा समाप्त होने तक पूरी होती है। लेकिन आदर्श रूप में माता-पिता को इस पूरी प्रक्रिया की नींव वास्तव में कक्षा छठी-सातवीं से ही डाल देनी चाहिए। माता-पिता की राय से बच्चे काफी प्रभावित होते हैं।



### क्या करें पेरेंट्स (Dos')

- **अपने** बच्चे को उनकी रुचियों, मूल्यों और शक्तियों का पता लगाने में मदद करें।
- **बच्चों** को एक्स्ट्रा करिकुलर (पाठ्येतर) और को करिकुलर (सह पाठ्यक्रम) गतिविधियों में भाग लेने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करें।
- **बच्चों** को अपने कौशल खोजने की स्वतंत्रता, समय और प्रोत्साहन दें।
- **कॅरियर** के विभिन्न विकल्प और उनके भिन्न-भिन्न आयामों पर पारिवारिक माहौल में बच्चे के साथ खुली बातचीत करें। बच्चे को भी बोलने का मौका दें।
- **कॅरियर** विकल्प के बारे में अपने बच्चों की पसंद नापसंद जानें, सुनें और उनका समर्थन करें।
- **अपने** बच्चे के साथ उनके कॅरियर विकल्प के वित्तीय प्रभावों के बारे में खुली और ईमानदार रूप से चर्चा जरूर करें।
- **अपने** बच्चे की रुचियों, कौशल और व्यक्तित्व के आधार पर कॅरियर मार्गदर्शन और सलाह दें।

### ऐसा करने से बचें (Dont's)

- **अपने** बच्चों को वह कॅरियर बनाने के लिए मजबूर न करें जो आप उनके लिए चाहते हैं।
- **अपने** पूर्वाग्रहों या गलतफहमियों के आधार पर अपने बच्चे के कॅरियर विकल्प को सीमित करने से बचें।
- **व्यक्तिगत** संतुष्टि और खुशी पर वित्तीय लाभ को प्राथमिकता देने से बचें।
- **अपनी** अपेक्षाओं और बचपन की अधूरी इच्छाओं को किनारे रखना चाहिए।
- **अपने** बच्चे के कॅरियर विकल्प या आकांक्षाओं के प्रति अत्यधिक आलोचनात्मक होने से बचें।
- **खुली** और ईमानदार चर्चा किए बिना अपने बच्चे के कॅरियर लक्ष्यों या आकांक्षाओं के बारे में धारणाएं बनाने से भी आपको बचना चाहिए।

## PRODUCTIVE STUDY

ग्रुप में पढ़ना अच्छा होता है, इससे मजबूत होता है मनोबल...

### ग्रुप स्टडी से मिलेगा सोच और समझ को नया दृष्टिकोण

ग्रुप में पढ़ाई करना काफी अच्छा होता है। ग्रुप स्टडी में आप आपस में टेस्ट या क्विज आयोजित कर सकते हैं। इससे पढ़ाई में मन भी लगता है और मजा भी आता है।

- **समूह** अध्ययन में अपनी सीमाएं जरूर तय करें, कहीं समय बर्बाद न हो।
- **ग्रुप** स्टडी का एक खतरा यह है कि ग्रुप के सदस्य इधर-उधर की बातें करने लगते हैं।



**फोकस**

- **अकेले** अध्ययन का समय जरूर निर्धारित करें।
- **ग्रुप** में पढ़ना आपको मजबूत बनाता है।
- **अपने** छोटे भाई-बहनों के साथ भी आप ग्रुप स्टडी कर सकते हैं।
- **परीक्षा** की तिथि को ध्यान में रखते हुए ही अपनी तैयारी करें।

## KNOWLEDGE-CORNER

### फुलस्टॉप या पूर्ण विराम

प्रमोद जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

हिंदी में हम जिन विराम चिह्नों का प्रयोग करते हैं, उनमें अधिकतर यूरोप से आए हैं। संस्कृत से हमें केवल खड़ी पाई के रूप में विराम चिह्न मिला है। अल्प विराम, कोलन, सेमी कोलन, डैश, कोष्ठक और उद्धरण चिह्न इनवर्टेड कॉमा विदेशी हैं।

पूर्ण विराम के लिए खड़ी पाई का इस्तेमाल पहले से होता रहा है और यह सबसे ज्यादा प्रचलित है। कुछ लोग रोमन 'डॉट' से भी पूर्ण विराम बनाते हैं। देवनागरी की अपनी अंक-प्रणाली भी है, पर अब ज्यादातर रोमन अंकों का इस्तेमाल होने लगा है। इसकी वजह है, हमारे संविधान का अनुच्छेद 343 जिसके अनुसार, 'संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।

शासकीय प्रयोजनों में भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप का इस्तेमाल होगा।' निजी तौर पर अंकों और विराम चिह्नों का प्रयोग व्यक्ति पर




निर्भर करता है। हालांकि फॉन्ट निर्माता रोमन अंक '1' और विराम चिह्न '।' के रूपांकन में अंतर रखते हैं, फिर भी कई बार भ्रम हो सकता है। वाक्य 101 पर खत्म हो तो 101 को '101।' यानी एक हजार ग्यारह भी पढ़ा जा सकता है। इसमें सही या गलत का कोई मतलब नहीं। दोनों रूप चलते हैं।

हिंदी शब्द अपने विस्तृततम अर्थ में बोली जाने वाली सत्रह बोलियों का द्योतक है। भाषा विज्ञान में प्रायः पश्चिमी हिंदी और पूर्वी हिंदी को ही हिंदी मानते रहे हैं।

## COURSE CLICK

पीएचडी प्रवेश

### वर्धमान महावीर खुला विवि में करें आवेदन



वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा ने पीएचडी हेतु एस्पिरेंट्स से आवेदन मांगे हैं। इसके लिए ऑनलाइन एप्लिकेशन्स आमंत्रित की गई हैं। वर्धमान विवि की ओर से पीएचडी रेगुलर एडमिशन हेतु आवेदन मांगे गए हैं।

#### इन विषयों के लिए करें आवेदन

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय से पीएचडी करने की इच्छा रखने वाले एस्पिरेंट्स, बॉटनी, कॉमर्स, कम्प्यूटर साइंस, अंग्रेजी, एजुकेशन, ज्योग्राफी, जर्नलिज्म, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, मैथमैटिक्स और जूलॉजी जैसे विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

#### यह है अंतिम तिथि

पीएचडी एडमिशन के लिए अंतिम तिथि 15 जनवरी, 2025 निर्धारित की गई है। इस हेतु प्रवेश प्रक्रिया 23 दिसंबर, 2024 को ही प्रारंभ हो गई थी। प्रवेश से जुड़े अन्य नियम व शर्तें जानने के लिए छात्र विवि की वेबसाइट विजिट कर सकते हैं। vmou.ac.in

## SELF-HELP

### अध्ययन का टाइम टेबल अपडेट करें, बदलाव होगा




**बदलाव** कई बार सकारात्मक ऊर्जा का परिचायक होता है। ऐसे में अपने टाइम टेबल में अपडेट करना आपके लिए एनर्जी का स्रोत हो सकता है।

- **टाइम** टेबल कुछ इस तरह व्यवस्थित हो कि यह आपके सभी विषयों को अच्छी तरह से कवर करे।
- **आपके** दूसरे कार्य इससे प्रभावित नहीं होने चाहिए।
- **अगर** आपने कोई क्लास जॉइन की है तो उसके अनुसार समय तय करें।
- **अगर** आप सुबह जल्दी नहीं उठ पाते हैं तो जब उठते हैं, तब से अपनी पढ़ाई का समय निर्धारित करें।
- **सब्जेक्ट्स** को भी बदलते रहें, यानी मैथ्स के समय साइंस, इससे चेंज होगा।
- **पढ़ना** आपको किसी भी समय सारिणी में पड़ेगा ही, अत: जरूर पढ़ें।

**शॉर्ट रीड** **48%** ***हिस्सेदारी (2021-22 में 2.07 करोड़ नामांकन) के साथ देश में उच्च शिक्षा में छात्राओं का प्रतिनिधित्व अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।*** *(एआइएसएचइ रिपोर्ट के अनुसार)*

## EXAM CALENDAR

### NTA की एनसीएचएमसीटी जेईई परीक्षा 27 अप्रैल को



एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (एनसीएचएम-सीटी) जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) 2025 परीक्षा की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। यह परीक्षा 27 अप्रैल, 2025 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। एनटीए की ओर से इस परीक्षा का आयोजन कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस हेतु रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 16 दिसंबर, 2024 से जारी हो चुकी है और इसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी, 2025 तय की गई है।

nchm2025.ntaonline.in

## READERS REQUEST

### फूड स्टार्टअप शुरू करें

**गोपाल जांगिड़, इंदौर, मध्य प्रदेश**
**- मैंने 12वीं पास किया है। कैफे स्टार्टअप शुरू करने हेतु टिप्स दीजिए।**

**कॅरियर काउंसलर, दीपक सक्सेना**
- **सबसे** पहले तो आप अपनी रुचि से संबंधित क्षेत्र की जानकारियां जुटाएं। आप फूड टेक्नोलॉजी या इससे जुड़े कोर्स कर सकते हैं। साथ ही आपके आसपास क्षेत्र में मौजूद कैफे, फूड स्टार्ट-अप, होटल, रेस्टोरेंट्स आदि के साथ जुड़कर आप अनुभव जुटा सकते हैं, साथ ही संसाधनों की आवश्यकताओं और बजट का आइडिया ले सकते हैं। आपको यह भी देखना होगा कि आप किस क्षेत्र में कैफे या फूड स्टार्टअप खोलना चाहते हैं, क्योंकि जब तक आप अपना टारगेट कस्टमर वर्ग नहीं कन्फर्म कर लेंगे, आपको अपेक्षित सफलता मिलने के अवसर उतने अधिक नहीं मिलेंगे, जितना कि आपका लक्ष्य है। ऐसे में अपनी रिसर्च को विस्तार दें और सभी पहलुओं को ध्यान में रखें। साथ ही आपकी टीम और शेफ आदि के बारे में भी प्लानिंग कर लें।

***आप भी भेजें अपने सवाल...***

90575 31584

## Board Education

9वीं से 12वीं तक के लिए

एम्स ने जूनियर रेजिडेंट्स के रजिस्ट्रेशन हेतु मांगे आवेदन, जानकारी के लिए स्कैन करें...

**HALF YEARLY EXAM** समय तय करें कि आप कितनी देर ऑनलाइन स्टडी करेंगे, ध्यान रखें स्क्रीन की लत न लगे...


# इन बातों का ध्यान रखते हुए करें ऑनलाइन स्टडी

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

10वीं-12वीं के छात्र जो बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। कुछ स्टूडेंट्स ऐसे भी हैं, जो ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी पढ़ाई को बेहतर बनाने में जुटे हैं। लेकिन ऑनलाइन स्टडी करते समय स्टूडेंट्स और उनके परिजनों को कुछ महत्त्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना चाहिए अन्यथा मन का भटकाव, समय की बर्बादी और डिजिटल फ्रॉड जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### चुनिंदा स्टडी मटीरियल है पहला स्टेप

अपने सिलेबस के अनुसार पहले अपना स्टडी मटीरियल चुनें और जिन टॉपिक्स के लिए आपको हेल्प की जरूरत हो, उन्हीं को सर्च करें या उन्हीं से संबंधित स्टडी मटीरियल के ट्यूटोरियल देखें। आपको यह तय करना होगा कि आपका समय अनावश्यक बर्बाद न हो। आपका फोकस सही होना चाहिए। साथ ही अपनी आइ हैल्थ का ध्यान रखें।



### सेल्फ टेस्टिंग है जरूरी

आप पढ़ाई चाहे ऑनलाइन करें या ऑफलाइन, आपको अपने लिए रेगुलर सेल्फ टेस्ट निर्धारित कर लेने चाहिए। आपको यह भी देखना होगा कि आप ईमानदारी से टेस्ट दे पाते हैं या नहीं। इन टेस्ट में सेल्फ मार्किंग करें या फिर अपने फैलो या टीचर की सहायता लें। टेस्ट स्कोर के आधार पर जिन टॉपिक्स में आप खुद को कमजोर पाएं, उनके लिए फिर से तैयारी की रणनीति बनाएं और पढ़ाई में जुट जाएं।

### निर्धारित हो समय


आपको एक समय तय करना होगा कि आप कितनी देर ऑनलाइन स्टडी करेंगे। दूसरी बात यह भी कि इससे आपको स्क्रीन की लत न लगे। कई बार ऑनलाइन पढ़ाई के दौरान कुछ गैर-जरूरी वेबसाइट्स के ऐड या लिंक्स जेनरेट हो जाते हैं। इनसे सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि इन पर जाने से आपका कीमती समय तो बर्बाद होगा ही, साथ ही कई बार फ्रॉड वेबसाइट्स आपका डाटा चुरा सकती हैं। ऐसे में कई दिक्कतों का सामना आपको करना पड़ सकता है।

### ऑफलाइन का महत्त्व

ऑनलाइन स्टडी करते हैं तो ऑफलाइन का महत्त्व न भूलें। अपनी किताबों को ही अपना दोस्त मानें। इससे आपकी पढ़ने की आदत और बेहतर होगी। साथ ही किताब से पढ़ा हुआ ज्यादा ठीक से याद रहता है। किताब का तो कोई विकल्प ही नहीं है। किताबें पढ़ने से दिमाग तेज होता है। हमारी सोचने की क्षमता बढ़ती है। हालांकि ई-बुक्स पढ़ना गलत नहीं है, लेकिन किताब के पन्नों की खुशबू की बात ही अलग होती है। इससे तनाव भी कम होता है और मानसिक शांति मिलती है।

## SCHOLARSHIP ALERT

### टाटा कैपिटल पंख स्कॉलरशिप प्रोग्राम



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

टाटा कैपिटल पंख स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत स्टूडेंट्स अप्लाई कर सकते हैं। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर 11वीं-12वीं के स्टूडेंट्स जो आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें पढ़ाई के लिए आर्थिक संबल दिया जाता है। इसकी यह प्रक्रिया है...

#### प्रोग्राम के बारे में जानिए

- ***गत*** क्लास में स्टूडेंट ने कम से कम 60 फीसदी मार्क्स प्राप्त किए हों।
- ***आवेदक*** के परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपए से कम होनी चाहिए।
- ***अप्लाई*** करने से पहले स्टूडेंट्स को संबंधित पात्रता के नियम व शर्तों सहित वांछित दस्तावेजों की जानकारी जुटा लेनी चाहिए।
- **इस** स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत अप्लाई करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी, 2025 है।
- **चयनित** स्टूडेंट्स को 10 से 12 हजार रुपए दिए जाएंगे।

आवेदन के लिए - rb.gy/1k3wsd

## OPEN ADMISSION

**एआइएफडी बेंगलुरू**
**कोर्स:** बीएससी, बीएससी (एफएडी)
**अंतिम तिथि:** 31 मार्च, 2025
aifd.edu.in

**एक्सआइएमइ चेन्नई**
**कोर्स:** मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा
**अंतिम तिथि:** 31 मार्च, 2025
admissions.xime.org

**बनारस हिंदू विश्वविद्यालय**
**कोर्स:** पीएचडी
**अंतिम तिथि:** 21 जनवरी, 2025
bhu.ac.in

## STUDY ABROAD

आपका सपना अगर विदेश में पढ़ाई करने का है तो पहले सारी जानकारियां ठीक से जुटा लें...

# ये सावधानियां रखते हुए करें विदेश में शिक्षा पाने के लिए अप्लाई

**[ विदेश में मेडिकल शिक्षा प्राप्त करना एक आकर्षक विकल्प हो सकता है, लेकिन इसके साथ कई चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। भारतीय छात्रों को विदेश में मेडिकल शिक्षा के लिए जाने से पहले कुछ महत्त्वपूर्ण सावधानियां बरतनी चाहिए। ]**

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

### कॉलेज और देश का चयन

- **मान्यता :** सुनिश्चित करें कि कॉलेज विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) व भारतीय चिकित्सा परिषद (NMC) द्वारा मान्यता प्राप्त हो।
- **शैक्षणिक गुणवत्ता :** कॉलेज की पाठ्यक्रम, फैकल्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच करें।
- **बजट बनाएं :** ट्यूशन फीस, रहने-खाने और अन्य खर्चों का एक विस्तृत बजट बनाएं।
- **देश की स्थिति :** राजनीतिक और सामाजिक स्थिति, भाषा की बाधाएं और सुरक्षा के मुद्दों पर विचार करें।

### एजेंट से सावधान रहें

- **अधिकृत एजेंट :** केवल आधिकारिक और विश्वसनीय एजेंट के माध्यम से आवेदन करें।
- **अतिरिक्त शुल्क :** एजेंट द्वारा लिए जा रहे शुल्क की जांच कर अतिरिक्त शुल्क से बचें।



### दस्तावेज

- **पासपोर्ट व वीजा :** समय पर पासपोर्ट और वीजा के लिए आवेदन करें।
- **शैक्षणिक दस्तावेज :** शैक्षणिक दस्तावेजों का अनुवाद करा लें और उन्हें नोटरीकृत करवाएं।
- **स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र :** एक वैध स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्राप्त करें।

### भारत में रजिस्ट्रेशन

- **NMC परीक्षा :** भारत में एमसीआइ की स्क्रीनिंग परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- **इंटर्नशिप :** भारत में इंटर्नशिप करनी होगी।

### वित्तीय योजना

- **बचत :** पर्याप्त बचत करें, ताकि आप किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपट सकें।
- **वित्तीय सहायता :** छात्रवृत्ति या ऋण के विकल्पों की खोज करें।
- **विदेशी मुद्रा :** आवश्यक विदेशी मुद्रा को पहले से बदलवा लें।

### अंतर समझिए

- **सांस्कृतिक समझ :** नए देश की संस्कृति और रीति-रिवाजों के बारे में जानें।
- **भाषा :** स्थानीय भाषा सीखने की कोशिश करें।
- **समायोजन :** नए वातावरण में समायोजित होने के लिए तैयार रहें।

### सुरक्षा संबंधी टिप्स

- **सावधानियां :** अपने आसपास के क्षेत्र के बारे में जागरूक रहें और सुरक्षा सावधानियां बरतें।
- **आपातकालीन संपर्क :** आपातकालीन स्थिति में संपर्क करने के लिए स्थानीय अधिकारियों और भारतीय दूतावास के नंबर सेव कर लें।

विदेश में मेडिकल शिक्षा एक बड़ा निर्णय है। इसलिए इस निर्णय को लेने से पहले सभी पहलुओं पर ध्यानपूर्वक विचार करें और उचित मार्गदर्शन लें।



प्रो.अशोक कुमार
शिक्षाविद
patrika.com

**फुटबॉल :** एफए कप में एवर्टन के खिलाफ पीटरबोरो ने टेलर यंग को बेंच पर ही बैठाए रखा

# एश्ले यंग का बेटे के खिलाफ खेलने का सपना अधूरा रह गया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लिवरपूल.** एवर्टन के 39 वर्षीय खिलाड़ी एश्ले यंग गुरुवार रात यहां एफए कप फुटबॉल के तीसरे राउंड पीटरबोरो के खिलाफ मिली जीत के बावजूद निराश हैं। दरअसल, उनका 18 वर्षीय बेटा टेलर यंग विपक्षी टीम पीटरबोरो के लिए खेलता है। एश्ले को उम्मीद थी कि उन्हें बेटे के खिलाफ खेलने का मौका मिलेग, लेकिन पूरे मैच के दौरान पीटरबोरो ने टेलर को बेंच पर ही बैठाए रखा। इस कारण पिता और पुत्र एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खेल सके।

### फुटबॉल इतिहास में पहली बार ऐसा होता

**यदि** पीटरबोरो टेलर यंग को मैदान पर उतरने का मौका देती तो फुटबॉल के इतिहास में पहली बार पिता और पुत्र एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हुए दिखाई देते, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो सका।

***इन्होंने दिलाई एवर्टन को जीत...:*** इस बीच, एवर्टन के लिए मैच के 42वें मिनट में बेंटो ने पहला गोल दागा। इसके बाद इंजुरी टाइम के आठवें मिनट में लीमान नाडिया ने गोल करके एवर्टन को 2-0 से शानदार जीत दिला दी।

***मैच के बाद दी बेटे को सांत्वना:*** मैच के बाद एश्ले अपने बेटे को सांत्वना देते हुए नजर आए। एश्ले ने कहा, सबसे अच्छा और एकमात्र परिणाम यह है कि टेलर अच्छा खेले। यह एक बड़ा मंच है और मुझे उम्मीद है कि उसे आगे मैदान पर उतरने का मौका मिलेगा। हम दोनों एक-दूसरे खिलाफ जरूर खेलेंगे।



मैच के बाद बेटे टेलर के साथ एश्ले यंग।

**इंतजार खत्म**

## फुल्हम को 20 साल बाद वाटफोर्ड के खिलाफ जीत मिली

**लंदन @ पत्रिका.** फुल्हम ने एफए कप के तीसरे राउंड में दमदार प्रदर्शन करते हुए वाटफोर्ड को 4-1 से करारी शिकस्त दी। खास बात यह है कि फुल्हम ने 20 साल के लंबे अंतराल के बाद वाटफोर्ड के खिलाफ किसी भी टूर्नामेंट में पहली जीत हासिल की है। इससे पहले, फुल्हम ने वाटफोर्ड को 2005 एफए कप में 2-0 से मात दी थी। इसके बाद दोनों टीमों के बीच सात मैच खेले गए। इसमें फुल्हम को सिर्फ एक में जीत मिली, तीन मैच उसने हारे और तीन ड्रॉ रहे। फुल्हम के लिए मुकाबले में रोड्रिगो मुनीज, जिमेनेज, एंडरसन और कास्टजाने ने एक-एक गोल किया।

**पहला वनडे :** भारत ने छह विकेट से जीता मैच

# दबदबा कायम : भारतीय महिलाओं की आयरलैंड पर लगातार 13वीं जीत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**राजकोट.** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को पहले वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को छह विकेट से मात दी। भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की टीम ने सात विकेट पर 238 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 34.3 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ लगातार 13वीं जीत दर्ज की।

***कप्तान स्मृति मंधाना के 4000 रन पूरे*** : कप्तान और ओपनर स्मृति मधांना ने 29 गेंदों में छह चौके और एक छक्के के साथ 41 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस दौरान मंधाना ने वनडे करियर के 4000 रन भी पूरे कर लिए। **उनके नाम 95 वनडे में नौ शतक और 29 अर्धशतक के साथ 4001 रन हो गए हैं।**



प्रतिका रावल शॉट लगाते हुए।

**प्लेयर ऑफ द मैच:**
**प्रतिका ने 89 रन ठोके**
भारतीय ओपनर प्रतिका रावल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 96 गेंदों में 89 रन की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच बनीं प्रतिका ने करियर का दूसरा अर्धशतक लगाते हुए 10 चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने पहले विकेट के लिए स्मृति मंधाना के साथ 70 रन जोड़े।

### मीडियम पेसर सयाली का पदार्पण

**मीडियम** पेसर सयाली सतघरे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का पदार्पण किया। इस दौरान उनके माता-पिता भी मौजूद थे। सयाली ने 10 ओवर में दो मेडन फेंके व 43 रन देकर एक विकेट लिया।



**आज का पोल**

**क्या लोकेश राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रखना चाहिए?**

YES | NO

हमारे एक्स/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

**शुक्रवार का जवाब**

हां **85%** नहीं **15%**

***पिछला सवाल:*** क्या सबालेंका लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत पाएंगी?

**आगामी चुनौती :** तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए जल्द की जाएगी भारतीय टीम की घोषणा

# दबाव : इंग्लैंड के खिलाफ फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे रोहित शर्मा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजरने वाले कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ 06 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा था कि रोहित को इस सीरीज से आराम दिया जा सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद रोहित चाहते हैं कि वह 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय हासिल कर लें। इसके लिए इंग्लैंड सीरीज एक बड़ा मौका है, जिससे वह अपनी फॉर्म में वापसी कर सकते हैं। साल 2024 में रोहित ने सिर्फ तीन वनडे मैच खेले थे और दो अर्धशतक के साथ 157 रन कुल बनाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द की जाएगी।

***चैंपियंस ट्रॉफी तय करेगा भविष्य:*** रोहित शर्मा के लिए चैंपियंस ट्रॉफी बेहद महत्वपूर्ण है। इस टूर्नामेंट में किया गया उनका प्रदर्शन बल्लेबाजी और कप्तानी में उनका भविष्य तय करेगा। ऐसे में रोहित इंग्लैंड के खिलाफ कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। गौरतलब है कि वनडे में रोहित का प्रदर्शन टी-20 व टेस्ट के मुकाबले अच्छा है।



**ये भी जानें...**
**03** वनडे सिर्फ ***रोहित ने साल 2024 में खेले***
**157** रन बनाए 52.33 की औसत से, ***दो अर्धशतक***

### मोहम्मद शमी की लंबे अरसे बाद टीम में वापसी संभव

**इंग्लैंड** के खिलाफ वनडे सीरीज से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भारतीय टीम में लंबे अरसे बाद वापसी हो सकती है। माना जा रहा है की यदि शमी की फिटनेस अच्छी रही तो उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी टीम इंडिया में जगह मिल सकती है।

***घरेलू क्रिकेट खेल रहे:*** चोटिल होने के कारण शमी 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं। हालांकि उन्होंने कुछ महीने पहले घरेलू क्रिकेट में खेलना शुरू कर दिया है। वह हाल ही में विजय हजारे वनडे टूर्नामेंट में बंगाल के लिए खेले। इस दौरान उनकी फिटनेस और गेंदबाजी काफी अच्छी दिखी।

***फिटनेस पर नजर :*** शमी की फिटनेस पर टीम इंडिया की मेडिकल टीम भी लगातार निगाहें रख रही है। शमी की वापसी इसलिए जरूरी है क्योंकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी चोटिल हैं।

**लिया संन्यास...**

## तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने क्रिकेट को कहा अलविदा



वरुण आरोन, पूर्व पेसर।

**09** टेस्ट और 09 वनडे ***भारत के लिए खेले***
**18** विकेट टेस्ट और ***11 विकेट वनडे में झटके***

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने शुक्रवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। 35 वर्षीय आरोन ने 2010-11 में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान 153 किमी की गति से गेंद फेंक कर सुर्खियां बटोरी थीं। वरुण ने भारत के लिए नौ टेस्ट मैचों में 18 और नौ वनडे मैचों में 11 विकेट चटकाए हैं। झारखंड के रहने वाले वरुण को अपने करियर में कई चोटों का सामना करना पड़ा और इससे उनका करियर प्रभावित हुआ। वरुण ने कहा कि उन्होंने अपने 20 साल के क्रिकेट करियर के दौरान खेल का लुत्फ उठाया।

## ऋषभ पंत ने दो साल में खेला सिर्फ एक वनडे

**06** रन बनाए थे अपने आखिरी वनडे मैच में, ***2024 में श्रीलंका के खिलाफ***
**31** वनडे करियर में कुल पंत ने खेले, **01 शतक,** ***15 अर्धशतक संग 871 रन ठोके***

**वनडे में** विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले लोकेश राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर किया जा सकता है। राहुल के स्थान पर ऋषभ पंत को टीम में जगह दी जाएगी। हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए लोकेश राहुल भारतीय टीम का हिस्सा जरूर होंगे। पंत ने पिछले दो साल में सिर्फ एक वनडे मैच खेला है। उन्होंने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ यह मैच खेला था और छह रन बनाए थे। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में पंत को जगह मिलनी तय है।



## आइसीसी के नए अध्यक्ष जय शाह को सम्मानित करेगा बीसीसीआइ

**मुंबई @ पत्रिका.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) आइसीसी के नए अध्यक्ष जय शाह को यहां रविवार को होने वाली अपनी विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान सम्मानित करेगा। जय शाह पहले बीसीसीआइ के सचिव थे और उन्होंने एक दिसंबर 2024 को आइसीसी अध्यक्ष का पद संभाला था। सूत्रों के मुताबिक, जय शाह हालांकि एसजीएम की बैठक का हिस्सा नहीं होंगे।



**महिला गोल्फ:** प्लेऑफ में सान्वी को दी शिकस्त

## रिया ने पहला खिताब जीता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जमशेदपुर.** रिया पूर्वी सरवानन ने शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर खिताब जीता लिया। यह उनका पहला खिताब है। 22 वर्षीय रिया ने खिताब के लिए खेले गए प्लेऑफ में सान्वी को शिकस्त दी। इससे पहले, तीन दिन के इस टूर्नामेंट में दोनों खिलाड़ियों का स्कोर एक समान एक-अंडर 2015 रहा था। इस टूर्नामेंट में जैस्मिन शेकर आखिरी राउंड में निराशाजनक प्रदर्शन के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गई।



**बैडमिंटन :** मलेशिया ओपन में स्थानीय जोड़ी को 49 मिनट में दी शिकस्त

# चिराग-सात्विक की जोड़ी अंतिम-चार में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कुआलालंपुर.** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में स्थानीय जोड़ी मलेशिया के येव सिन ओंग और एइ टियो की जोड़ी को 49 मिनट तक चले मुकाबले में 26-24, 21-15 से शिकस्त दी।




भारतीय शटलर सात्विक और चिराग शेट्टी (दाएं)।

***अब कोरियाई जोड़ी से भिड़ंत:*** फाइनल में जगह बनाने के लिए भारतीय जोड़ी का मुकाबला अब कोरिया के किम वोन हो और सियोंग जेइ से होगा। कोरियाई जोड़ी ने अंतिम चार में चीनी ताइपे की जोड़ी को मात दी।

**उपलब्धि...**

# नीरज सर्वश्रेष्ठ भालाफेंक एथलीट चुने गए

**नई दिल्ली.** पेरिस ओलंपिक खेल में रजत पदक जीतने वाले भारत के स्टार जेवेलिन थ्रो एथलीट नीरज चोपड़ा को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध अमरीकी पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' द्वारा 2024 में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी चुना गया है। 27 वर्षीय नीरज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण जबकि 2024 पेरिस ओलंपिक में रजत पदक हासिल किया था।



***अरशद-पीटर्स को पछाड़ा:*** नीरज ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पाकिस्तान के अरशद नदीम और दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ते हुए पत्रिका द्वारा प्रकाशित रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**मुश्किल हालात //** झारखंड की 18 वर्षीय राज अदिति ने 2022 में नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड को 13 साल बाद दिलाया था पदक

# नेशनल जूनियर पदक विजेता तीरंदाज की गुहार, सरकार आर्थिक मदद करे

## ...नहीं तो छोड़ना पड़ेगा खेल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** मुश्किल हालातों के बीच झारखंड की 18 वर्षीय महिला निशानेबाज राज अदिति ने अपनी प्रतिभा के दम पर पदक तो जीत लिए, लेकिन अब सरकार से आर्थिक मदद नहीं मिल पाने के कारण उनके सामने खेल जारी रखने का संकट पैदा हो गया है। नामदा बस्ती की रहने वाली अदिति के घर की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। अदिति ने दो साल पहले सिक्किम में आयोजित नेशनल रैंकिंग जूनियर चैंपियनशिप में झारखंड को 13 साल बाद कोई पदक दिलाया था।

***नेशनल गेम्स के लिए चयन, लेकिन तैयारी कैसे करूं:*** **अदिति ने कहा,** मैंने व्यक्तिगत तौर पर झारखंड के लिए नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई किया है। मुझे इन खेलों में मेडल लाना है लेकिन खराब आर्थिक स्थिति और सुविधाएं नहीं मिलने के कारण तैयारी कैसे करूं।



**माता-पिता बोले, अब खर्च नहीं कर सकते**

**अदिति** के पिता की अभी तक नौकरी नहीं लगी है। पिछले कुछ सालों में परिवार के ऊपर कर्ज भी काफी बढ़ गया है। अदिति की मां ने कहा, धनुष के अलावा तीर खरीदने के लिए भी हमें कई बार लोन लेना पड़ा। अब हमारी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। हम अदिति को तीर व अन्य साजो-सामान नहीं दिला सकते। हमारी सरकार की ओर आर्थिक सहायता की टकटकी लगाए हुए देख रहे हैं। सरकार यदि थोड़ मदद कर दे, तो अदिति का करियर आगे बढ़ सकता है।

***कोरोना काल में पिता की नौकरी गई:*** अदिति के पिता नौकरी करते थे, जो कोरोनाकाल में चली गई। अदिति ने कहा, कई साल पहले मैंने एक धनुष खरीदा था, जो डेढ़ लाख रुपए का आया था। यह धनुष लॉकडाउन के दौरान टूट गया था। उसी दौरान पिता की नौकरी भी चली गई, फिर भी उन्होंने 1.60 लाख रुपए का लोन लेकर धनुष दिलाया।

**खराब तीर की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा से चूकी**

**अदिति** की मां ने कहा, हरियाणा के सोनीपत में एक प्रतिस्पर्धा के दौरान खराब तीरों के कारण अदिति का एक अंक काट लिया गया था। इस कारण वह अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में क्वालीफाई करने से चूक गई थी। कई बार उसका हौसला टूटता है, पर हम उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं, लेकिन अब हमारी हालत खस्ताहाल हो चुकी है।

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7222...



**बाएं से दाएं...** 1. सावधान रहने के लिए कही जाने वाली बात (4), 4. संदेह होने पर पद से हटाना (4), 7. गीला, आर्द्र (2), 8. भूमि का क्षेत्रफल, अहाता (3), 10. मूल्य, कीमत (2), 11. पंक्ति (3), 13. दयालु, कृपालु (4), 15. खाद्य सामग्री (3), 17. वस्तु, प्राणी आदि का बोध सूचक शब्द (2), 20. पल्लू (3), 22. उत्पादन परिव्यय (3), 24. अंदर (3), 26. गरीब, निर्धन, ईमान (2), 28. लीन, तन्मय (2), 29. खुदा, भगवान (2), 31. प्राप्ति सूचना, पहुंच (3), 32. दर्शन (3), 34. पर्वत, संख्या सूचक शब्द (2), 36. गंदा, मैला (3), 37. संपन्न व मालदार व्यक्ति (3)

**ऊपर से नीचे...** 1. महाराणा प्रताप के घोड़े का नाम (3), 2. पूर्णतः छिन्न-भिन्न (2-2), 3. पानी, जल (2), 4. प्रेम व्यवहार में बनाए रखना, पालन करना (4), 5. देह, शरीर (3), 6. पुरुष (2), 9. हाथ, शुल्क (2), 12. रसीला, रसयुक्त (4), 14. प्रकरण, प्रसंग, घटना, बात (3), 16. शक्ति, प्राण, जान (2), 18. निरन्तर, लगातार (3), 19. गूढ़, गहरा, जटिल (3), 21. दरिया, सरिता (2), 23. गला (4), 25. बदली, परिवर्तन (4), 27. कोमलता, लचीलापन (4), 30. पराजय, फूलों की माला (2), 33. खैरात (2), 35. संकरा रास्ता (2)

**हल 7221**



## SUDOKU 6957...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | 6 | 7 | | | |
| | | | 8 | | 2 | | | |
| | | | | | 3 | | 9 | |
| | | 6 | | | | 5 | | |
| | 2 | | | 5 | 6 | 1 | | 9 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 8 | | | | 9 | | 4 | |
| 4 | | 2 | | | | | | 6 |
| 1 | | | 6 | 2 | | | 7 | |

**हल 6956**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 8 | 1 | 7 | 5 | 9 | 6 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 |
| 5 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 |


**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

## उत्सव: उड़ान भरने को तैयार मिकी माउस व ह्यूगो चीते जैसे गुब्बारे



**चेन्नई.** तमिलनाडु इंटरनेशनल बलून फेस्टिवल 2025 में उड़ान भरने के लिए तैयार हॉट एयर बैलून। फेस्टिवल के 10वें संस्करण में ब्रिटेन, फ्रांस व जापान सहित कई देशों के मिकी माउस से लेकर, ह्यूगो द चीता, वेस द वुल्फ और एली द एलीफेंट जैसे आकार वाले 20 से ज्यादा बलून शामिल है।

## लॉस एंजिल्स: रौनक खत्म, अब बस रह गया है राख का राज



**लॉस एंजिल्स.** पैसिफिक पैलिसेड्स का वह इलाका जहां कभी हॉलिवुड की हस्तियों के घर और शूटिंग स्टूडियो होते थे, वहां शुक्रवार को आग से हुई तबाही के बाद अब राख के अलावा कुछ नहीं बचा है। आग बुझ जाने के बाद खाक हुए मकानों के बीच से साइकिल चलाते हुए दो लोग।

### पत्रिका पोल

**Q** क्या मौजूदा दौर में भारत को अफगानिस्तान के साथ रिश्ते मजबूत करने चाहिए ?

कल का सवाल था

क्या अमरीका के जंगलों में भीषण आग जलवायु परिवर्तन की एक गंभीर चेतावनी है?

जवाब

92% हां 8% नहीं

क्यूआर कोड स्कैन करें...

**हॉस्टल रूम से मिले एडमिट कार्ड और ओएमआर शीट, यूनिवर्सिटी ने कैंसिल की नीट पीजी परीक्षा**

बिहार की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**मिल्कीपुर बना सियासी अखाड़ा, बसपा के वोट बैंक पर सपा-भाजपा की नजर**

उत्तर प्रदेश की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

### इंडिया@ शॉर्ट रीड

**यूपी एएमयू को बम से उड़ाने की धमकी**

**अलीगढ़ @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश की अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर को भेजे गए ई-मेल में कहा गया कि कैंपस में बम लगा दिया गया है। अगर दो लाख रुपए नहीं दिए गए तो धमाका हो जाएगा। पुलिस को कैंपस की तलाशी में कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। हालांकि, धमकी के बाद कैंपस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**पंजाब सीमा पर पाक घुसपैठिए को किया ढेर**

**अमृतसर @ पत्रिका.** बीएसएफ के जवानों ने शुक्रवार तड़के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रामदास सेक्टर के पास एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। वह कोहरे का फायदा उठाकर घुसपैठ का प्रयास कर रहा था। बीएसएफ ने चेतावनी दी, नहीं माना तो उसे गोली मारकर ढेर कर दिया। थाना रामदास की पुलिस ने पाक नागरिक के शव को कब्जे में ले लिया है।

**दिल्ली स्कूलों में बम धमकियां, छात्र गिरफ्तार**

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** दिल्ली के कई स्कूलों में बम की धमकी भेजने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एक 12वीं कक्षा के छात्र को हिरासत में लिया है। छात्र ने लगभग 23 स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल भेजे थे, जो बाद में झूठे साबित हुए। छात्र ने जानबूझकर धमकियां दी थीं ताकि वह अपनी आगामी परीक्षा से बच सके। पुलिस छात्र से पूछताछ कर रही है।

### वर्ल्ड@ शॉर्ट रीड

**ईरान खतरों के खिलाफ बासिज बल की परेड**



**तेहरान@पत्रिका.** ईरानी अर्धसैनिक बासिज महिला बल की सदस्य रैली के दौरान हथियार लिए मार्च करती हुई। इनके चेहरे पर फिलीस्तीनी ध्वज की छवि वाला मास्क लगा हुआ था। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े हजारों लड़ाकों ने शुक्रवार को तेहरान की सड़कों पर भारी हथियारों और वाहनों के साथ 'खतरों के खिलाफ' परेड कर ताकत दिखाई। यह परेड इजरायल के साथ युद्ध में लेबनान में ईरान के सहयोगी हिजबुल्लाह और गाजा पट्टी में हमास के कमजोर पड़ने के बाद हुई है।

**कनाडा 'निज्जर के हत्यारोपियों को बेल नहीं'**

**ओटावा@पत्रिका.** कनाडाई अधिकारियों ने उन मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया जिनमें दावा किया गया था कि ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोपी चार भारतीयों को जमानत देकर रिहा कर दिया गया है। कनाडा के अटॉर्नी जनरल मंत्रालय की वरिष्ठ अधिकारी एन सेमोर ने कहा कि सभी आरोपी अनिवार्य हिरासत आदेशों के तहत हिरासत में हैं। यह आदेश सुनिश्चित करते हैं कि आरोपी मुकदमा शुरू होने तक हिरासत में रहेगा। सेमोर ने बताया कि अदालत ने अगली सुनवाई फरवरी के लिए निर्धारित की है।

## वर्क-लाइफ बैलेंस: ओवरटाइम से हर वर्ष जाती है 20 लाख लोगों की जान

# काम के 90 घंटे! उत्पादकता के साथ सेहत का भी बंटाधार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** लॉर्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन द्वारा सप्ताह में 90 घंटे काम करने के सुझाव के बाद वर्क-लाइफ बैलेंस पर बहस छिड़ी है।

सुब्रमण्यन का यह तर्क भले ही उत्पादकता को लेकर था, लेकिन दुनियाभर की रिसर्च इसकी गवाही नहीं देती। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक काम करने से आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव हो सकते हैं। 2021 में जारी रिपोर्ट के मुताबिक ओवरटाइम के चलते दुनियाभर में हर वर्ष 20 लाख लोगों की जान चली जाती है।

सुब्रमण्यन ने अपने कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करने की सलाह दी थी। उन्होंने कर्मचारियों से यह तक कह दिया कि घर पर बैठकर आप क्या करते हैं? पत्नी को आप कितनी देर तक निहार सकते हैं। ऑफिस जाओ और काम शुरू करो'। उद्योगपति हर्ष गोयनका के बाद देविना मेहरा, राजीव बजाज ने भी सुब्रमण्यन के सुझाव से असहमति जताई, जबकि हैलिओस कैपिटल के समीर अरोड़ा ने समर्थन किया है।

### जीडीपी, वर्किंग आवर और उत्पादकता

| देश | काम के घंटे (वार्षिक) | प्रति व्यक्ति जीडीपी | उत्पादकता |
|---|---|---|---|
| चीन | 2169 | 14,129 | 11.7 |
| भारत | 2123 | 6,711 | 8.7 |
| सिंगापुर | 2330 | 82,336 | 54.6 |
| अमरीका | 1765 | 62,589 | 73.7 |
| द. कोरिया | 1980 | 42,219 | 40.8 |
| हंगरी | 1381 | 54,027 | 34.8 |

(जीडीपी-डॉलर में, उत्पादकता-डॉलर प्रति घंटा*2019)



**कर्मचारियों की तुलना में 534 गुना वेतन...**

सुब्रमण्यन के खुद रविवार को भी काम करने की बात पर यूजर्स ने उस रिपोर्ट का जिक्र किया, जिसके मुताबिक उन्हें 2023-24 में करीब 51 करोड़ रुपए का वेतन मिला। उनका वेतन उनके कर्मचारियों के औसत पैकेज की तुलना में 535 गुना ज्यादा है।

### काम के घंटे बनाम उत्पादकता

**सुब्रमण्यन** ने काम के घंटों का अंतर बताते हुए हुए चीन और अमरीका की आर्थिक प्रगति की तुलना भी की। यहां जानते हैं क्या काम के घंटे बढ़ाने से उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है। इसमें देख सकते हैं चीन में 2169 वार्षिक काम के घंटे होने के बावजूद उत्पादकता 11.7 डॉलर प्रति घंटा है, जबकि हंगरी में 1381 काम के घंटों में ही उत्पादकता 34.8 डॉलर प्रति घंटा है।

### रिसर्च क्या कहते हैं

**स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी**

***कम उत्पादकता...*** 49 घंटे से ज्यादा काम करने से उत्पादकता घटती है। यहां तक कि जो सप्ताह में 70 घंटे काम करते हैं, वे भी 55 घंटे काम करने वालों जितनी ही उत्पादकता दे पाते हैं।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन**

***हृदय रोग की आशंका***

2000-2016 के बीच हुए अध्ययन में सामने आया, सप्ताह में 55 घंटे या उससे ज्यादा काम करने वालों में हृदय रोग की 42% तथा स्ट्रोक की 19 % आशंका अधिक रहती है।

**नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ**

***चोट का जोखिम 61% ज्यादा***

ओवर टाइम वाली नौकरियों में कर्मचारियों/श्रमिकों को चोट लगने का जोखिम 61%ज्यादा था। ऐसे कर्मचारियों की उत्पादकता और काम की संतुष्टि भी कम थी।

## समापन समारोह

### मुर्मु ने प्रदान किए 27 'प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार'

**भुवनेश्वर @ पत्रिका.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को ओडिशा की राजधानी के जनता मैदान में तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस के समापन सत्र में शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 27 प्रवासी भारतीयों और संगठनों को 'प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार' (पीबीएसए) से सम्मानित किया। पुरस्कार विजेताओं में ब्रिटेन की बैरोनेस उषा कुमारी पराशर (राजनीति), अमरीका की डॉ. शर्मिला फोर्ड (सामुदायिक सेवा) और सऊदी अरब के डॉ. सैयद अनवर खुर्शीद (चिकित्सा विज्ञान) शामिल हैं। इस अवसर पर प्रवासियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारतीय प्रवासी हमारे देश की पहचान हैं।

## बैकुंठ एकादशी: वेंकटेश्वर मंदिर में फल-फूलों से हुई सजावट



**तिरुपति@ पत्रिका.** बैकुंठ एकादशी के अवसर पर तिरुपति में वेंकटेश्वर मंदिर में भक्तों की ओर से ताजा फल-फूलों से की गई रंग-बिरंगी सजावट। मंदिर के विशाल गोपुरम सहित पूरे तिरुमाला को जगमग किया गया।

### ट्रेंडिंग न्यूज

**हांगकांग में लोकतंत्र का समर्थन, गिरफ्तार**

**चीन** ने प्रसिद्ध संगीतकार और कलाकार फेई शियाओशेंग को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने हांगकांग लोकतंत्र आंदोलन के लिए समर्थन व्यक्त किया था। 55 शियाओशेंग को बेइलिन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।



**मस्क नहीं सोरोस लोकतंत्र के लिए खतरा**

**इटली** की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार को कहा कि विदेशी मुद्दों पर एलन मस्क की टिप्पणी से लोकतंत्र को कोई खतरा नहीं है, बल्कि यह तो अमरीकी व्यवसायी जॉर्ज सोरोस ही हैं जो दूसरे देशों के मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं।



## अमरीका: नोरा फतेही को निकाला, डर में प्रियंका

# 'बॉलीवुड' तक महसूस हुई हॉलीवुड के जंगल की आग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लॉस एंजिल्स.** अमरीका के लॉस एंजिल्स में जंगल की आग 100 घंटे हो जाने के बाद भी फैलती हुई अब हॉलीवुड हिल्स में दस्तक दे चुकी है, जिसकी आंच अब बॉलीवुड तक भी पहुंच रही है।

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही भी लॉस एंजिल्स के होटल में फंस गई थीं और उन्हें रेस्क्यू करके निकाला गया। वहीं इससे पहले प्रियंका चोपड़ा ने भी अपने घर से दिख रही आग की तस्वीरें शेयर कर चिंता जताई थी। हालात बिगड़ते देख अब हॉलीवुड हिल्स से भी लोगों को निकाला जा रहा है। अमरीका के दूसरे सबसे बड़े शहर में अब तक की इस सबसे भीषण आग से अब तक 10 लोगों की मौत हो गई है और 10000 से ज्यादा आलीशान भवन खाक हो गए हैं।

**4 लाख से ज्यादा लोग निकाले गए**

**अब** तक 4 लाख से ज्यादा लोगों को अपने भवन-प्रतिष्ठान खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाने का कहा जा चुका है। इन भवनों में कई बंगले हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों के भी हैं। अब तक करीब 20000 एकड़ से ज्यादा इलाका खाली करा लिया गया है। आग ने जिस तरह से अमरीका के सबसे बड़े प्रांत स्थित हॉलीवुड के गढ़ माने जाने वाले शहर लॉस एंजिल्स को कब्जे में लिया, उससे सवाल उठ रहा है कि कैलिफोर्निया में आगजनी की इस बढ़ती घटनाओं का क्या कारण है।

## बलूचिस्तान: सुरक्षा बलों को बनाया गया बंधक

# पाक में बागियों का तहसील पर कब्जा, 9 करोड़ लूटे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान से आजादी मांग रहे बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के हथियारबंद बागियों ने बुधवार देर रात एक खुफिया अभियान के तहत बलूचिस्तान के खुजदार जिले की जेहरी तहसील के मुख्य बाजार पर हमला करके यहां के लेवी पुलिस थाना, बैंक और नगर निगम समिति के दफ्तरों समेत कई सरकारी इमारतों पर हमला कर दिया और 10 घंटे से ज्यादा समय तक कब्जा बनाए रखा। इसके बाद अधिकांश सरकारी कार्यालयों को आग के हवाले कर दिया।

इस दौरान पाक सुरक्षा बलों से 20 से ज्यादा क्लाशिनिकोव बंदूकों समेत बड़ी मात्रा में हथियार और 9 करोड़ रुपए लूट लिए गए। करीब 10 घंटे बाद बीएलए के सभी बागी सुरक्षित लौट गए। इस दौरान मदद को भेजे गए पाक सेना काफिले पर भी बीएलए ने हमला किया जिसमें 4 पाक सैनिक मारे गए।

**चीनियों को ग्वादर में नहीं चाहता है यूएस**

**बीएलए** के इस बड़े पैमाने पर किए गए हमले के पीछे अमरीका का हाथ माना जा रहा है। माना जा रहा है कि बाहरी ताकतों के समर्थन के बिना बलूचिस्तान के बागी इतनी बड़ी कार्रवाई को सफलता से अंजाम नहीं दे सकते थे। दावा है कि अमरीका को ब्लूचिस्तान के ग्वादर में चीनियों की उपस्थिति रास नहीं आ रही और वह बलूचिस्तान बागियों को हथियारों की आपूर्ति कर रहा है।

### पत्रिका एक्सप्लेन

# भारत से वीजा क्यों मांग रही तालिबान सरकार?

*तालिबान सरकार ने अफगान व्यापारियों, छात्रों और रोगियों के लिए वीजा फिर से शुरू करने का औपचारिक अनुरोध किया है। यह अपील दुबई में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान की गई। भारत के लिए अफगानियों को वीजा जारी करना चुनौती क्यों है...।*

**पाक से बिगड़े संबंध भी एक वजह?**

**अफगानिस्तान** में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तनाव में है और पड़ोसी पाकिस्तान के साथ संबंध सैन्य टकराव तक बिगड़ चुके हैं। लोग चिकित्सा व व्यापार के अवसरों के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। अफगानिस्तान की ओर से हालिया बैठक के बाद कहा गया कि दोनों पक्ष व्यापार व वीजा प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने पर सहमत हुए हैं। हालांकि, भारत के बयान में अफगानिस्तान की विकासात्मक जरूरतों का समर्थन करने पर प्रकाश डाला गया, जिसमें वीजा का कोई सीधा उल्लेख नहीं है।

**वीजा देने में क्या है हमारी चुनौतियां?**

पहली तो यही है कि भारत अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को औपचारिक रूप से कोई मान्यता नहीं देता है। दूसरा, वीजा चाहने वालों से जुड़े संभावित सुरक्षा जोखिमों हैं। तीसरा, काबुल में भारतीय दूतावास के पास वीजा सेवा या कार्यात्मक वाणिज्य दूतावास नहीं है। हालांकि, तालिबान ने भारत को आश्वासन दिया है कि वे सुरक्षा जोखिम रोकने के लिए वीजा आवेदकों की सावधानीपूर्वक जांच करेंगे।

**भारत की कूटनीतिक दुविधा क्या है?**

भारत को वाणिज्य दूतावासों को फिर खोलना होगा, काबुल दूतावास में कर्मचारियों की संख्या बढ़ानी होगी। यह वैश्विक राजनीति में तालिबान सरकार के साथ अच्छे संबंधों का संकेत देने वाला निर्णय माना जाएगा। अभी काबुल में एक छोटी तकनीकी टीम है, जो मानवीय सहायता व सीमित जुड़ाव पर केंद्रित है। निर्णय में कूटनीति और सुरक्षा दोनों को शामिल करना होगा।

*-प्रस्तुति:* ***अमित पुरोहित***

## प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ | 363 करोड़ का दान, 11 करोड़ पर्यटक

# एक साल में बदली अयोध्या, आ गया 'राम राज'

पत्रिका
अमन पांडेय
patrika.com

**अयोध्या.** रामलला के अपने जन्मधाम में विराजने की शुक्रवार (पौष शुक्ल द्वादशी) को पहली वर्षगांठ है। एक साल में रामलला की नगरी में विकास की गतिविधियों और पर्यटक व श्रद्धालुओं की आवक में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। विकास के कारण मिली सुविधाओं, जमीनों के दाम बढ़ने और कारोबार में इजाफे से अयोध्यावासियों की खुशी छिपाए नहीं छिपतीं। व्यापारी प्रदीप पांडेय कहते हैं कि राम मंदिर निर्माण के बाद यहां का जो कायापलट हुआ है वह राम राज नहीं तो और क्या है?



***पर्यटन में वृद्धि...***

राम मंदिर उद्घाटन के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। छह महीनों में लगभग 11 करोड़ श्रद्धालु अयोध्या आए। होटल व अन्य कारोबार में इजाफा।

एक साल में करीब 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने रामलला को शीश नवाया। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या के रियल एस्टेट बाजार में संपत्ति की कीमतों में 10 गुना तक की वृद्धि हुई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि एक साल में 363 करोड़ रुपए से ज्यादा दान में मिल चुके हैं। 20 किलोग्राम सोना और 13 क्विंटल चांदी भी भक्तों ने आराध्य को समर्पित किया है।

**कभी बूटों की आवाज गूंजती थी...**

अयोध्या वर्षों तक कठिनाइयों से जूझती रही। त्योहारों और पर्वों के दौरान सुरक्षाकर्मियों की बूटों की आवाजें गूंजती थीं। लेकिन अब अयोध्या के दिन बदल गए हैं। **-मनोज मिश्रा,** स्थानीय युवक

यह वही अयोध्या है, जहां लोग आने से बचते थे, लेकिन अब पूरी दुनिया अयोध्या आने के लिए उत्सुक है। अयोध्या के विकास के केंद्र में सिर्फ और सिर्फ राम मंदिर है। **-नरेंद्र वर्मा,** अयोध्यावासी

## महाकुंभ | एफएम चैनल भी शुरू

# गरीबों को 9 रुपए में मिलेगा 'मां की रसोई' से भोजन

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**प्रयागराज.** महाकुंभनगर में पहुंचने वाले लोगों की हर सुख सुविधाओं का ख्याल रखने के लिए समाजसेवी संस्थाएं आगे आ रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 'मां की रसोई' का उद्घाटन किया। यहां गरीबों को 9 रुपए में भरपेट भोजन मिलेगा। नंदी सेवा संस्थान की ओर से 'मां की रसोई' स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में संचालित होगी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने महाकुंभ में आकाशवाणी के एफएम चैनल कुंभवाणी का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जो लोग महाकुंभ तक नहीं पहुंच पाते उन तक कुंभवाणी पहुंचेगा। ओटीटी बेस्ट यह चैनल 103.5 मेगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी पर सुना जा सकेगा।



'स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII, सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।